मेरे प्यारेम !बालिका ने उस समय कहा भगवन !ऋषिवर !ें यह जानना चाहती हूँ कि आपके हृदय में जो यह महान यज्ञ हो रहा है। उसमें यज्ञमान का क्या कार्य है? होता जनों का क्या कार्य है। ब्रह्मा की कैसी प्रतिष्ठा? और अध्वर्यु इत्यादि कैसे होने चाहिए? मुनिवरों मैं यह नहीं जान पाया !उस समय यह कहा गया कि है हे बालिका ! कि तुम इन वाक्यों को क्यों जानना चाहती हो? तब उन्होंने कहा कि भगवन मेरे ! हृदय में यह आकांक्षा है कि मैं प्रत्येक वस्तु की ज्ञाता बनना चाहती हूँ। क्योंकि प्रत्येक वस्तु को जानने के लिए मैं तत्पर रहना चाहती हूँ। उस समय बालिका के प्रश्नों का उत्तर देना कर्त्तव्य था। शास्त्रीय विधान और वैदिक पद्धित के सम्बन्ध में मैं अपने विचार व्यक्त करने लगा। और यह कहा गया कि हे बालिका सबसे पहले यज्ञमान ! होता है। उस को किस प्रकार रहना चाहिए। उसको किस प्रकार का अपने जीवन में अभद्र विनोद भी नहीं करना चाहिए। यदि अभद्र विनोद उसके समीप आ जाएगा तो उसकी प्रवृत्तियों में अन्तर्द्वन्द्व आ जाएगा। मानो इसी प्रकार अहः सपत्नीक जब वह विराजमान होता है, जब यज्ञ का जितना कार्यक्रम प्रारम्भ होता रहता है और जब तक उसकी पूर्णता नहीं होती तब तक परमात्मा का ही चिन्तन किया जाता है। उस सम्बन्ध में और कोई विषय नहीं होता। यदि और कोई विषय को लिया जाता है तो हमारे यहाँ शास्त्रीय पद्धति यह कहती है कि ऐसे यज्ञमान को यज्ञशाला से दूर कर देना चाहिए।

क्योंकि वह उसके योग्य नहीं होता। योग्य अयोग्य को तो बहुत ही सुन्दर विवेचन हमारे यहाँ धर्म शास्त्रों में वैदिक पद्धतियों में प्रायः आता रहता है। किसी प्रकार की द्वेष की यदि मात्रा आ जाती है तो वह जो यज्ञ के परमाणु हैं जो यज्ञवेदी में स्वाहा दिए जाते हैं वह उस यज्ञमान के सुकृत का हनन कर लेते हैं। इसी प्रकार इन वाक्यों के ऊपर विचार विनिमय होना चाहिए। क्योंकि सुकृत का विचार विनिमय करना है मानो देखो, यज्ञशाला में प्रतिष्ठित रहता है। और संसार का विषय यदि उसके समीप होता है तो उसको भी बहुत गम्भीरता से और मानवीय पद्धति के आधार पर विचार विनिमय करना चाहिए। ऐसा हमारे यहाँ शास्त्रीय पद्धति कहती है। पति और पत्नी को भी यज्ञमान सपत्नी को भी अपने किसी प्रकार का विनोद विशेषतः अभद्रपूर्ण विनोद नहीं करना चाहिए। क्योंकि यज्ञ के परमाणुओं में उसके सुकृत का हनन होता रहता हैं यह हमारे यहाँ वैदिक पद्धति परम्परा के स्पष्ट करती आई है। तो मेरे प्यारे आज मैं इस !ऋषिवर ! सम्बन्ध में अधिक विचार देना नहीं चाहता हूँ।

ब्रह्मा कैसा होना चाहिए? ब्रह्मा की जो पद्धति है परन्तु ब्रह्मः गताम् ब्रह्मे जो बेटा ! अमृतम् ब्रह्मे जो वेद को अमृत जान करके पान करता है अमृत उसको स्वीकार करता है। मानो देखो, अशुद्धियों से दूरी रहता है। उसके नेत्रों में मन कर्म, वचन में यथार्थवाद होता है। वह जो महापुरुष होता है उसको यज्ञशाला मे प्रविष्ट किया जाए। यज्ञशाला में आदर के सहित स्वागत किया जाए। यह यज्ञमान का कार्य है कि वह उस ब्राह्मण को, उस महान् बुद्धिमान को आसन दे। आसन देकर के उसका पूजन करे।

इसके पश्चात् अध्वर्यु होता है। अध्वर्यु इतना प्रबल होना चाहिए, देखो, श्रम करने वाला है, एक सुन्दर प्रतिभा उसके समीप होनी चाहिए। और उसके संरक्षण में सुन्दर सामग्री तथा साधन होने चाहिए कि जिससे वह अच्छी प्रकार अपना कर्त्तव्य कर सके।

इसी प्रकार देखो, उद्गाता उद्गान गाने वाला हो। कैसा उद्गम् उसका विचार हो कि उद्गमता से वह संसार मं मानवत्व की प्रतिष्ठा में सदैव तत्पर रहे। यज्ञ की पद्धति का सम्बन्ध मैंने प्रकट किया।

मेरी बालिका ने कहा कि प्रभु इन वाक्यों से मेरी संतुष्टि नहीं हुई है। मैं तो अपनी

संतुष्टि चाहती हूँ। उन्होंने कहा क्या संतुष्टि चाहती हो? कि यज्ञमान क्या होता है? तब कहा गया यज्ञानि भूषणाम् ब्रह्म याजक उसे कहते हैं। जो हव्य होता है। हव्य उसे कहते हैं जो हवि देने वाला होता है। वह किसकी हवि देता है? अपने दुर्गुणों की हवि देता रहता है। जो यज्ञमान दुर्गुणों की हवि देता है उसे याजक क (होता)हते हैं। यज्ञ का अभिप्राय है कि याज्ञम् ब्रह्म जो मानो देखो, दूषितों से सदैव जागरूक रहता है। यज्ञ का दूसरा रूपान्तर है कि मानो यज्ञमान को जागरूक रहना चाहिए। जागरूक किससे रहना चाहिए? नाना प्रकार की जो आपत्तियां आती है, नाना प्रकार के जो पाप कृत्य आते हैं उनसे उसे वियोग रखना है, यही जागरूक रहना है जागरुक का अभिप्राय यह नहीं है कि आज हम निद्रा में तल्लीन न हों। निद्रा से तो आत्मा अपना भोजन लेता है, मन अपना भोजन लेता है। निद्रावस्था को निद्रा नहीं कहते। निद्रा उसे कहते हैं जो मानो अपने विषयों से वियोग नहीं रखता अर्थात् विषय वासनाओं की नींद में डूबा) जागरुक नहीं रहता। वह मानव संसार में न होने के तुल्य कहलाया गया (रहता है। आज तुम मेरे से क्या प्रश्न कर रही हो !हे मेरे पुत्रवत !ऋषिवर !है। तो मेरे प्यारे? यज्ञ उसी का होता है जो याजिक होता है। अभिप्राय यह है कि जो अपने शरीर का यज्ञ करता रहता है। दूषितपन उसके द्वारा नहीं, आना चाहिए। क्योंकि यदि दूषितपन आ गया तो वह मानो यज्ञ नहीं कहलाता। याजिक वही पुरुष होता है जिसकी ब्रह्म में प्रतिष्ठा होती है। ब्रह्म में जिसकी विचार धारा होती है। ब्रह्म में जिसका अन्तरात्मा प्रतिष्ठित हो जाता है, उसको संसार में याज्ञिक कहते है। तो मेरे प्यारे हमारे !ऋषिवर ! आचार्यों ने बड़े सुन्दर सुन्दर विचार व्यक्त करते हुए ऐसा कहा है?

मेरी पुत्री ने कहा कि भगवान मेरी अब तक संतुष्टि नहीं हुई है। तब उसका उत्तर देते ! हुए कहा हे बालिका तुम्हारीसन्तुष्टि क्यों नहीं हुई? उन्होंने कहा, भगवन् ः यज्ञमान ! कौन होता है? तब मुनिवरो, देखो, उत्तर देते हुए कहा कि दार्शनिक आचार्यों ने कहा है कि यज्ञमान उसे कहते हैं जो यज्ञमान प्रवे कृतानि जो यज्ञ का मान करता है। यज्ञ का मान कौन करता है? जो अपनी अन्तरात्मा का मान करता है। और अपनी अन्तरात्मा अनुकूल जो कार्य नहीं करता वह यज्ञ का अभिमान किसी काल में कर ही नहीं सकता।

तो मेरे प्यारे मेरी बालिका आनन्द मुग्ध होकर के बोली कि प्रभु यह वाक्य !ऋषिवर ! वास्तव में मेरी अन्तरात्मा के अनुकूल आया है कि वही यज्ञमान होता है जो यज्ञ का मान करता है। यज्ञ का कौन मान करता है? जो अपनी अन्तरात्मा का मान करता है। अन्तरात्मा का कौन मान करता है? जो निष्ठावादी होता है, जिसके द्वारा निष्ठा होती है। निष्ठावादी कौन होता है? जो भयभीत होता है और जो ब्रह्म से भयभीत होता है उसकी ब्रह्म में प्रवृत्ति होती है। मेरे पुत्रवत। मानो देखो, हमारे यहाँ ब्रह्म में प्रवृत्ति होना ही तो याज्ञिक कहलाया गया है। बेटा तुम्हें स्मरण होगा। जब महाराजा ऋतु के यहाँ यज्ञ ! हुआ था। उस समय यज्ञमान से यही कहा गया था, राजा ने यही कहा था कि मेरी जो प्रतिष्ठा है वह जनता जनार्दन में है और जनता जनार्दन जो है वह ब्रह्म में प्रतिष्ठित हो रही है।

मेरी पुत्री ने कहा भगवन मेरी अब तक संतुष्टि नहीं हुई कि यज्ञमान किसे कहते हैं। ! यज्ञमान उसे कहते हैं यज्ञमाना सप्तनम ब्रह्म जो मानव देखो, योनि का मान करता है। योनि किसे कहते हैं, योनि कहते हैं यज्ञवेदी को जो अग्नि की योनि होती है। अग्नि की योनि क्या है? यज्ञमान का हृदय कहलाया गया है। यज्ञमान का हृदय ज्ञानरूपी अग्नि से परिपक्व रहता है। ज्ञान में ही ब्रह्म है। ब्रह्म की जो प्रतिष्ठा है वह यज्ञमान के हृदय में प्रदीप रहती है। इसीलिए देखो, उसको यज्ञमान कहा जाता है।

मेरे प्यारे अब तक मेरी संतुष्टि !मेरी सात वर्षीय बालिका ने कहा कि भगवन !ऋषिवर ! नहीं हुई कि यज्ञमान किसे कहा जाता है। मुनिवरो, देखो, मेरा नत मस्तक हो गया। मैंने कहा हे बालिका तू अति प्रश्न न कर अन्यथा तेरा मस्तक नीचे गिर जाएगा। ! उन्होंने कहा भगवन मेरे प्रश्नों का यदि आप उत्तर नहीं दे सकते तो आप मौन हो ! जाइये क्योंकि आप इसके उत्तर देने के अधिकारी नहीं रहे। मुनिवरो, देखो, ये कटु शब्द थे। परन्तु दार्शनिक सिद्धान्त से परिचित्त होने के कारण शब्द सहन नहीं हो सके। तब कहा गया कि यज्ञमान उसे कहते हैं जो जन्मःब्रह्मा जो से द्वेष नहीं करता। क्योंकि द्वेष अन्तरात्मा से उत्पन्न होता है। अन्तरात्मा को जो द्वेष होता है उसमें क्रोध की मात्रा होती है। दुर्गुणों को यदि कोई मानव यह कहता है कि मैं दुर्गुणों को अपनाना चाहता

हूँ तो हे पुत्रीसंसार में उसक !ा जीवन नष्ट हो जाना चाहिए। क्योंकि उसको अपने जीवन को सदैव धिकारना चाहिए।

मेरे प्यारे महानन्द जी मुझे प्रेरणा दे रहे हैं परन्तु इनकी प्रेरणा के आधार पर मुझे ! आज यज्ञ की पद्धति के सम्बन्ध में, यज्ञमान के सम्बन्ध में, मुझे स्मरण आ रहा है। महाराजा दशरथ के यहाँ बेटा एक यज्ञमान के सम्बन्ध में एक माह तक इस पर ! विवेचना चलती रही। इस पर वार्त्तालाप चलता रहा, ज्ञान पूर्वक याग की वार्त्ता प्रारम्भ होती रही। उन्होंने कहा कि संसार में वह यज्ञमान होता है जो संसार में निर्भय रहता है। और निर्भय कौन होता है? निर्भय वह होता है जिसे अपनी अन्तरात्मा से भय नहीं होता। जो मानव परमात्मा से भी भय उसी प्राणी को होता है जो अपराधी होता है। परन्तु जो परमात्मा का नियम और सिद्धान्त है उसके अनुकूल जो यज्ञमान अपना कर्तव्य करता रहता है। उसे परमात्मा का भय नहीं। परमात्मा उसे अपनी लोरियों में धारण कर ही लेता है।

तो मेरे प्यारेआज का हमारा यह वाक्य क्या कह रहा है !ऋषिवर !? हम अपने जीवन में वास्तव में ऐसी महत्ता को अपनाना चाहते हैं, जिस महत्ता को लेकर के बेटा ! देखो !हमारी ब्रह्म में प्रतिष्ठा होती चली जाए। मेरी बालिका ने कहा कि भगवन, ब्रह्मा किसे कहा जाता है? तब मुनिवरोंकहा गया कि ब्रह्मा !, ब्रह्म के जानने वाले को कहा जाता है। जिसकी ब्रह्म में निष्ठा हो जाती है उसे ब्रह्मा कहा जाता है। वह ब्रह्म में परणित हो जाती है, उसका जो जीवन है वह ब्रह्म के ध्यान में परणित हो जाता है। तब पुत्री ने कहा हे भगवनब्रह्मा किसे कहा जाता है !? तब कहा गया कि ब्रह्म उसे कहते हैं देखो, जिस ब्राह्मण का एक एक श्वांस देखा ब्रह्म से दूर न हो। उसको ब्रह्मा कहते हैं। उन्होंने तब प्रश्न किया। कि ब्रह्मा उसे कहते हैं जो यज्ञशाला में प्रतिष्ठित होता है। यज्ञशाला उसे कहते हैं जहाँ निर्माण होता हो विचारों का चुनाव होता हो जहाँ अपनी प्रवृत्तियों का चुनाव होता हो। जहाँ विज्ञान का चुनाव होता हो। शाला का अभिप्राय यह कि जहाँ अपने आभूषण को अपनाया जाता है। अपने अपने आभूषणों को अपनाने के पश्चात उसकी प्रवृत्तियों में महत्ता का दिग्दर्शन होता रहता है। इसे ब्रह्मचर्य व्रत को धारण

करने वाला पुरुष कहते है क्योंकि इसकी ब्रह्म में निष्ठा हो जाती है। वही तो ब्रह्मा कहलाया गया है।

तब पुत्री ने कहा कि प्रभु, इससे भी मेरी संतुष्टि नहीं हुई कि ब्रह्मा किसे कहते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा उसे कहते हैं जो राजा का भी पुरोहित होता है, राजाओं का भी अधिराज होता है यज्ञशाला में प्रविष्ट हो करके वह कर्म काण्ड में परणित होता है। विधान का निर्माण जानता है। इसी प्रकार देखो, जो ईश्वरीय पद्धति है, वैदिक पद्धति है वैदिक विचार को लाने वाले को ब्रह्म कहा जाता है। मुनिवरोंदेखो !, इसके पश्चात् आगे चलकर के यह कहा गया कि जिसका ब्रह्म में, जिसकी निष्ठा आत्मा परमात्मा में अन्तरात्मा संलग्न हो जाती है दोनों का मिलान हो जाता है वह ब्रह्म में समाधिस्थ हो जाता है। जनता में जनार्दन में समाधिस्थ हो जाता है। दोनों प्रकार की समाधि को जो जानता है, विचारों में व्यापक वाद आ जाता है। सामूहिक वाद आ जाता है और मुनिवरोंदेखो !, सबके उदय के विचार उसके समीप आने लगते हैं क्या पशु है, क्या पक्षी है, क्या मृग सज है, क्या मानव है प्राणी मात्र के प्रति उसके उज्ज्वल और महान् विचार व्यक्त होते रहते हैं। उसी को मुनिवरो, देखो, ब्रह्मा कहा गया है। वह ब्रह्मवत् को प्राप्त होता हुआ ब्रह्म की सृष्टि में मुनिवरों वह किसी काल में भी पाप कर्म नहीं कर ! पाता।

मेरे प्यारे आज का हमारा यह वाक्य क्या कह रहा है कि हमें परमपिता !ऋषिवर ! परमात्मा की उपासना करनी चाहिए। परमात्मा के प्रति हमारी इतनी निष्ठा होनी चाहिए। कि हमारा जीवन वास्तव में सुन्दर बने और मानवीय विचारधारा को अपनाते हुए हम संसार सागर से पार होते चले जाएं। मेरे प्यारे महानन्द जी यह कहा करते ! हैं कि हम संसार से ऊँचा बनना चाहते हैं परन्तु संसार से ऊँचाबनने के लिए मानव को वास्तव में कितना सौन्दर्य अपनाना है जिससे उसका जीवन एक महान् और पवित्रता को प्राप्त होता रहे। मेरे प्यारेआज का वेद का विचार क्या कह रहा था !ऋषिवर !? मैं अपने वाक्यों को उच्चारण करता हुआ दूर चला गया। वाक्य यह चल रहा था कि मानव सूक्ष्म शरीर के द्वारा क्या क्या कार्य कर लेता है। सूक्ष्म शरीर जब मानव का हो जाता

है तो बेटा इतनी !वह जो पञ्चतन्मात्राएं होती है प्रकृति की उन पञ्चतन्मात्राओं में बेटा ! संकल्प शक्ति का प्रवाह हो जाता है उसके इतने प्रवाह का सञ्चार हो जाता है कि वह अपने जो स्थूल परमाणु हैं उनको ग्रहण करने लगता है। और उसी स्थूलता को प्राप्त होने लगता है। परन्तु इसको त्यागने में और उसको धारण करने में कुछ क्षण का समय ही लगता है। और क्षण समय में उसको त्यागने की क्षमता उसमें आ जाती है। परन्तु यह आता कैसे है? जब तक उसका स्वयं का अनुसन्धान नहीं होगा, स्वयं का विचार नहीं होगा।

मेरे प्यारे ऐसा मैं कैसे बन !मेरी बालिका यह कहा करती थी कि भगवन !ऋषिवर ! सकती हूँ। इसका भी तो कोई मार्ग दीजिए, कि मैं इन वाक्यों को अनुभव कर सकूं। तो मुनिवरोंदेखो !, इसमें मैंने कई प्रकार की औषधियों का चुनाव किया है जिसमें सेलाघृत होता है स्मामिनी नाम की एक औषधि होती है सोमकेतु होता है और सेलखण्डा होता है, मामकित नाम की एक औषधि होती है। इन सब औषधियों का मानो सोमरस बनाया जाता है। उस सोमरस को बारह वर्ष तक पान करना चाहिए। उसी का आसन, उसी की कुशा होनी चाहिए। उसकी के आसन पर विचार विनिमय करना चाहिए। विश्राम करना भी उसी पर चाहिए और ओ३म् का चिन्तन करते हुए उस सोमरस को पान करने से मानव की जो बाह्य प्रवृत्ति होती हैं वह प्रवृत्ति शान्त हो जाती हैं। चंचलत्व उसके द्वारा नहीं आता। उसका जो अन्तरात्मा है, उसके मन की जो प्रतिभा है मन से जो विभाजनवाद की प्रक्रिया है। वह प्रायः चलती तो रहती है। परन्तु वह ध्यान में और हृदय में प्रतिष्ठा होने के लिए मुनिवरों मानव को सुगमता हो जाती है। वह सुगमता ! में जब परिणाम हो जाता है तो इंगला, पिंगला और सुषुमना जो तीन प्रकार की नाड़ियां हैं जो मुनिवरो, देखो, मूलाधार से चलती हैं, मूलाधार से देखो, नाभि चक्र को होती हुई हृदय चक्र के स्थान पर आती हुई कण्ठचक्र से घ्राण, जिसको त्रिवेणी कहा गया है नतमस्तक होता हुआ ब्रह्मरन्ध्र, में तीनों का मिलान हो जाता है। जहाँ मिलान होता है वहां मन की प्रवृत्ति उस मिलान के साथ साथ चलती रहती है। प्राण की प्रक्रिया ब्रह्मरन्ध्र में आती है ब्रह्मरन्ध्र में आ जाने के पश्चात् उस अन्तरात्मा की जो प्रबल गति

है। आत्मा का जो अप्रत है, मुनिवरोंदेखो !, वह जो हमारे ब्रह्मरन्ध्र में, दस सहस्र के लगभग ऐसी वाहक सूक्ष्म नाड़ियां हैं जिनका मुनिवरों लोक लोकान्तरों से सम्बन्ध ! होता है। वे सब जितनी नाड़ियां होती हैं उन सबकी प्रतिभा में साथ साथ एक अक्रात करने वाला नतमस्तक हो करके लघुमस्तक में चला जाता है। एक मस्तिष्क होता है, एक लघु मस्तिष्क में चला जाता है। एक मस्तिष्क होता है, एक लघु मस्तिष्क होता है, एक ब्रह्मरन्ध्र होता है एक महा ब्रह्मरन्ध्र होता है, एक त्रिकाठ होता है। त्रिकाठ उसे कहते हैं जहाँ देखो, सब नाड़ियां मुखाबिन्दु के ऊपर हो करके लोक लोकान्तरों से जिसका सम्बन्ध होता है। मानो देखो, वह जो योगी होता है वह लोक लोकान्तरों में बेटाअपनी प्रवृत्तिय !ों में अनायास भ्रमण करने लगता है।

मेरे प्यारेआज का हमारा वैदिक विचार क्या कह रहा है !ऋषिवर !? वेद का विचार यह कह रहा है कि इस सिद्धांत और विचारधारा में अन्तर्द्वन्द्व आ जाता है। परन्तु यह हमारा यौगिक सिद्धान्त कहता है। योग की प्रतिभा में जब हम अनुभव करने लगते हैं उसी समय तो इसका ज्ञान होगा परन्तु मैं यह वाक्य प्रकट करने जा रहा था कि योगीजन जैसे भौतिक विज्ञानवेत्ता, परमाणु, महापरमाणु, त्रसरेणु महात्रसरेणु आज इसी प्रकार प्रकार के परमाणुओं में अवगत होने लगते हैं। उन परमाणुओं में नाना 24 अवान्तर और अनेक प्रकार की गति होने लगती है। इसी प्रकार महान योगी के द्वारा इतनी सूक्ष्म प्रवृत्ति प्रत्यक्ष होने लगती है। वह मानव स्थूल शरीर को और सूक्ष्म और कारण की तीनों की प्रवृत्तियों में पहुंच जाने के पश्चात लगभग उसके जीवन में एक महत्ता का दिग्दर्शन होने लगता है। उसके पश्चात वह जो महापुरुष है जब उसके ब्रह्मरन्ध्र से आत्मा बाह्य प्रवृत्ति में लाने का प्रयास किया जाता है। उस समय बेटादेखो !, यह जो वट वृक्ष है मानो पीपल वृक्ष है और सोमप्रात नाम का वृक्ष है कृकीत नाम का वृक्ष है इन तीनों वृक्षों का पञ्चांग बना करके इनका एक सोमरस बनाया जाता है। सबसे प्रथम पञ्चांग बनाना चाहिए उसके पश्चात सोमरस बनाया जाता है जिसमें सेलखण्डा ब्रह्मरन्ध्री प्राणाकृति अनुवात नाम की औषधियों का उनमें मेल होता है। रसस्वादन किया जाता है। उसका सोमरस पान किया जाता है। जिससे मानव को प्राणशक्ति में गति

देना उन औषधियों के द्वारा ही सकता है। तो मेरे प्यारे आज मैं केवल इस !ऋषिवर ! विज्ञान को या मैं यौगिक विज्ञान के सम्बन्ध में अधिक वाक्य प्रकट करने वाला नहीं हूँ। क्योंकि मेरी बालिका तो नाना प्रकार के प्रश्न करती रहती थी। उसका उत्तर देने का किसी किसी काल में सौभाग्यप्राप्त होता रहता था।

आज का यह वाक्य अब हमारा समाप्त होने जा रहा है, आज के इन वाक्यों का अभिप्राय क्या है? हम परम पिता परमात्मा की महिमा को जानते हुए हम अपनी महत्ती प्रतिष्ठा से विचलित न हों प्रतिष्ठा को ऊँचा बनाते हुए महत्ता में अपने मानव जीवन को ले जाते हुए, अपने को उत्तम और महान् बनाना चाहते हैं। जिससे हम वास्तव में सुयोग्य और उज्ज्वल बनते चले जाएं।

मेरे प्यारे महानन्द जी कल के वाक्यों में यह वाक्य प्रकट कर रहे थे कि यज्ञम् ब्रह्मे ! प्रभावः नतयम् ब्रह्मे। अहा ऐसा उच्चारण कर रहे थे कि यज्ञों का प्रभाव वि्कृत नहीं हो पाता परन्तु उन्होंने उसका उत्तर यथाशक्ति स्वयं ही उच्चारण किया था। परन्तु उस उत्तर में क्योंकि देखो, जब यजामन भी श्रेष्ठ नहीं होता और ब्रह्मा भी अप्रत नहीं हो पाता तो देखो, यज्ञों का प्रभाव भी उतना नहीं हो सकता जितना परम्परा काल में अनुसन्धान के सदृश उसको प्रकट किया जाता है। आज मैं यज्ञमान के याग, यज्ञशाला, यज्ञ की समालोचना करने नहीं आया परन्तु न मुझे इसका कोइ्र प्रतीति है।

कल मेरे दो प्रश्न और रह गएं थे मेरी बालिका के दो प्रश्न और हैं क्या अध्वर्यु किसे कहते हैं? और उद्गाता कौन होता है? दो प्रकरण हम कल प्रकट करेंगे। आज का वाक् यह समाप्त होने जा रहा है। दो प्रकरणों को लेने के पश्चात् मेरे प्यारे महानन्द जी ! अपने कोई विचार दे सकेगें। क्योंकि इनके हृदय में आधुनिक काल के प्रति बड़ी वेदना रहती है यह भी अपने विचार व्यक्त कर सकेंगे। आज का वाक् हमारा समाप्त अब वेदों का पाठ होगा। लाक्षा मण्डप बरनावा

४ 18 02 1970 पुष्प 20 परमात्मा के साक्षात्कार का एकमात्र वैदिक योग मार्ग

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मत्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने

पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। आज के हमारे वेद पाठ की माधुरीहमें यह निर्णयात्मक करती चली जा रही थी। वेदों का परम प्रकाश जो जीवन का आनन्द प्रदान करने वाला है आज हम उस महत्ता को अपनाते चले जाएं। हमारे यहाँ पुरातन काल से ही बेटा महान् ऋषियों की अनुपमता का विवरण आता रहता है। उनके ! विचार उनका अनुभव हमारे मस्तिष्कों में प्रायः ओत प्रोत होता रहा है। परन्तु जब हम यह विचार विनिमय करने लगते हैं कि हमारा जो जीवन है वह उस परम पिता परमात्मा के आँगन में होना चाहिए जो हमारे जीवन का महान्् स्रोत कहलाया गया है। क्योंकि जितनी भी चेतना है, उस चेतना का जो स्रोत है वह परम पिता परमात्मा ही कहलाया गया है।

परन्तु मुझे इतना समय आज आज्ञा नहीं दे रहा है कि मैं आगे के सम्बन्ध में अपना विचार व्यक्त करने लगूं। वास्तव में हम जब विचार विनिमय करते हैं तो यह जो सर्वत्र ब्रह्माण्ड मुझे प्रतीत हो रहा है यह उस परम पिता परमात्मा की एक अनुपम प्रतिभा कहलाई गई है। मेरे प्यारे महानन्द जी ने मुझे कई काल में प्रकट कराते हुए कहा ! था कि हम वास्तव में एक महान् योगेश्वर बनना चाहते हैं। हमें सूक्ष्मतम को जानना चाहते हैं।परन्तु मेरी एक सूक्ष्म सी सात वर्ष की बालिका थी। जिसका जीवन सदैव ब्रह्म में रमण रहता था। उसका औषध का पान था, और उसमें जीवन की विशेष प्रतिभा थी।

मुनिवरोंदेखो !, योग उसी को कहा जाता है जहाँ भयंकर वनों में मृगराज भी इसकी छत्र छाया में पनपते हों। मुझे बेटास !्मरण आता रहता है कि एक समय महर्षि जमदग्नि आश्रम में जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उस आश्रम में बेटा एक जरत्कास ! देखो !गोत्र में उत्पन्न होने वाले महर्षि कूक आनन्द ऋषि महाराज जब मुनिवरों, मृगराज उसके सत्य आँगन में विराजमान हो गए। उस समय दालभ्य ऋषि जी ने महर्षि जमदग्नि जी से एक वाक्य कहा था कि महाराज यह क्या कारण है कि जो आपके आश्रम ! में ये मृगराज ओत प्रोत हो रहे हैं। उस समय एक ही शब्द महर्षि जमदग्निजी ने कहा था। और उस समय गांधीवान महर्षि रेवक भी वहाँ आ पहुँचे। परन्तु गांडीवान

रेवक ने यह कहा कि यह मानव का विचार है, उसकी दृढ़ता है। उसका संकल्प है। उसका जो आन्तरिक हृदय के विचार हैं उसमें इतना आनन्दमय प्रवाह है कि मृगराज भी उसके चरणों में ओतप्रोत हो करके नतमस्तक हो रहे हैं।
आज हम योग की परम्परा को जानने के लिए तत्पर होते हैं। मुझे बेटा कई कालों ! में कई समयों में यौगिक प्रक्रियाओं को उच्चारण करने का भी सौभाग्य प्राप्त होता रहा है। अश्विनी कुमारों और महर्षि दधीचि के आने पर महर्षि दधीचि मुनि महाराज से अश्विनी कुमारों ने यह कहा कि महाराज आज हम यौगिक बनना चाहते हैं। परन्तु ! योग के लिए कौन कौन सी वस्तुओं की हमें आवश्यकता है। तब उन्होंने एक वाक्य बड़ी सरलता से प्रकट किया कि मानव को विचारों के लिए सुन्दर अन्न की आवश्यकता है जैसा बेटा महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि ने भी कहा है कि आज मन को शोधन करने के ! लिए मन की प्रक्रिया को ऊँचा बनाने के लिए आज हमें पवित्र अन्न की आवश्यकता होगी। मुझे स्मरण आता रहता है जब महर्षि गौतम ब्रह्मचर्य आश्रम में थे उनके पिता अरुण ने कहा था कि हे बालकक्या तुम शिक्षा अध्ययन कर आये !? उन्होंने कहा कि हां भगवनहुत प्रहुत किसे कहा जाता है !? उन्होंने कहा कि भगवन मैं इसको नहीं ! जानता। उन्होंने कहा कि जब तुम इसको नहीं जानते तो तुमने जाना ही क्या है? इसी को हमारे यहाँ देखो, जल और अन्न दोनों ही कहा जाता है यह जो जल है इसके आश्रित प्राण रहने वाला है। और अन्न के आधीन मनि राम को तृष्णा होती रहती है। आज हमारे यहाँ ऋषि मुनियों का एक सुन्दर विचार है। जो महत्ता में परणित रहा है आज मेरे प्यारे महानन्द जी भी अपना कोई विचार देने वाले हैं। परन्तु मैं तो सूक्ष्म ! विवेचना दूंगा। इस सम्बन्ध में इसलिए हम अन्न का शोधन करें। अन्न के शोधन करने हमारी प्राण और मन दोनों मिलकर के दोनों का सुगठित हो जाने !के पश्चात मुनिवरों को ही योग की प्रणाली कही गई है। इसको हमारे महर्षि पतंजलि जो में और भी अन्य ऋषियों ने बेटा इसके ऊपर विवेचना दी है। !
मेरे प्यारे महानन्द जी ने एक वाक्य कहा था कि हम भौतिकवाद में जाना चाहते हैं। ! भौतिक परमाणुओं को जानना चाहते हैं। उस सम्बन्ध मेरा एक ही विचार रहा है कि

आज हमें भौतिक परमाणुओं को जानने से पूर्व अपनी मानवता को जानना हमारे लिए बहुत अनिवार्य होता है। क्योंकि जिससे हम संसार में एक महत्ता में परणित होते चले जाएं उसी में हमारी मानवीय एक गति और महत्ता का जन्म होता रहता है। तो मेरे प्यारेआज का विचार हमारा क्य !ऋषिवर !ो ं कह रहा है कि परम पिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाते हुए आज हम एक मानवीय जगत में विराज मान हो करके हो उस महान परम्परा को ऊँचा बनाना चाहते हैं। बेटा आज का हमारा यह ! वाक्य यह कहता चला जा रहा है कि हम परमपिता परमात्मा को ही जाने। क्योंकि परमात्मा को जानन े से पूर्व हमें अपने विचारों को सुगठित बनाना होगा। यदि हमारा विचार नहीं होगा हमारी विचारधारा उज्ज्वल नहीं होगी तो हमारा जीवन किसी काल में भी ऊँचा नहीं बनेगा। अब मैं इन वाक्यों को विराम देने जा रहा हूँ। मेरे प्यारे ! महानन्दजी कुछ अपना विचार व्यक्त करेंगे।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव जीवन की उज्ज्वलता में परणित करने वाले !मेरी पवित्र मातृ ! जब हम यह विचार विनिमय करने लगते हैं कि हमारी जो परम्परागत महिमा है हम पूज्यपाद गुरुदेव ने अभी !उसको उज्ज्वलता में परणित करना चाहते हैं। परन्तु मेरे प्यारे अभी अपने विचारों को व्यक्त करते हुए जो कुछ भी कहा है वास्तव में वे उससे यौगिक प्रक्रिया को उज्ज्वल बनाना चाहते हैं। परन्तु मेरे प्यारे पूज्य गुरुदेव ने जो भी शब्दावली ! इसके पश्चात् जब !अपने विचारों में प्रकट की है वह एक महत्ता सदैव परणित रही है हम यह विचार विनिमय करना चाहते हैं कि संसार को सुखी बनाना है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने अभी अभी अपनें विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि यह जो जगत है यह आनन्द को प्राप्त करना चाहता है। परन्तु इसमें यौगिक प्रणाली के द्वारा विचार बनाने की आवश्यकता है। आज मैं एक वाक्य प्रकट कराने के लिए तत्पर हूँ। सदैव मुझे वह समय बारम्बार स्मरण आता रहता है कि मैं परम्परा की ओर आधुनिक काल की जगत की तुलना करना चाहता हूँ। आधुनिक काल की तुलना करते हुए मुझे इस संसार को दृष्टिपात करने का सौभाग्य प्रात होता रहा है। क्योंकि आज का संसार आज का मानव जहाँ धर्म को परम्परा का नाद बजाता रहता है वहाँ यह नाद उसके मस्तिष्क में नहीं

है। क्या अपने अपने विचारों को भी सुगठित बनाना है अथवा नहीं? परन्तु जब मैं यह विचार विनिमय अपने पूज्यनीय गुरु देव के समक्ष लाता हूँ, तो मेरे पूज्यपाद गुरुदेव आश्चर्य चकित हो जाते हैं। उनके आश्चर्य की कोई सीमा नहीं रहती परन्तु रहा यह वाक्य कि आज का यह जगत क्यों नहीं सुखी प्रतीत होता है? जहाँ भौतिक विज्ञान इतनी सीमा को प्रात हो रहा है। जहाँ भौतिक विज्ञान इतना प्रगतिशील मुझे प्रतीत हो रहा है। कैसा विज्ञान है? जहाँ चन्द्रमा में जाने वाले यानों का निर्माण हो रहा है। जहाँ आज एक मानव मानव के यानों के द्वारा, यन्त्रों के द्वारा कितना निकट आता चला जा रहा है। परन्तु मैं यह उच्चारण करने के लिए सदैव तत्पर रहता हूँ जहाँ यह संसार इतना निकटतम आ गया है वायुयान के द्वारा वहाँ मानव अपने हृदय से कितना दूर चला जा रहा है। उसका कारण क्या है? मानव ये आध्यात्मिक वाद न होना आधुनिक काल के आध्यात्मिक वेत्ताओं ने अपने को स्वार्थवाद में परणित करते हुए अपनी मानवता को दूसरे को मानवता को एक संकीर्ण विचारों में लाने का सदैव प्रयास किया है। यह काल आज से नहीं, महाभारत काल के पश्चात से ही यह संकीर्णता इस महान पवित्र भूमि में प्रायः होती रही है। मुझे संसार को दृष्टिपात करने का प्रायः सौभाग्य प्राप्त रहा है। परन्तु मैं यह उच्चारण करने के लिए तत्पर हूँ कि यौगिक परम्परा में मानव पारंगत क्यों नहीं हो पाता? उसे आनन्द प्राप्त इसलिए नहीं हो पाता क्योंकि उसके जो विचार हैं वह इतने व्यापकता में परणित नहीं होते, जितने होने चाहिए। क्योंकि उन विचारों में सूक्ष्मता रहती है।

संसार में केवल साधारण प्रजा पर कदापि दोषारोपण नहीं करना चाहिए। न प्रजा कदापि दोषारोपण के योग्य होती है। जब राजा ऊँचा होता है तो प्रजा स्वयं ऊँची बन जाती है। जब योगी ऊँचे होते हैं तो स्वयं संसार ऊँचा बन जाता है। साधक स्वयं ऊँचे बन जाते हैं। साधक उस काल में ऊँचा बना करता है जब ऊँची होती है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने ऐसा ही कहा है महर्षि पिप्पलाद आश्रम में मैं संसार में एक दुराचारता से ऊपर उठकर ऋषि की पवित्र भूमि पर पनपा हूँ मेरे हृदय में उस समय एक विडम्बना थी। क्या मैं ब्रह्म वेत्ता बनना चाहता हूँ? अपने सूक्ष्म शरीर को जानना चाहता हूँ। परन्तु

जब मैं पूज्यपाद गुरुदेव की शरण में आ पहुँचा तो उस समय यह नियम कराया गया, गुरुदेव की मुद्गल गोत्र में उत्पन्न होने वाली पुत्री ने भी मुझे नाना प्रकार की ताड़ना दी। परन्तु मैं कहाँ शान्त होने वाला था। उस समय पूज्यनीय गुरुदेव ने कहा क्या तुम योगी बनना चाहते हो? मैंने उनसे कहा कि प्रभु मैं आपकी शरणागत आ गया हूँ जैसा आप चाहते हैं वैसा मुझे बना सकते हैं। तब मेरे पूज्यनीय गुरुदेव ने कहा था यदि आज तुम ऊँचा बनना चाहते हो तो नाना प्रकार की औषधियों का पान करना होगा। इस समय तुम्हारे मन का शोधन होगा। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे बारह वर्ष तक पांचांगो का पान कराया। जो बेल के पांचांग का पान करानें के पश्चात पीपल का पांचांग कराया, बट वृक्ष का पांचांग का पान कराया। बारह वर्ष तक इस प्रकार की कठोर तपस्या करने के पश्चात मुझे यह प्रतीत हुआ था कि आज मेरा मस्तिष्क ऊँचा बन गया है। क्योंकि मस्तिष्क का जो सम्बन्ध है वह मानव की प्रवृत्ति से होता है जो अन्तःकरण में संस्कार होते हैं अन्तःकरण में जो प्रवृत्तियां होती हैं। उन प्रवृत्तियों से मनुष्य का मस्तिष्क अधिक सम्बन्ध होता है। इसीलिए आज मैं उन वाक्यों को नहीं उच्चारण करने जा रहा हूँ।

केवल वाक्य उच्चारण करने का हमारा अभिप्राय यह है कि आज मैं वाक्यों को प्रकट कराना चाहता हूँ जिन वाक्यों में मेरे जीवन की प्रतिभा सदैव विराजमान रही है। उसके पश्चात जब मुझे यह निश्चय हो गया और पूज्य गुरुदेव ने जब आन्तरिक निरीक्षण किया तो उस समय मध्य रात्रि को मेरे पूज्यपाद गुरुदेव जागरूक हो रहे थे, परन्तु उनकी चर्चा चल रही थी क्या यह बालक तो अभी उज्ज्वल नहीं बना है। क्योंकि इसके अन्तःकरण में तो ऐसे संस्कार हैं जिन संस्कारों से मानव भ्रष्ट हो सकता है। इसी समय मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने कहा। इसको सोमरस का पान कराना चाहिए। बारह वर्ष के लिए मुझे संकल्प करा दिया कि तुम सोमरस का पान करो। सोमरस क्या होता है? उसमें एक सुमेन नाम की औषधि होती है, सममुना नाम की औषध होती है, सेलखण्डा होती है, कोकजंघा होती है, सोमगागिनी होती है। नाना प्रकार की औषधियों का मानो अग्नि में तपा करके सोमरस बनाया जाता है। उसमें क्या प्रभाव होता है? यह मैं निर्णय करा देता हूँ जो मुझे अनुभव हुआ है। उसमें यह होता है कि जो मन की गति है, जो

संस्कारों को लाती है जो स्वप्न में मुझे सदैव बाध्य करती रही। उस समय अप्रतम ब्रह्म उसका पान कराने के पश्चात मेरे मन की गति संस्कारों की गति थी वह मन्द हो गई। मन्द हो जाने के पश्चात् इसमें मेरी साधना में प्रवृत्ति हो गई। क्योंकि साधक जो होते हैं वे संसार मैं अधिक नहीं होते है साधक संसार में देखो, कोई कोई होता है। जैसा भगवान कृष्णा ने भी कहा है। मुनिवरों मुझें स्मरण आता रहता है जब मेरे पूज्यपाद ! गुरुदेव आश्रम में प्रविष्ट होते थे उस समय पूज्यनीय गुरुदेव प्रकट कराते थे किसंसार में महापुरुष कोई कोई होता है। उन महापुरुषों में भी आत्मा को जानने वाला कोई कोई होता है। आत्मवेत्ता में भी पूज्यपाद कोई कोई होता है। परन्तु देखो, ऐसा मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे कई काल में वर्णन कराते हुए कहा था।

सारी रात्रि ब्रह्म का चिन्तन चलता रहता था वेदों का अध्ययन प्रारम्भ रहता था क्योंकि वेद को परम्परा को नष्ट करने के पश्चात कोई संसार में यह चाहता है कि मैं आज यौगिकवाद प्रक्रिया में ला सकता हूँ तो यह मानव का असम्भव विचार रहा हैं क्योंकि मुझे संसार का अनुभव है देखो, यहा महात्मा महावीर ने यह विचारा कि मैं संसार को एक पताका के नीचे लाना चाहता हूँ संसार में देखो, गऊओं को रक्षण अधिक प्रवाह में प्रचलित होगा। बुद्ध ने भी किया परन्तु उन वाक्यों में अधिक नही जाना चाहता हूँ वाक्य उच्चारण करने का हमारा अभिप्रायः यह है कि हमारे जो वैदिक पद्धति है वैदिक जो यम नियमों का पालन करना है यह मानव के लिए, साधको के लिए बहुत अनिवार्य हैं।

मुझे स्मरण आता रहता है माता गार्गी यौगिक प्रक्रिया को जानने के लिए जब आचार्य के कुल में पंहुची उस समय आचार्य ने यह कहा था कि हे सम्भवनं ब्रह्मे व्याप्नोति तुम क्या जानना चाहती हो उन्होने कहा प्रभु मैं यह जानना चाहती हूँ कि यह जो संसार ! मुझे दृष्टिपात आ रहा है यह किसममें ओत प्रोत हैं मैं इसको ओत प्रोतता को जानना हे चाक्राणी यह जो जगत है तुम्हें प्रतीत हो रहा है !चाहती हूँ आचार्य ने कहा हे देवी यह पृथ्वी में ओत प्रोत हो जाता हैं चाक्राणी ने कहा पृथ्वी में किसमें ओत प्रोत हो जाती हैं चाक्राणी ने कहा उन्होंने कहा यह पृथ्वी जो हैं यहजल में ओत प्रोत हो जाती

हैं जल अग्नि में ओत प्रोत हो जाता हैं अग्नि वायु में ओत प्रोत हा जाती हैं वायु अन्तरिक्ष में ओत प्रोत हो जाती हैं और यह जो अन्तरिक्ष है यह महत मैं ओत प्रोत हो जाता हैं यह जो महतत्व चन्द्र लोकों में ओत प्रोत हो जाता हैं यह चन्द्र लोक हैं यह जो लोक हैं यह मानो देखो, यह इन्द्रलोंकों में ओत प्रोत हो जाते हैं और इन्द्र लोक मानो देखो, प्रजापति में ओत प्रोत होते चले जाते हैं प्रजापति किसमें ओत प्रोत हो जाता हैं उस सयम पूज्यपाद गुरुदेव आचार्य ने कहा यह जो जगत हैं यह हृदय में ओत प्रोत हो जाता है हृदयगं हृदय ब्रह्मा ऐसा कहा है कि श्रद्धा ओर हृदय में मिलान हो जाता हैं जब योगी जब ध्यानावस्थित हो जाते हैं जैसे मेरे पूज्यनीय गुरुदेव ने कल के वाक्यों में ही प्रकट कराते हुए कहा था जब योग में इसकी प्रवृत्ति हो जाती हैं तो हृदय की प्रवृति उज्ज्वल हो जाती हैं अब देखो, महान योगी उसे कहा जाता है जो अपने हृदय और बाह्य जो जगत रूपी हृदय है जब दोनों का मिलान हो जाता हैं दोनो की एक प्रतिष्ठा हो जाती हैं उस सयम मुनिवरों महापुरूष को हमारे यहाँ महान ऋषियों की ! उपाधि प्रदान की जाती हैं मेरे पूज्यपाद ने मुझे कई काल में प्रकट कराते हुए कहा है हृदयंगमे गतम् मयम ज्याति रसः अमृतं ब्रह्मे लोकः क्योंकि हृदय ही मानव की प्रतिष्ठा है और हृदय ही जगत का कृत्य कहलाया गया है जिसको ऋत कहा जाता हैं जो सदैव सत्यता में परणित रहने वाला है यज जो जगत मुझे प्रतीत हो रहा है अहः जो बाह्य है यह मानो प्रकृति का हृदय ब्रह्म की चेतना का हृदय है जब दोनों का एक मिलान एक प्रतिष्ठा हो जाती हैं एक सन्निधान हो जाता हैं उसी समय वह महापुरूष इस संसार को एक आसन पर विराजमान हो करके अपने हृदय में ही ध्यानावस्थित हो कर अनुभव करने लगता हैं

तो मेरे प्यारे परन्तु यह प्रक्रिया मानव को किस काल में अआती हैं उस !ऋषिवर ! काल में आती है जब सबसे प्रथम जनता जनार्दन को जाना जाता हैं अहः अपने प्रवृत्तियों से जनता जनार्दन को कौन जानता है जैसा मैने कई काल में प्रकट कराते हुए कहा है मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने भी प्रकट कराते हुए कहा है क्या उस समय मानव की प्रवृत्तियों में अन्तर्द्वन्द्व नही रहता जब मानो इन्द्रियों की सामग्री बना कर उन हृदय

रूपी जो यज्ञशाला है उसमें हवि दी जाती हैं हवि देने के पश्चात मानो देखो, जैसे अहः कश्च प्रवे कृतानम् सब इन्द्रियों को अपने में समेट करके हृदय में ध्यानावस्थित हो जाते हैं

मेरे प्यारे आज मैं एक वाक्य अपने पूज्यपाद गुरुदेव को प्रकट कराना चाहता !ऋषिवर ! था कि आधुनिक काल जगत मानो धार्मिकता में परणित होते हुए आज का यह जगत सुखी क्यों नही प्रतीत होता? इसीलिए सुखी नही प्रतीत होता क्योंकि देखो, इस संसार में मानो स्वार्थवाद का अधिक प्रचलन होने के कारण अर्थात स्वाथवाद की प्रतिभा अधिक होने के कारण उसमें अन्तर्द्वन्द्व आता चला जाता है उसकी अन्तर्द्वन्द्वता है वह उस मानव के हृदय को निगल जाती हैं जैसे यज्ञमान यज्ञशाला में विराजमान हो करके नाना प्रकार का कोई भी अपराध करता हैं उसका सुकृत हनन हो जाता हैं इसी प्रकार मानो देखो, इस प्रजा का स्वार्थवाद में इसका सुकृत नाश को प्राप्त हो जाता हैं उसके पश्चात एक कारण और भी है आज के जगत में सुखी न हाने का एक कारण यह है कि धार्मिकता तो विचारों में अवश्य हैं परन्तु उसका अनुकरण नही होता।

शिक्षक संसार में बहुत होते हैं परन्तु उसको अपने में क्रियात्मक जीवन में लाने वाले व्यक्ति सूक्ष्म हैं क्योंकि यहा केवल महान पुरूषों का आचरण करने वाला राजा महारजा प्रजा सभी होते है उसका अनुकरण जब सुन्दर रूप में किया जाता हैं तो मेरे पूज्यपाद गुरुदेव उसी काल में जगत सुन्दर और धार्मिकता में परणित होता चला जाता है मुझे स्मरण आता रहता है यहाँ उच्च ब्राह्मणों की आवश्यकता हैं मुझे स्मरण आता रहता है।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव के केवल मात्र बारह वर्ष की अवस्था थी एक समय महाराजा अश्वपति के यहाँ जा पंहुचे महाराजा अश्वपति के यहाँ कुछ विचार विनिमय होना था परन्तु उस विचार विनिमय कें केवल आदर कुछ सूक्ष्म नही रहा केवल उनके उच्चारण करने में कुछ मानो संकीर्णता रही उस बालिका के दृष्टिपात करने के नाते उसी समय राजा को कहा हे राजन क्या तू शुद्ध है तू राजा के योग्य नही हैं महाराजा अश्वपति ! शान्त हो गएं अश्वपति ने कहा यह बालिका मुझे क्या उच्चारण कर रही है जैसे कोई ऋषि पत्नी मुझे वाक्य प्रकट कराती हैं यह बालिका ही तो है परन्तुउस समय उस

बारह वर्षीय कन्या ने कहा था कि ऋषि पत्नी तो बहुत ही समय के पश्चात बना जाता हैं परन्तु मैं एक बालिका हू हे राजा तू राजा के योग्य नही हैं तेरी वाणी तेरा हृदय ! तो शुद्ध नही हैं जिस राजा का हृदय शुद्ध नही उसके राष्ट्र में तो आना भी हमारे लिए पाप वर्धक हो जाता हैं जब इस प्रकार के धार्मिकवाद से मानववाद में प्रवृत्ति हो जाती हैं कि राजा को भी हृदय के वाक्यों को घिक्कारने वाला हो तो उसी समय धार्मिकता का संसार में प्रचलन हो जाता हैं परन्तु इसी काल में यौगिक प्रक्रियाओं में एक सुन्दरवाद आ जाता हैं।

देखो, यम नियम में प्रायः यह आता है कि सबसे प्रथम योग के लिए हमारा आहार शुद्ध होना चाहिए आज इस मानव सुन्दर नही हो शुद्ध और पवित्र नही हो तो आज यौगिक प्रक्रिया में लाना यह देखो, अस्वाभाविक तथा असम्भव मुझे प्रतीत होता है मुझे स्मरण होता रहता हैं केवल अनुभव भी किया हैं माक्रुतम देखो, योगी बहुत समय के पश्चात मानो साधना में परणित होता रहता हैं सोमरसों का पान कराया जाता है। यह क्या आज मैं प्रथमे ब्रह्मे लोकाः मेरे पूज्यपाद गुरुदेव यह कहा करते थे कि हे पुत्र संसार में सुन्दर तो कोई कोई होता हैं यों तो संसार में व्यक्तव्य देने वाले विचार विनिमय करने वाले संसार में बहुत हुआ करते हैं परन्तु विचारक, अनुसन्धान करने वाला अपना विचार आत्मिक में हृदय गम्भीरता में परणित करता है मानव के लिए असम्भव नही होता तो पूज्यपाद गुरुदेव मुझे बहुत बहुत सुन्दर वार्त्ता प्रकट कराते रहते हैं

मैने यह काल भी जब अपने दृष्टिपात किया हैं जिस काल में यहाँ महाराज युधिष्ठिर महाराज का न्यायालय में एक महापुरूष का आसन लगता था वह महापुरूष राजा को धिक्कारने वाला होता था परन्तु उसके द्वारा कितनी निष्ठा और राष्ट्रीयता की आवश्यकता रहती थी तो हे भगवनहे मेरे पूज्य !पाद गुरुदेव आज मैं यौगिक वाक्य प्रकट करने नही जा रहा हूँ केवल अपने विचार इसीलिए व्यक्त किए है कि यह जो आज का जगत है। यह इतना पृथकता मे क्यों परणित हो रहा है इसीलिए हो रहा है क्योंकि अध्ययन सुक्ष्मता होने के नाते ओर विचार की सूक्ष्मता होने के नाते विचार नही रहा अध्ययन

नही रहां यम नियम के पालन नही रहे क्योंकि संसार में केवल जैसे न्यायालय के लिए कोई सहायक होता है इस प्रकार के इस जगत में प्रतिष्ठित व्यक्तियों की आवश्यकता रहती हैं।
यह संसार कैसा है कैसी विचित्रता में परणित हो रहा है। यह मैं कल प्रकट करूंगा। आज तो मैं अपने वाक्यों को विराम देने जा रहा हूँ केवल वाक्य उच्चारण करना हमारा यह है कि बिना यम निमय के आहार के शोधन के मुनिवरोंदेखो !, कोई भी संसार में योगी कदिप नही बना करता है योगी उस काल मे बनता हैं जब आहार शुद्ध होता हैं राजा के यहाँ घोषणा की जाती हैं कि राष्ट्र में हिंसा नही होनी चाहिए यदि राजा के राष्ट्र में हिंसा होती है तो उस हिंसा की तरंगें है उन दुःखित आत्माओं की तरंगें प्रायः जगत मे भ्रमण करती रहती हैं मानव के मस्तिष्क को छूती रहती हैं उसी से मानव को प्रवृत्तियों का निर्माण होता है यदि मानव का आहार सुन्दर नही होगा तो व्यवहार भी सुन्दर किसी काल में हो सकेगा। इसीलिए हे मेरे पूज्यपाद गुरुदेव मैं इन वाक्यों को विराम देने जा रहा हूँ। अब मेरे पूज्यपाद गुरुदेव इन वाक्यों पर टिप्पणी कर सकते हैं हास्य....
पूज्यपाद गुरुदेवः आज मेरे प्यारेमहानन्द जी ने अपने व !िचार व्यक्त किए है उनमें कुछ ऐसा मुझे प्रतीत हो रहा था जैसे याग के सम्बन्ध में मेरे प्यारे महानन्द जी बड़ी ! विडम्बना हो क्योंकि विडम्बना केवल मानव के हृदय मे उसी काल में होती हैं जब उसका मन, कर्म, वचन दोनो में आस्था नही होती मेरे प्यारेमहानन्द जी ने एक वा !क्य यम नियम के पालन करने के लिए कहा है संसार में बेटा यम नियम की भी ! आवश्यकता नही होती जबकि मानव के विचारों का उपराम जो जाता है आत्मा का उत्थान उस काल में होता हैं जब मानव जगत से उदासीन हो जाता हैं क्योंकि जगत से उदासीन होना उसके लिए बहुत अनिवार्य होता हैं उसके पश्चात वह वैदिक परम्परा को अपनाने में सफल हो जाता हैं।
मेरे प्यारे महानन्द जी ने एक वाक्य और कहा कि महात्मा बुद्ध और भी नाना ! महापुरूष पद्धति को लाने में अपने को बहुत उचता प्रकट करते थे परन्तु जहाँ यह

वाक्य है कि यह जो संसार है यह कल्पनावादी एक वृक्ष हे यहाँ जैसा भी कल्पना करोगे बेटा वैसे ही बन जाओगे। और उसी प्रकार का यौगिक प्रक्रिया में मानव सफल ! हो जाता है हमारे यहाँ याग को एक सूक्ष्म सा वाक्य है और वह यह कि जहाँ मन और प्राण दोनों का मिलान हो जाता हैं दोनो आत्मा के सेवत बन जाते हैं चेतना के उसी काल में मानव योग की सुलता को प्राप्त हो जाता हैं और हृदय में भी तो उसकी प्रतिष्ठा होती हैं मुझे एक वाक्य अपने उस काल का स्मरण आ गया है कि एक में विराजामन हो रही हूँ परन्तु मेरी साधना समय मेरी बालिका बोली कि प्रभु मेरी साधना को उज्ज्वल बनाईए उस समय कहा गया कि पुत्री तुम विराजमान हो जाओ मैं तुम्हारी साधना में सहायक बनूंगा तब मुनिवरोंदेखो !, उस समय केवल चार वर्ष की अवस्था की बालिका थी तो वह जब ध्यानावस्थित होने लगी तो मुनिवरों मैं एक औषध जानता ! था उस औषध का नाम था योगाधृतिक यह योग में बड़ी सहायक होती थी मैंने उस औषधि को लिया ओर मस्तक पर उसका लेपन कर दिया लेपन करने से उसकी चेतना उद्गमता में परणित हो गई इतनी प्रज्ञवलित चेतना हो गई कि उसको योग में प्रवृत्ति सहज हो गई कारण क्या है जब व्यक्ति आत्मसुखी हो जाता हैं तो व्यक्ति की आत्मा निर्मल हो जाता हैं अहा उसमे किसी प्रकार का विडम्बनावाद निराशावाद नही होता। विडम्बना भी नही होती उस काल में देखो, मानव यौगिकता में बहुत ही शीघ्रता से उस यौगिक प्रक्रिया मे सफल हो जाता हैं इसीलिए इस जगत से उदासीन होना बहुत अनिवार्य हैं।

एक मानव ऐसा है जो अप्रत अपने विचारों से दूसरों को प्रभावित करता हैं वह योग है याग की नाना प्रकार की प्रतिभाएं मानी गई हैं जैसा महर्षि पतंजलि जी ने योग की एक ही प्रक्रिया प्रकट की कि अपनी प्रवृत्तियों का निरोध कर लो परन्तु यह निरोध कैसे किया जाता हैं निरोध उस काल में होगा जबकि हमारा अपनी इन्द्रियों पर संयम होगा अब संयम कैसे होगा मानो संयम होगा परमात्मा के चिन्तन से परमात्मा का चिन्तन किया जाएं अध्ययन किया जाएं और मुनिवरों निदिध्यासन किया जाएं उस काल में ! मानव अपनी वास्तविक कारण को प्राप्त हो जाता हैं वास्तव में याग की उच्चारण करना

मानव के लिए बहुत सहज होता हैं मेरे प्यारे महानन्द जी मूर्खों वाली मूर्खाप्रवः ! कोई वार्त्ता प्रकट कर रहे थे परन्तु मैं भी उच्चारण कर सकता हूँ।

रहा यह वाक्य कि यह जो जगत हैं यह कैसे धार्मिक हो यह ऐसी अवनति का क्या चला गया इसको तो बेटा मैं पूर्णता से नही जानता परन्तु इसका केवल कारण मैं ! यही उच्चारण कर सकता हूँ यहाँ धार्मिक जो महापुरूष होते हैं उनकी सूक्ष्मता हाने के कारण प्रजा में अशान्ति होती रहती हैं राजाओं महाराजाओं के यहाँ सुन्दर चरित्र का अभाव प्रायः होता रहा है अहः इसमें क्योंकि अधूरे शिक्षक बहुत होने के नाते भी संसार में वह शिक्षा नही आ पाती जो वास्तविक शिक्षा होती है वास्तविक शिक्षा आत्मिक शिक्षा होती हैं आत्मिक पद्धति होती हैं आत्मिक विचारधारा होती हैं उसमें आज का शिक्षक मानव सूक्ष्मता को प्राप्त हो गया हैं।

आज का हमारा वाक्य अब समाप्त होने जा रहा हैं आज के वाक्यों का अभिप्रायः यह कि हम आज यौगिक प्रक्रिया में जाना चाहते हैं यह बहुत ही सुन्दर है संसार में एक मानवता से ही जगत मे एक उन्नतता को प्राप्त हो जाते हैं अब मुझे समय मिलेगा कल मेरे प्यारे महानन्द जी अपनी कुछ भौतिक विज्ञान की चर्चा प्रगट करेंगें अपना कोई ! सुन्दर विचार व्यक्त करेंगें आज का वाक् समाप्त अब वेदों का पाठ होगा इसके पश्चात वार्त्ता समाप्त हो जाएगीं आज के वाक्यों का अभिप्रायः यह कि हम प्रभु का चिन्तन करते हुए उस यौगिकता में परणित होते चले जाएं यम नियमों का पालन करते हुए प्राणायाम करते हुए क्योंकि प्राण और मन का दोनों का मिलान करना ही योग कहलाया गया हैं उसको किसी भी भाग से अपनाया जा सकता हैं आज का वाक् अब समाप्त अब वेदों का पठन पाठन लाक्षागृह मण्डप बरनावा

५ 19 02 1970 यज्ञ की सफलता के लिए अध्वर्यु, उद्गाता के स्वरूप का वर्णन

जीते रहोआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेदमन्त्रों का पठन पाठन किया, हमारे यहां परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस वेदवाणी में उस परमपिता परमात्मा की प्रतिभा सदैव रमण करती

रहती है। जब हम यह विचार विनिमय करने लगते हैं कि मानवीय पद्धति उस महान पवित्र यज्ञ से सुगठित रहने वाली है। मानव का जीवन भी एक सुन्दर यज्ञवेदी ही माना गया है। क्योंकि यज्ञम् भूषणाम् प्रतप्रने गीत वन्दना ममः मुनिवरों जैसे मौलिक जगत ! मेंहम यज्ञ में परणित होते है। इसी प्रकार हमारा आध्यात्मिक और आन्तरिक जिसे कहा जाता है वह एक यज्ञ रूप ही माना गया है। हमारे यहां परम्परा से ही उस मनोहर प्रभु की महिमा का गुणगान और उस मनोहर वेदवाणी में जो आनन्द कहलाया गया है, जो आनन्द का स्रोत माना गया है।

आज मैं उन वाक्यों को प्रगट कराता चला जाऊं। हमारे यहां परम्परा से ही वह हृदय रूपी सुन्दर यज्ञवेदी है जिसमें योगीजन ध्यानावस्थित हो जाते हैं। इसी प्रकार जो याज्ञिक पुरूष होते हैं तो मुनिवरों हमें वास्तव में याज्ञिक बनना है। क्योंकि जगत में ! हम बाह्य और आन्तरिकदोनों का मिलान करना चाहते हैं जहां हमारा यह विचार परम्परा से रहा है कि हमारे यहां वेदों का जो ज्ञान है वह आनन्दमय कहलाया गया है।

मुनिवरों यज्ञशाला में चार स्थान होते हैं। सबसे प्रथम ब्रह्मा का होता है। उसके पश्चात ! अध्वर्यु और यज्ञमान का होता है। परन्तु हमारे यहां अध्वर्यु की बड़ी सुन्दर मीमांसा आती है। अध्वर्यु उसे कहते हैं। ऊर्ध्वा गति हो जिसकी जो अपने ब्रह्मचर्य व्रत से रहने वाला हो। जिसका उद्गम और ऊर्ध्वा विचार हो, यह इदन्नमं सदैव उच्चारण करने वाला हो। क्योंकि इदन्नमं का अभिप्रायः यह कि संसार में मैं उच्चारण करने का अधिकार हमें किसी भी काल में नही होता, हमारे यहां जो इदन्नमं वाक्य उच्चारण किया जाता है, इसका आशय यह है कि संसार में कोई वस्तु किसी की हो नही पाती। क्योंकि यदि हम ब्रह्मवेत्ताओं के समीप जाते हैं, और ब्रह्म और ऊँचे वैज्ञानिक रूपों से क्या हम दार्शनिक रूपों से इसका निरूपण करना चाहते हैं, और यह विचार विनिमय करना चाहते हैं कि सर्व सम्पदा मेरी भी नही हैं। क्योंकि इस सम्पदा का जो स्वामित्व है, यह जो सम्पदा है, इदन्नमम्। यह मेरी नही हो सकती। क्योंकि यह जो भी कुछ है। यह यज्ञ रूप माना गया है। क्योंकि सभी यज्ञ रूप माना गया है। जो ऐसे विचारों वाला है,

उसे अध्वर्यु बनाया जाता है। यज्ञशाला में क्योंकि उसके मन में उसके हृदय में कितनी व्यापकता होती है। उसके मन में धारणा होती है कि यह सब कुछ मेरा नही हो सकता। जो भी कुछ द्रव्य पदार्थ है, औषधि पदार्थ है, यदि इसके मूल विचारा जाएगा इसका मूल क्या है? इसकी उत्पति क्या है? तो मुनिवरोंदेखो !, उत्पति और उसका जो विनाश है, वह केवल हमें आभास मात्र प्रतीत हो रहा है। हमारे यहां जैसे कहा जाता है कि औषधियों का मूल कौन है? तो कहा जाता है, जल है। जल का मूल कौन है? अग्नि है। अग्नि का मूल कौन है? वायु है। वायु का मूल अन्तरिक्ष को माना है। तो मुनिवरों ! जो अन्तरिक्ष से सुन्दर वृष्टि होती है। इसी से नाना प्रकार की वनस्पतियों का जन्म होता रहता है। इन औषधियों को एकत्रित किया जाता है। उन्हीं के द्वारा यज्ञशाला में अध्वर्यु औषधियों का स्वामीवत बन करके उसको अच्छी प्रकार वितरण करता है। और उसको इदन्नमम् सब को यज्ञ रूप स्वीकार करके सब को ही अर्पित कर देता है। जो जैसे जिसका भाग होता है।

हमारे यहां ऐसा माना गया है, हमारे मानव शरीर में बेटा एक समान नाम का प्राण ! होता है। उसका सम्बन्ध उदान नाम के प्राण से होता है। जब उदान नाम का प्राण उसको त्याग देता है, त्याग देने के पश्चात उस प्रतिभा में रमण करने लगता है, जो ज्ञान की कृतिका कहलाई गई है, वह उसको अपने में ही अर्पित स्वीकार करता हुआ, उसको अपने में परणित कर लेता है। मुनिवरोंजैसा उसकी मौलिकता है। व !ैसे उसका वितरण भी माना गया है। जब सामान्य प्राण की मुनिवरोंदेखो !, उदान त्याग देता है। तो उदान अपना वितरण करने वाला अध्वर्यु का कार्य करता है। इसी प्रकार यज्ञशाला में जो अध्वर्यु होता है। उसका एक महान और पवित्र आसन कहलाया गया है। जो त्याग ओर तपस्या में परणित होता है। जिसकी भावना में एक वेदोक्त वार्त्ता प्रगट रहती है। वह संसार में एक महान कहलाया गया है।

तो मेरे प्यारे केवल मैंने कल के इससे पूर्व शब्दों में उच्चारण करते हुए कहा !ऋषिवर ! था कि मेरी बालिका यह कहा करती थी कि यज्ञशाला में भगवान अध्वर्यु कौन होता है? मैंने उसका उच्चारण करते हुए कहा कि जो द्रव्य का सामग्री का स्वामी होता है।

नाना प्रकार की जो सामग्री होती है। **औषधियों का जो समूह होता है। उनका नाम ही तो सामग्री कहा जाता है।** उसका जो अधिपति होता है, उसका अध्वर्यु कहा जाता है। जैसे परोपकार के लिए वनस्पतियों का जन्म होता है। ऐसे ही जो अध्वर्यु होता है, उसका भी ऐसा ही विचार होता है। ऐसा ही त्याग होता है। उसका अपने लिए कुछ नही होता इदन्नमम् में उसकी प्रवृत्ति परणित हो जाती है।

मेरी बालिका ने कहा कि भगवन्देखो !, मैं इससे सन्तुष्ट नही हूँ। इतनी विवेचना से मेरे हृदय से सन्तुष्टि नही हुई। जब मुनिवरोंकहा कि अध्वर्यु कहते हैं !, जो मानव नाना प्रकार की औषधियों को परमात्मा का मूलक स्वीकार करता है। परमात्मा का मूलक स्वीकार करके और उनमें स्थूलत्व है, और उनमें जो सामगस्रवे है वह सब परमात्मा को स्वीकार करके जो अर्पित करता है, जैसे ब्रह्म का यज्ञ हो रहा है, इसी प्रकार वह यज्ञ में साकल्य को अर्पित कराने वाला कहलाता है। इसीलिए उसको हमारे यहां अध्वर्यु कहा जाता है।

बालिका ने कहा कि कदापि नही भगवन मैं इसको स्वीकार नही कर पाऊंगी। क्योंकि ! मेरा हृदय इससे भी सन्तुष्ट नही हुआ है। जब यह कहा गया कि अध्वर्यु उसे कहा जाता है। जो उदगादप्रवे गच्छतम् ब्रह्म जो आत्मवेत्ता आत्मा ज्ञान में जो नाना प्रकार की इन्द्रियाँ है। इनको और बाह्य जगत की जो सामग्री है, इन दोनों विषयों को सामग्री बना लेता है। जैसे अपने विषयों की सामग्री बनाई जाती है। उसके अनुकूल वस्तुओं की सामग्री बना करके उसको ज्ञान रूपी अर्थात आत्मा रूपी अग्नि में ब्रह्म रूपी अग्नि में ब्रह्म ज्ञान रूपी प्रदीप्त अग्नि का जो प्रवाह चल रहा है। उस अग्नि में जो आहुति अर्पित करने वाला है। उसी को हमारे यहां अध्वर्यु कहा जाता है। इसीलिए हमें स्वीकार कर लेना चाहिए कि जो ब्रह्मवेत्ता होता है, ब्रह्म में जिसकी निष्ठा होती है। जिसको ऊर्ध्वा गति बन जाती है। उसे हे पुत्री संसार में ऊर्ध्वा गति वाला हमारे यहां अध्वर्यु ! कहा जाता है।

मेरी बालिका ने कहा प्रभु इससे मेरी सन्तुष्टि नही हुई। मैं और भी !कुछ चाहती हूँ। इसकी विवेचना करते हुए उत्तर मैं और भी कुछ चाहती हूँ। इसकी विवेचना करते हुए

उत्तर में आया कि हे बालिका अध्वर्यु उसे कहते हैं जिसका व्यापक हृदय हो जाता ! है, जैसे नाना प्रकार की वनस्पतियां हैं, और वे संसार में दूसरों के लिए हुआ करती हैं। अपने लिए इदन्नमम् में वे सन्तुष्ट रहते हैं। इसी प्रकार जो अध्वर्यु होता है। वह ब्रह्मवेत्ता बनता हुआ ब्रह्म में परणित होता हुआ, अपनी जो इन्द्रियों पर भी मेरा कोई अधिकार नही हैं। इनसे तो मुझे अपने कर्तव्य का पाला करना है। इन की सामग्री बना करके इनके विषयों को यज्ञशाला में आहुति देने वाले को हमारे यहां कहा जाता है।

तब बालिका ने कहा प्रभु आप तो एक वाक्य को रूपान्तर करते रहते हैं। उसी वाक्य ! को किसी न किसी रूप से लाते रहते हैं। मुझे तो कोई नवीन व्याख्या कीजिए। वेद जैसा वेदमन्त्र में आया !इसकी तब मुनिवरों, वेद ने कहा अध्वर्यु घृतानम् ध्रुवं गच्छन्तु रुद्रो हे बालिकाअध्वर्यु उसे कहा जाता है !, जो यज्ञमान ब्रह्मा होता इन सब की प्रवृत्तियों को जानता हो, वह ब्रह्मत्व में रमण करने वाला हो। ओर ब्रह्म में जिसको निष्ठा हो गई हो हृदय जिसका अगम्य बन गया हो, उसी को हमारे यहां अध्वर्यु कहा जाता है।

बालिका ने कहा प्रभुइससे मेरी सन्तुष्टि नही हुई। जब वहां एक वाक्य आया !, तो बालिका तुम निर्णय कर दो कि हमारे यहां अध्वर्यु किसे कहा जाता है? क्योंकि मैं तो इतना ही जानता था। इतना मैंने निर्णय कर दिया है। परन्तु तब बालिका ने कहा कि प्रभुमुझे तो ऐसा प्रतीत होता है कि अध्वर्यु उसे कहते हैं !, संसार में जिसके द्वारा किसी प्रकार का भी भय नही होता और उसके लिए प्राणीमात्र एक हो आत्म देखो, सर्वे भूतेषु बन जाता है। मुझे तो कुछ ऐसा प्रतीत होता है। मानो देखो, जब यह वाक्य आया कि सर्वे भूतेषु मानो जो सब भूत प्राणियों में एक ब्रह्म की चेतना स्वीकार करने वाला हो, इसको हमारे यहां अध्वर्यु कहा जाता है। यह मुनिवरोंदेखो !, यह वाक्य उच्चारण करके शान्त हो गए।

द्वितीय वाक्य आया कि भगवन संसार में हमारे यहां यज्ञशाला में यज्ञवेदी पर ! विराजमान होने वाला जो उद्गाता है। जो उदगान गाता है, उद्गाता किसे कहा जाता है? तब मुनिवरों कहा कि उद्गाता कहते हैं कि जो गान गाता है। गान गाने वाला है। वेदों !

का स्वर सहित, जटा पाठ, घन पाठ, माला पाठ, विसर्ग का पाठ उदात्त और अनुदात्त आदि नाना प्रकार से जो वेदमन्त्रों का पठन पाठन करता है। वह हमारे यहां उद्गाता कहलाया गया है।

उन्होंने कहा भगवन और कोई इसकी मीमांसा हो। यह कहा कि उद्गाता उसे कहा ! जाता है, जो उदगान गाने वाला हो। जो ऊर्ध्वा गति वाला गान गाने वाला हो। ध्रुवा नही जो ऊर्ध्वा गति वाला गान गाने वाला हो। कैसा गान? जैसे परमपिता परमात्मा ने सृष्टि के प्रारम्भ में ऋत और सत के ऊपर अपना विचार व्यक्त किया था ऋत और सत दोनों ही उसमें परणित रहे। दोनों में उसको विचित्रता सदैव विराजमान रही। उसी को हमारे यहां उद्गाता कहा जाता है। जो उदगान गाने वाला हो जो उद्गमता देने वाला हो उद्गमन्मे व्रतानम् जो आत्मा से और हृदय से गान गाता है। क्योंकि आत्मा का हृदय का हो गान होता है। वह मुनिवरोंदेखो !, पक्षियों के अन्तःकरण को भी पवित्र बना देता है। हे पुत्रीमुझे स्मरण आता रहता है !, एक समय देखो, महर्षि सोमकेतु ऋषि महाराज ने यह विचारा कि मैं यज्ञ करूंगा। परन्तु जब यज्ञ करने के लिए विचार विनिमय बनाया, उन्होंने पर्वतों में से नाना प्रकार की औषधियों को एकत्रित किया। सामग्री बनाई, सामग्री बना करके उनके द्वारा एक कामधेनु गो थी। उसका घृत इत्यादि एकत्रित किया, जब यज्ञ करने के लिए तत्पर होने लगे तो उन्होंने जब यज्ञ में उदगान गाया तो उसमें वहां कोई होता नही था। और वहां कोई और भी ब्रह्मा नही बना। वहां केवल देखो, महान ऋषि का उपदेश चल रहा था। और वह भयंकर वनों में सामग्री से यजन कर रहा है। परन्तु साकल्य को आहुति दे रहा है। उस आहुति को वह जो उद्गाता के वचनों को वेदवाणी को हृदय में ही जो वाणी का उच्चारण किया जाता है। वहां मृगराज आ गए। और यज्ञशाला में सुगन्ध को ग्रहण करने वाले जब मृगराज आ पंहुचे तो उसका हृदय बड़ा प्रसन्न हुआ। ऋषि ने कहा कि आज तो मेरा हृदय बहुत प्रसन्न हो रहा है। यह विचार उनके मस्तिष्क में महता से ओत प्रोत थे। और वह पक्षीगण मुग्ध भी हो गये। अहा यज्ञ हुआ क्योंकि वहां वृष्टि यज्ञ किया। वहां उनका जो हृदय का उच्चारण किया ! हुआ जो वचन है। वह पक्षीगणों को ही नही, प्रकृति में उसकी वेदना प्रगट होती।

उसकी सुगन्ध के द्वारा देवता भी उसे सहन नही कर सके। देवताओं ने इसी समय मेघों से वृष्टि का प्रहार मानो मेघों से उत्पति हो गई, जलों का उत्थान हो गया, अहा, सुन्दर वृष्टि हो गई। वृष्टि हो जाने के पश्चात यह विचार आया कि यह उद्गाता कैसा है। जिसने उदगान गाया।

मेरी बालिका ने कहा हे प्रभुमैं यह जानना चाहती रहती हूँ। कि हृदय का उदगान तो ! सभी उच्चारण करते है। एक मेरी प्यारी माता है, परन्तु वह अपने स्नेह और पूर्ववत अपने प्यारे बालक को व्याकुल हुए को लोरियों का पान करा देती है। तब वह बालक शान्त हो जाता है। शान्त हो जाने के पश्चात उसको द्वितीय विडम्बना होती तो भगवन मैं यह ! जानना चाहती हूँ। कि क्या यह जो मृगराज या पक्षीगण हैं। उनका हृदय कैसे तपा हुआ होता है? और इस प्रकार का गान गा करके सभी प्रभावित हो जाते है। और सान्त्वना को प्राप्त होते हैं। उस समय उसका उत्तर देना हमारे लिए स्वाभाविक बन गया था। हे बालिका मानव के हृदय को तपाया जाता है। किससे !तपाया जाता है ध्यान ? !और तप के द्वारा तपाया जाता है। यौगिक क्रियाओं के द्वारा तपाया जाता है। मुनिवरों देखो, कैसे तपाया है? जैसे मेरी प्यारी माता अपने गर्भस्थल में, अपने उदर में बालक को तपा देती है। कौन माता तपाती है? जो माता सुयोग्य होती है वह माता अपने बाल को गर्भस्थल में विचारों से तपा देती है। आहार और व्यवहार से तपा देती है। वह कैसे तपाती है ब्रह्म का चिन्तन करती है। ब्रह्म का चिन्तन करते हुए अपने बालक को वह ? तुम्हें यह ज्ञान होना !अपने उदर में ऊँचा बना देती है। इसी प्रकार हे मेरी बालिका चाहिए। क्या इसी प्रकार मानव के हृदय को महापुरूषों के द्वारा तपाया जाता है। जैसे माता अपने उदर को तपाती है। गर्भस्थल में तपा देती है। बालक को इसी प्रकार मुनिवरोंदेखो !, महापुरूषों के सत्संग में ही वह ब्रह्मचारी तप जाता है। जिसका हृदय इतना महान और पवित्र बन जाता है। वह मृगराज उसके आधीन बन जाते हैं, और पक्षीगण भी मुग्ध हो जाते हैं। उसका कारण यह होता है कि जिस मानव की ऊर्ध्वा गति बन जाती है। ब्रह्मचर्य से ऊर्ध्वा गति बन जाती है, क्योंकि ऊर्ध्वा गति वाला जो ब्रह्मचारी होता है। उसकी वाणी में उसके मस्तिष्क में उसको प्रत्येक इन्द्रियों में एक

भोलापन आ जाता है। उस भोलेपन में ही उसके ब्रह्मचर्य की ऊर्ध्वा बन जाती है, और कैसा भोलापन आ जाता है? वह क्या उस ब्रह्मचारी के लिए एक देवकन्या है, वह माता के तुल्य है। उसका मातृत्व ही आभूषण बन जाता है। क्योंकि वह सभी संसार में उस परमपिता परमात्मा में ही आनन्दमयी जो माता है। उसे दृष्टिपात करने लगता है। उसके ब्रह्मचर्य की गति ऊर्ध्व बन जाती है। इसीलिए हे पुत्रों उसे उद्गाता कहा गया है। ! क्योंकि जब उद्गम् गाता है, तो वह तपाया जाता है। किसके द्वारा तपाया जाता है? मस्तिष्क को तपाया जाता है।

मेरी बालिका ने कहा क्या मैं यह जानना चाहती हूँ, यदि मैं गृहाश्रम में प्रविष्ट हो जाऊं, तो क्या मैं अपने बालक को तपा सकती हूँ परन्तु यह वाक्य मेरे लिए उत्तर देना ? यह जो जगत में सभी प्रकार का !सहज नही था। तब यह कहा गया हे बालिका व्यापार का कार्य प्रायः होता रहता है। **परन्तु ब्रह्मवेत्ता बनने के लिए किसी ब्रह्मवेत्ता के सुकृत की आवश्यकता होती है।** जिससे वह तप में बनाया जा सकता है तो मेरे प्यारे ! क्योंकि वह वाक्य एक बड़ा जटिल था जटिल होने के नाते उसका उत्तर नही !ऋषिवर क्या मैं उद्गाता उ !बन सका। उन्होंने कहा तो क्या भगवनसी को स्वीकार कर लूं, जो संसार में दो अपने ब्रह्मचर्यव्रत से रहता है। जो उदगान है, वेदों में जिसकी निष्ठा होती है। वेद किसे कहा जाता है, जिसके हृदय में प्रकाश होता है। आनन्दमय होता है। मानो देखो, उसी को उज्ज्वल बनाया जाता है। बेटामुझे स्मरण है !, तुम्हें स्मरण भी होगा कि जब महाराजा अश्वपति के यहां यज्ञ हुआ था या महाराजा कुडीलक राजा के यहां यज्ञ हुआ था, उसमें बेटादेखो !, अध्वर्यु और होताजन कैसे ऊँचे ब्रह्मचारी ही कहलाऐ जाते हैं। क्योंकि जिनका ऊर्ध्वागति वाला हृदय हो और परमात्मा उज्ज्वलता में निष्ठा हो। अहा, हमारे यहां परम्परा से ही उस महान प्रभु की महिमा का गुणगान गाना और अपने हृदय को तपाना हमारे लिए बहुत अनिवार्य है। जैसे यज्ञमान का हृदय तपा हुआ होता है। इसी प्रकार उसका जो कर्मवाद है। उनका भी हृदय तपा हुआ होना चाहिए। क्योंकि उसी से यह संसार यह महता ऊँची बना करती है। जिसको बेटा हम !

दृष्टिपात कर रहे हैं।

मेरे प्यारेमहानन्द जी मुझे कुछ प्रेरणा दे रहे हैं। आज प्रगट कराना चाहते हैं !, इनका तो विचार है कि बालकम् ब्रह्मे लोकाः कि किसी किसी माता का पुत्र यदि गृह से पृथक हो जाएं तो देखो, वह गृह उज्वल प्रमाणा गच्छन्ति रुद्रो अस्वतम् कैसी प्रकृति में जाने के पश्चात उसकी वह हननता को प्राप्त हो जाता है। तो मुनिवरों आज मैं इसका उत्तर ! क्या दे सकता हूँ। क्योंकि इसका तो उत्तर यही हो सकता है, हमारे सूर्य सिद्धान्त के अनुसार प्राण की गति के सिद्धान्त में कुछ ऐसा माना गया है कि जब स्वर के साथ अपने श्वासों के साथ में प्राण के सञ्चार यदि चन्द्रमा की प्रतिभा रमण करने वाली होती है, तो मानो देखो, उसमें जैसे हमारे यहां पुष्प नक्षत्र होता है। शोभनी नक्षत्र होता है। दोनों को यदि उसमें पुट होती है, यदि मेरी प्यारी माता का बालक माता से पृथक हो जाता है। तो वह बालक माता को द्वितीय प्राप्त नही होता। इसीलिए क्योंकि उसमें ऐसा हमारे यहां कुछ प्रकृति के विशेषज्ञ आचार्यों ने इसी मीमांसा की है।

मेरे प्यारे महानन्द जी यह उच्चारण तो कल किया जा सकेगा। आज तो केवल मैं ! उच्चारण यह कर सकता हूँ। कि माता अपने बालकाण्डन ब्रह्मे मन वचतम ब्रह्मे लोकः जिस माता के गर्भस्थल में मानो जैसे जेठाय नक्षत्र और पुष्प नक्षत्र है। दोनों का मिलान होता है। और उस समय सूर्य सिद्धान्त के अनुसार कृतिका नक्षत्र उसके गर्भ में रहने वाला हो, यदि उस समय माता के गर्भस्थल की स्थापना हो जाती है तो वह बालक सदैव कष्ट में पंहुचाता रहता है। वह बालक उस माता को सुखद किसी काल में बना नही सकता। इसीलिए हमारे यहां देखो, यह वाक्य प्रायः आता रहा है। मैं आज इस विज्ञान पर मानो देखो, प्रकृति विज्ञान पर नही जाना चाहता हूँ। कल मेरे प्यारे ! महानन्द जीप्रश्न करेंगें तो इसका उत्तर मैं कल ही दे सकूंगा।

केवल उच्चारण करने का अभिप्रायः तो अब यह है कि हम यज्ञ के सम्बन्ध में अपना कुछ वाक्य प्रगट कर रहे थे याग के सम्बन्ध में भी अपना कुछ विचार देते चले जा रहे थे, हमारे यहां परम्परा के आधार पर ऐसा माना गया है कि मानव को तपना चाहिए। अहा, उद्गाता उसे कहा जाता है, जो उदगान गाता है। हृदय से गाता है, और ब्रह्म में

लीन होकर गाता है। वह जो गायन होता है वह ब्रह्मवेत्ताओं के लिए महान लाभप्रद होता है। आनन्दमय बनाता चला जाता है। जिसको हमें सदैव विचारना है और महता को लाने में हमें सदैव उज्ज्वलता को प्रगट करना है। यह बेटा आज कोई विशेष चर्चा ! जितना !प्रगट करने नही आया हूँ। वाक्य उच्चारण करने का अभिप्रायः यह है बेटा भी यज्ञवेदी में तपा हुआ महान पुरूष होता है, तपे हुए ब्राह्मण होते हैं तपा हुआ यज्ञमान होता है। उतना ही यज्ञ महता को प्राप्त होता रहता है। बेटा मानव की वाणी जितनी ! तपी हुई होती है। उतना उस मानव का व्यापार सुन्दर होता है। जितना आहार सुन्दर होता है उतना उसका व्यवहार सुन्दर होता है।

मेरे प्यारे कल एक वाक्य बहुत सुन्दर प्रगट कर रहे थे कि जो मानव !महानन्द जी ! मांस का भक्षण करने वाले हों वह मानव योग पर पंहुचना चाहते हैं। तो यह असम्भव वाक्य है। क्योंकि मेरे प्यारे महानन्द जी एक ही मन्तव्य था मैं इनके अन्तःकरण की ! वार्त्ता कल जान गया था कि इनके द्वारा यह वाक्य कहां से आते हैं, ये कहां से संसार की वार्त्ता को ले आते हैं? हम इसको जान नही पाते परन्तु इनके सब वाक्यों का विचार यही था कि जो मानव यम नियम का पालन करने वाला नही होता, प्राणायाम की गति जिसकी गति नही होती, उसका हृदय मानवता तपी हुई नही होती, तो वह मानव संसार में योगी नही कहलाया जाता।

हमारे यहां जो यौगिक सिद्धान्त है, परम्परा का जो सिद्धान्त है, वह मानवता से सदैव सुगठित रहा है। क्योंकि मैं यह जानता रहता हूँ कि मन को कैसे साधक बनाया जाता है। प्रवृत्तियों को कैसे साधना में लाया जाता है। मुनिवरों मुझे स्मरण आता रहता है ! हमारे यहां परम्परा से योग के ऊपर बड़ा विवरण आता रहा है योगकी मीमांसा यह है। हमारे यहां मन और प्राण दोनों के मध्य में जो अन्तर्द्वन्द्व होता है, उसी को नष्ट करने का नाम योग कहलाया गया है। क्योंकि जो मत विक्षेप आवरण आदि होते हैं और मल, विक्षेप, आवरणों की जो मीमांसा है। उसमें प्रश्न होता है कि ये मल विक्षेप आवरण जो मानव के अन्तःकरण में आ जाते हैं। वे कैसे नष्ट होते हैं? और कैसे उन्हें नष्ट करना चाहिए। मुनिवरोंदेखो !, उसमें साधना की आवश्यकता होती है, और साधक

कौन होता है? साधक वह होता है, और जिसके द्वारा संयम करने वाला होता है। जिसके द्वारा संयम करने वाला नही होता। और जिसके द्वारा संयम नही होता बेटा ! वह संसार में साधक नही कहलाया जाता। जिसके प्राण की गति में ब्रह्मचर्य का मिश्रण हो करके, ब्रह्मचर्य की ऊर्ध्वागति बन जाती है, उसी समय मन और प्राण दोनों की सन्धि हो जाती है, दोनों की सन्धि में रमण करने वाला जो महापुरूष होता है, वह बेटा इस भौतिक जगत में विचलित नही होता। !

विचलित कौन प्राणी होता है? वह विचलित होता है जो अपने उदर के लिए क्या अह अपने जीवन को एक महान उदर का एक कृतिक बना लेते हैं। साधन बना लेते हैं बेटा वह संसार में यौगिक परम्परा को किसी काल में ला नही सकते। हमारे !यहां परम्परा से ऐसा कहा गया है।

मेरे प्यारेमहानन्द जी बड़े धूर्त हैं !, परन्तु ये धूर्त क्यों हैं, क्योंकि यह संसार की प्रत्येक वार्त्ता को मेरे द्वारा एकत्रित कर देते हैं। अब मैं उसका उत्तर कहां तक दिए जाऊं। केवल उत्तर हमारा यही है मैं यही वाक्य प्रगट अवश्य करना चाहता हूँ। कि संसार में बेटा योगी तो केवल कन्दराओं में रहने वाला होता है। और कन्दराओं में रहने वाला ! होता है, और कन्दराओं में ही साधक चले जाते हैं। कन्दराओं में ही राजा महाराजा चले जाते हैं। परन्तु देखो, अहा, मुझे स्मरण आता रहता है कि बेटाभयंकर व !नों में महर्षि भारद्वाज आश्रम में था पर्वतों में उनका कैसा आश्रम? केवल वहां एक सूक्ष्म सा प्रबन्ध था वहां सुन्दर यज्ञशाला थी। जिसमें नित्यप्रति यज्ञ करते, और उसी में वे अपने शिष्यों को निर्माणशाला में वैज्ञानिक परमाणुओं से सम्बन्ध में कुछ वाक्य प्रगट कराते रहते थे। महर्षि भारद्वाज एक महापुरूष होने के नाते मानो उनके द्वारा सब प्रकार की पुनीत विद्या का निर्माण मानो क्रियात्मक होता रहता था। **देखो, यहां महाराजा सूर्य वन्द माम केतु ऋषि राजा उनके आश्रम में पंहुचे। उनकी ख्याति को पान करते हुए अह महर्षि भारद्वाज को जाकर नतमस्तक हो गये। नत मस्तक हो करके राजा ने कहा कि महाराजमैं कुछ द्रव्य देना चाहता हूँ। उन्होंने कहा द्रव्य क्यों देना चाहते हो !? महाराज आपके उदर की पूर्ति के लिए, आपकी साधना के लिए। उन्होंने कहा कि जो प्रारब्ध**

है, वह हमसे दूर नही जाएगा। क्योंकि यहां नाना प्रकार की औषधियों का पान करते रहते हैं, उन्हीं के पान से हमारे उदर की पूर्ति होती रहती है। मुनिवरों वे ब्रह्मचर्य ! आश्रम में परणित हुए। परन्तु राजा ने बहुत सा द्रव्य फिर भी प्रदान किया परन्तु भयंकर व !वाक्य उच्चारण करने का अभिप्रायः यह कि संसार में बेटानों में भी ऋषि महापुरूषों के द्वारा राजा महाराजा अपनी आत्मिक शान्ति के लिए चले जाते हैं। परन्तु आत्मिक शान्ति उस काल में प्राप्त होती है। जबकि उसका स्वयं का मस्तिष्क भी ऊँचा महता हो। किसी प्रकार की विडम्बना न हो। देखो, वही तो संसार को ऊँचा बनाता चला जाता है। उसके पश्चात बेटा मैं अधिक वाक्य प्रगट नही करूंगा। !

वाक्य उच्चारण करने का अभिप्रायः यह कि हम यौगिक परम्परा में जाना चाहते हैं, यौगिकता को लाना चाहते हैं। मेरे प्यारे महानन्द जी एक वाक्य और उच्चारण कर ! रहे थे कल, कि संसार में देखो, धार्मिकता होने के नाते भी यह संसार दुःखित हो रहा है? एक यह प्रश्न है, परन्तु मैं इनके प्रश्नों का उत्तर देता ही रहूँगा। कोई बात नही परन्तु इसका उत्तर केवल यह है कि संसार में सबसे प्रथम साधारण प्रजा की अशान्ति का कारण राजा होता है। जब राजा के यहां स्वार्थ आ जाता है, राजा के यहां त्याग और तप नही रहता, राजा के राष्ट्र की जो प्रजा होती है, वह भी बिखरी हुई होती है। उसमें भी महता किसी काल में नही आती। इसके पश्चात द्वितीय कारण जो धार्मिक पुरूष होते हैं। धार्मिक पुरूषों में जब द्रव्य एकत्रित करने की प्रवृत्ति जब आ जाती है। वहां भी मुनिवरोंदेखो !, प्रजा ने अशान्तिवाद आ जाता है। रहा देखो, द्वितीय वाक्य यह भी है कि ब्रह्मे लोकः एकत्रम् ब्रह्मे व्यापकम् जो द्रव्य का दुरूपयोग करने वाले धार्मिक पुरूष होते हैं। **जो सन्यास आश्रम में जाने के पश्चात अपने को सन्यासी उच्चारण करते हैं। परन्तु वह प्रजा के कामधेनु के द्रव्य को वह दुरूपयोग करते है, तो उनको देखो, सात प्रकार का नरक प्राप्त होता है।** ऐसा हमारे यहां परम्परा से माना है। मानो देखो, वह द्रव्य का दुरूपयोग कैसे होता है। सन्यासी के लिए जब उसकी प्रवृत्तियों में यह आ जाता है कि तेरे द्वारा दिखावा होना चाहिए। और कैसा दिखावा हो कि मानो तू अहा कितना महागुप्त हो रहा है। जब ऐसी प्रवृत्तियां आन्तरिक बन जाती है, वह आन्तरिक

प्रवृत्ति प्रजा में अविश्वास का कारण बन करके वही धार्मिकता को नष्ट करती चली जाती है। क्योंकि उससे धार्मिकता ऐसे नष्ट हो जाती है क्योंकि भूमि के तुल्य वह वाक्य प्रायः प्रगट होते रहते है। इसके पश्चात मैं यह वाक्य प्रगट करने नही जा रहा हूँ।

वाक्य केवल यह उच्चारण करने का अभिप्रायः हमारा यह है कि जब धार्मिक पुरूषों में केवल अपना स्वार्थ पूर्व है, और प्रजा के लिए लाभ का कोई वाक्य कोई शब्द उसके पश्चात है। तो उस राजा के राष्ट्र में या प्रजा में धार्मिकता होते हुए भी अधार्मिकतता रहती है। उसमें शान्ति के स्थान में अशान्ति प्रजा में आ जाती है, एक मूल कारण होता है जिसके ऊपर हमें प्रायः विचार विनिमय करना है। इसके पश्चात वह क्यों कि यथार्थ वाक्य प्रगट नही कर पाते। राजा के राष्ट्र में जब द्रव्य का उदर में अजीर्ण हो जाता है, उस अजीर्ण के कारण संसार में अशान्ति रहती है। अजीर्ण किसको कहते है। जिस राजा के राष्ट्र में वैश्य होते हैं। और वैश्यजन द्रव्य को एकत्रित कर लेते हैं, और एकत्रित करके उस राजा के राष्ट्र में अजीर्ण का कार्य करते हैं। अजीर्ण आ जाता है। तो द्रव्यपतियों के आधीन रहने वाली जो प्रजा होती है। उनके मस्तिष्कों में अशान्ति होती है। क्योंकि जो अजीर्ण होता है, वह उस काल में होता है जबकि दूसरों के अधिकार को एकत्रित किया जाता है। जैसे मानव के शरीर में जब भी किसी काल में अजीर्ण होगा तो उस काल में होगा जब यहां वितरण करने का जो कार्य है, वह शान्त हो जाएगा। वह एक समय रक्त भरी क्रान्ति लाने का एक मूल कारण बन जाता है। इसी प्रकार हमें इन वाक्यों को विचार विनिमय कर लेना चाहिए। जिससे आज हम अपने जीवन की प्रतिभा को ऊँचा बनाते रहें।

सन्त महात्मा हमारे यहां ऋषि महर्षियों का जो एक महान मुख्य लक्ष्य होता है, वह इसी लिए होता है, उनका सामूहिक उपदेश होता है और अजीर्ण होने के लिए मानो वह एक औषध होता है। परन्तु देखो, उस काल में अजीर्ण कदापि शान्त नही होता। जब करने के वह आग्नेय वस्त्र को धारण करने के पश्चात भी एक द्रव्यपति सन्यासी का एक द्रव्यपति के द्वारा सत्य वाक्य कोई प्रगट नही कर सकता। वितरण की वार्त्ता नही उच्चारण कर सकता। तो मानो देखो, वह सन्यासी या सन्यासी या गरेऊ वस्त्र धारण

करने वाला इसीलिए नही उच्चारण करता। क्योंकि वह स्वयं उसकी आत्मिक शक्ति से ही उसका ह्रास हो गया है। वह इसीलिए यथार्थ वाक्य उच्चारण करने के लिए भयभीत रहता है। क्योंकि वह राजा के राष्ट्र में अजीर्ण को दृष्टिपात करना चाहता है। राजा के राष्ट्र में सबसे प्रथम अजीर्ण हो जाता है, उस अजीर्ण का प्रभाव है, उसमें अशान्ति रहती है। प्रजा में शान्ति उत्पन्न नही होती।

आज का हमारा यह वाक्य भी समाप्त होने जा रहा है। वाक्य उच्चारण करने का अभिप्रायः हमारा क्या था? आज मेरे प्यारेमहानन्द जी के प्रश्न तो बहुत कुछ हैं !, परन्तु इनका उत्तर मैं कल अवश्य दे सकूंगा। कल मेरे प्यारे महानन्द जी भी अपनी कुछ वार्त्ता ! प्रगट करेंगें। आज का हमारा विषय क्या है? कि अध्वर्यु और उद्गाता किसे कहा जाता है मेरी बालिका ने जब यह कहा कि उद्गाता कौन है तो यह कहा कि उद्गाता ? जो हृदय से उद्गम् गान गाता है। जीवन का गुणगान गाता है यथार्थवत वाद प्रगट कराता रहता है। उसी को हमारे यहां उद्गाता कहा जाता है। आज हम उद्गाता और अध्वर्यु के सम्बन्ध में अपने विचार देते चले जा रहे थे जिसका उदगान इतना विचित्र हो कि परमात्मा तक उनके जाने वाला विचार हो, उसकी को उद्गाता कहा गया है और वह यज्ञमान को श्रेष्ठ बना देता है। यज्ञमान उसी उद्गाता को चुनता है। यह आज का वाक् अब हमारा समाप्त हो गया हैं, कल इनका विचार बहुत सुन्दर कटुता को त्याग करके प्रारम्भ होगा आज का वाक् समाप्त।

६ 20 02 1970 पुष्प 21 मांसभक्षण विषय तथा महानन्द द्वारा लाक्षागृह के इतिहास

मानव जीवन सर्वोत्तम है। वेद ज्ञान से मानव जीवन सुन्दर बनता है। परमात्मा मानव को सचेत करता है। 2 मानवता से गुथे हुए मानव जीवन पर सदा विचार विनिमय होना चाहिए। 3 मानव को सुखी बनने के लिए अपनी इन्द्रियों का अनुसन्धान करते हुए यौगिक प्रक्रियाओं एवं साधना को करना चाहिए। 4 ब्रह्म चेतना के स्मरण करने से मानव में आत्मवाद की जागरूकता आती है। जागरूकता से महत्ता के दर्शन होते हैं। जीवन में अनुसन्धान के द्वारा मौलिक तत्त्व का जन्म होता है। 5 (क मानव मन तप (

प्रत्येक इन्द्रियों को संयम में रखना ही तपस्या है। (ख) से सुन्दर और महान बनता है। मानव (ग) का आहार तथा व्यवहार सुन्दर होना चाहिए। 6 अहिंसा परमों धर्मः। की वेदी पर आहार को और व्यवहार को शुद्ध करके इन्द्रिय संयम रूप तप की साधना से संसार सुखमय बन सकता है। इसीलिए हिंसामय भोजन साधना में बाधक होता है। इससे मानवता की स्थापना असम्भव है। 8 मांस भक्षण से अन्तःकरण की शुभ प्रवृत्तियाँ दूषित हो जातीं है। मांस भक्षण पापवर्धक है। दूषित अन्तःकरण वाला व्यक्ति भयभीत रहता है। महापुरुषों के जीवन में हिंसा नहीं होती। 9. आज के लोग योग का बहुत थोड़ा सा ज्ञान प्राप्त करके योगी बन जाते हैं। ये लोग गुरुड़मवाद का प्रचार करके अपने उदर की पूर्ति तथा स्वार्थ की सिद्धि करते हैं। 10. धार्मिक होकर भी आत्म विश्वास के अभाव में मानव सुखी नहीं बन सकता। आत्मचेतनावादी महात्मा के सत्संग से आत्मविश्वास होता है। 11 (क महात्मा बुद्ध एवं गुरु नानक आदि अनेक महापुरुषों (ने अहिंसा परमोधर्मः काउपदेश दिया। मानव को अपने मन की पापवृत्तियों का (ख) मानव मन के (ग) बलिदान करना चाहिए। पशुओं का बलिदान नहीं करना चाहिए। 12 संयम से ही साधक बन सकता है। (क महात्मा ईसा ने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन (कर सदाचारी और शान्त रहने, तथा सेवक बनने का उपदेश दिया। रूढ़िवाद ने समाज को नष्ट भ्रष्ट किया है। 13 जीवन संसार में ऊँचा कर्म करने के लिए दया करुणा करने के लिए देवता तथा मानव बनने के लिए आता है, दैत्य बनने के लिए नहीं आता। 14 (क (वारणावत) बरनावा (ख) दूसरों को नष्ट करने वाला व्यक्ति स्वयं नष्ट हो जाता है। (नामक स्थान पर पान्डवों के नाश के लिए कौरवों ने लाक्षागृह का निर्माण किया था। कौरव नष्ट हो जाए। पाण्डव शेष रहे। महाभारत काल में महाराजा अर्जुन तथा (ग) उस (घ) घटोत्कच ने इसी स्थान पर विशाल पुस्तकालय की स्थापना की थी। पुस्तकालय में, सूर्य मण्डल चन्द्र मण्डल और मंगल मण्डल आदि के विज्ञान के ग्रन्थ रखे थे। 16 माता हिडम्बा के तथा पिता भीम के पुत्र महाराजा घटोत्कच की लिखी चौदह सहस्त्र पृष्ठों वाला सुरंगत नामी नाम वाला ग्रन्थ भी यहाँ के पुस्तकालय में था। 17 मंगल ग्रह के विज्ञान विषय पर महाराज अर्जुन का लिखा मंगल केतुक नाम का

ग्रन्थ भी इसी पुस्तकालय में था। 18 (क महाराजा परीक्षित का न्यायालय भी इसी (संकीर्ण विचारों वाले लोगों ने उस पुस्तकालय को भस्म कर दिया। (ख) स्थान पर था। 19. पन्द्रह सौ बाईस वर्ष पूर्व व्यापार वैश्य वर्ग ने यहाँ कूप का निर्माण किया। संकीर्ण विचारों वाले लोगों ने इस स्थान को नष्ट भ्रष्ट किया। 20. साधना के बिना मानव जीवन शून्य के समान है। साधक का आहार तथा व्यवहार दोनों सुन्दर होने चाहिए। साधना से जीवन का निर्माण होता है। 21 महाभारत काल में इस स्थान पर विद्युत पर अनुसन्धान होता था। अब चार हजार वर्ष पश्चात इस स्थान पर विद्युत का आगमन हुआ है। 22 संसार परिवर्तनशील है। 23. अपनी प्रतिभा और अपनी संस्कृति (बुद्धि) 24 को सबल तथा पूर्ण बनाने के लिए अपने ऊपर बल देना चाहिए।. आहार तथा व्यवहार से संसार सुन्दर बनता है।

मांसभक्षण विषय तथा महानन्द द्वारा लाक्षागृह के इतिहास का वर्णन 20 फरवरी लाखा मंडप 1970, बरनावा।

जीते रहोआज हम तुम्हारे समक्ष !मुनिवरों !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, आज हमने पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। वे भी तुम्हें प्रतीत हो गए होंगे। हमारे यहाँ परम्परा से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण किया जाता है। जो वास्तव में मानतत्व को सुन्दर बनाने वाली है। क्योंकि मानव जगत एक महान कहलाया गया है। जिसके ऊपर हमें सदैव विचार विनिमय करना है, अनुसन्धान करना है। आज हम अपने मानतत्व को सुन्दर बनाना चाहते हैं। मेरे प्यारेह !ऋषिवर !मारे यहाँ आचार्यजनों ने ऋषियों ने वेद के लिए बहुत कुछ सुन्दर अपने विचार दिए हैं। परन्तु उन विचारधाराओं में हमारा जो एक मानवीय जगत् है वह सुन्दर कहलाया गया है। मेरे प्यारे आज का जो हमारा वेद का प्रकाश है !ऋषिवर ! !वह मानव को सुन्दर बनाने वाला है। मेरे प्यारे ऋषिवर हमारे यहाँ उस परमपिता ! सुन्दर बनाने !परमात्मा की प्रतिभा का सदैव गुणगान गाया जाता है। हे आनन्दमय तू हमारे जीवन को उद्बुद्ध करने वाला है। जब हम तेरी प्रतिभा पर विचार !वाले

विनिमय करने लगते हैं तो हमारा जीवन सुन्दर होने लगता है।

मेरे प्यारेश्रा !ऋृषिवर !ज जब हम यह विचार विनिमय करने लगते हैं कि हमारा जो जीवन है उसमें कितनी सुन्दरताएं श्रौर कितनी महत्ता होनी चाहिए? उसके ऊपर हमारा सदैव विचार होता रहा है। श्राज का हमारा वेदपाठ उस महान पाण्डित्य से युक्त था, जिस परम्परा से वह युक्त रहा है। मेरे प्यारे हमारे !ऋृषिवर !जीवन में एक महत्ता को लाने की सदैव श्रावश्यकता रहती है। क्योंकि हमारे जीवन में जो सूक्ष्मता रहती है, वह हमारी ही धृष्टता होती है। परन्तु उसमें सुन्दरवाद नहीं होता। मेरे प्यारे मुझे !ऋृषिवर ! नाना प्रकार की प्रेरणा देते रहते हैं। उनका विचार विनिमय होता रहता है।जहाँ हम यह विचार विनिमय करने लगते हैं कि हमारी मानवीय जो संकलित प्रतिभा है, उस प्रतिभा में एक श्रोज होना चाहिए। जिस श्रोज के द्वारा हमारे जीवन में एक मौलिक तत्त्व उत्पन्न हो जाता है। जिस मौलिक चेतना के श्राधार पर हमारे जीवन में एक महत्ता का दिग्दर्शन होने लगता है। तो मेरे प्यारे जब हम यह विचार विनिमय !ऋृषिवर ! करने लगते हैं कि हमारा जो मौलिक जीवन है मानवत्व से गुथा हुश्रा है। हमें उस पर सदैव विचार विनिमय करना है।

श्राश्रो मेरे प्यारे मैं श्राज तुम्हें यह वाक्य प्रकट कराने जा रहा हूँ। हमारे !ऋृषिवर ! यहाँ परम्परा से ही ब्रह्मवेत्ताश्रों के सम्बन्ध में नाना प्रकार की विचारधारा श्रथवा उसका विनिमय होता रहा है। हमारे यहाँ जैसे महर्षि जमद्गि श्राश्रम, महर्षि भारद्वाज श्राश्रम की विवेचना श्राती रहती है। नाना प्रकार की वार्ता जो मानव में मस्तिष्क में प्रायः श्रोत प्रोत रहती है, वह मानवता से ही तो सुगठित रहती है। हमारे यहाँ एक समय महात्मा दधीचि श्राश्रम में सभा हुई महात्मा श्राश्रम में जो ब्रह्मवेत्ता कहलाए जाते थे। श्रश्विनी कुमार क्योंकि श्रायुर्वेद के महापण्डित होने के नाते श्रौषधियों के ऊपर बड़ा उनका श्रनुसन्धान रहा है। ये महर्षि दधीचि के ब्रह्मज्ञान में शिष्य थे। संसार में प्रत्येक वस्तु श्रनुसन्धान चाहती है। कोई भी वस्तु ही, मानव के चक्षु भी श्रनुसन्धान चाहते हैं, घ्राण भी श्रनुसन्धान चाहती है। परन्तु जब हम यौगिक साधना में जाते हैं। उस समय भी हमें श्रपनी प्रवृत्तियों पर श्रनुसन्धान की श्रावश्यकता रहती है। मेरे प्यारेजब हम !ऋृषिवर !

अनुसन्धान की दृष्टि से अन्वेशरा करने लगते हैं, तो उस समय हमें यह प्रतीत होने लगता है कि हमारा जो जीवन है वह वास्तव में महान् पवित्र कहलाया गया है। मेरे प्यारे आज का हमारा वैदिक परिचय यह है कि वेद की प्रतिभा को लाने !ऋषिवर ! के लिए सदैव तत्पर रहें। महात्मा दधीचि के आश्रम में एक सभा हुई जिसमें अश्विनी कुमार इत्यादि विराजमान थे, आदि ऋषिवरों का विचार विनिमय प्रारम्भ होने लगा। मुनिवरोंदेखो !, एक भौतिक तत्त्व से विराजमान रहता था। केवल महात्मा दधीचि ने आदि ऋषियों के समक्ष एक प्रश्न किया। कि यह जो संसार है यह सब प्रकार से सुखद रहना चाहिए। मानव सुखद होने का कारण क्या है? आज मानव कैसे सुखद बन सकता है? कैसे उन्नत बन सकता है? तो मेरे प्यारे यह वाक्य महात्मा दधीचि के !ऋषिवर ! ही द्वारा नहीं महात्मा जमदग्नि इत्यादियों ने इस वाक्य को समर्थन किया। कहा कि वास्तव में विचार विनिमय होना ही चाहिए कि मानव का जीवन कैसे सुखद बनता है? कैसे आनन्द को प्राप्त होता है? तो मेरे प्यारे यह वाक्य उनके विचारों में !ऋषिवर ! था। परन्तु इस समय महर्षि भारद्वाज जो सभापति बनाए गए थे उनके द्वारा ही नाना प्रकार के प्रश्न आने लगे। क्या यह संसार कैसे सुखी बनेगा? संसार को सुखद बनाना है। मुनिवरों उन्होंने एक विचार धारा मानव के लिए नियुक्त की। नियुक्त करते हुए ! उन्होंने कहा कि आज मानव को सुन्दर बनना है अथवा प्रत्येक मानव समाज को उन्नति के एक शिखर पर जाना है। हमें वास्तव में उन्नत बनना है। क्योंकि जिसको लाने के लिए हमारा जीवन हमारी मानवता उस महान् भौतिक तत्त्व से सुगठित रहती है। मेरे प्यारेआज का हमारा यह विचार क्या कह रहा है !ऋषिवर !? हमारी एक धारा क्या वह रही है? महर्षि भारद्वाज ने अपनी शब्दावलियों में कहा है कि मानव को सुखी बनना है। मानव को उत्तम बनना है। तो संसार में अपनी इन्द्रियों के ऊपर अनुसन्धान करना है। हमें यौगिक प्रक्रियाओं में जाना है। यौगिक साधना में जाना है।

यौगिक साधना है क्या? जिससे मानव उस ब्रह्म को प्राप्त हो जाता है। ब्रह्मवेत्ता बनता चला जाता है महात्मा भारद्वाज महर्षि जी ने अपना वक्तव्य देते हुए अपने अनुभव का एक वाक्य प्रकट किया। उन्होंने कहा था कि संसार में जो यौगिक साधना में जाना

चाहता है। साधक बनना चाहता है, उसको आवश्यकता है कि वह अपने मन को संयम में लाए। परन्तु मन में संयम में कैसे उपरामता में लाया जाता है? मुनिवरों जब ! मानव के प्रत्येक श्‌्वास के साथ उस महान् चेतना का स्मरण होगा। देखो, ब्रह्म की चेतना का स्मरण करना ही मानव को आत्मपद की चेतना को जागरूता में लाना है। वह जो जागरूक चेतना है उसी के द्वारा तो एक महत्ता का दिग्दर्शन होता है। अहा, उसी के द्वारा एक मानवता के सुन्दर सुन्दर अंकुर मानव में उत्पन्न हो जाते हैं। तो मेरे प्यारे आज मैं अधिक विवेचना नहीं प्रकट करने जा रहा हूँ। केवल वाक्य !ऋषिवर ! उच्चारण करने का अभिप्राय हमारा यह है कि हम सदैव उस आनन्दमयी चेतना को हम जानने में कितनी उन्नति को प्राप्त हो सकते हैं। इसके ऊपर हमें बारम्बार अनुसन्धान करना है। विचार विनिमय करना है। जिससे हमारे जीवन में एक मौलिक तत्त्व उत्पन्न होता चला जाए।

मेरे प्यारे जब हम यह विचारते रहते हैं कि हमारा जीवन वास्तव में यौगिक !ऋषिवर ! प्रक्रियाओं से सन्नद्ध रहता है, तो बेटा मानव योग की विवेचना करने में सफल ! नहीं हो पाता। मानव के लिए हमारे आचार्यों ने तप के लिए बड़ी मीमांसा की है। कि मानव का जो मन है, वह तपने से सुन्दर बनता है। हमारे यहाँ तप किसे कहा जाता है? तप की मीमांसा क्या है? आज जो मानव तपस्वी बनना चाहता है उसके द्वारा कौन सी ऐसी प्रतिभा है? जिससे वह तप को प्राप्त हो सकता है। मुनिवरों वह तप है प्रत्येक ! इन्द्रियों को अपने संयम में बनना उसका आहार सुन्दर हो उसका व्यवहार सुन्दर, उसकी वाणी पर संयम हो, प्रत्येक इन्द्रिय उसकी अपने अपने संयम में हो। तो वह मानव संसार में साधक बनने, यौगिक, प्रक्रिया के यौगिक आसान पर, यौगिक मार्ग पर जाने के लिए वह अपनी एक प्रतिभा बनाता है। उस प्रतिभा से ही जगत को उन्नत बनाया जाता है। तो मेरे प्यारे आज मैं कोई अधिक चर्चा प्रकट करने नहीं !ऋषिवर ! जा रहा हूँ।

महर्षि जी ने कहा कि यदि संसार को सुखद बनाना है, तो केवल एक ही प्रक्रिया है, एक ही साधना है, जिस साधना के द्वारा यह जगत उन्नत बन सकता है, पवित्रता को

प्राप्त हो सकता है कि वह अपनी इन्द्रियों को संयम में बनाए और तप में बनाए। हमारे यहाँ तप की जो मीमांसा है, वह सबसे प्रथम आहार है। क्योंकि आहार उत्तम होना चाहिए, आहार में हिंसा के विचार भी नहीं होने चाहिए। मेरे प्यारे महानन्द जी यह ! कहा करते हैं कि मांस भक्षण करने में दोषारोपण नहीं होता। परन्तु मैं यह कहा करता हूँ क्या वास्तव में मांस भक्षण करने के लिए मानव को किसी प्रकार का दोष तो नहीं होता? परन्तु जो मानव किसी प्राणी को नष्ट करता है। आह, जिस समय वह अपनी भुजाओं से किसी भी को नष्ट करता है, उसके प्राण दूर चले जाते हैं, वह जो रक्त है, वह जो मांस है, उस मांस के, रक्त के कण कण में हिंसा ओत प्रोत हो जाती है। जब हम उस हिंसा भरे आहार को पान करते हैं, आह, वही मौलिक जो परमाणु होते हैं, हिंसक परमाणु होते हैं, सूक्ष्म परमाणु होते हैं, वे मानव की प्रवृत्ति को नष्ट और भ्रष्ट करते चले जाते हैं, इसीलिए हमारे यहाँ विचार आता रहता है। हमारे ऋषि मुनियों ने बेटा अहिंसा परमोधर्म के सम्बन्ध में अपने बहुत बहुत सुन्दर विचार दिए हैं। अपने ! विचारों को व्यक्त करते हुए आचार्योंने कहा है, क्या हम जगत को उन्नत बनाना चाहते है? परन्तु इससे हमारा जीवन उन्नत होता रहे और यौगिक प्रक्रियाओं पर हम वास्तव में साधना को प्राप्त कर सके। मानव को अंहिसा परमोधर्मः। की वेदी पर इतना पहुंच जाना चाहिए जिससे मृगराज भी उसके लिए सामान्यता को प्राप्त होती है। जगत् एक सामूहिक रूप बन जाता है। ऐसा जो मौलिक विचार होता है ऐसी जो धारा होती है, वही तो इस जगत् को उन्नत बनाती चली जाती है। मेरे प्यारे आज मैं अपने !ऋषिवर ! महानन्द जी अपने कुछ वाक्य !इन वाक्यों को विराम देने जा रहा हूँ। अब मेरे प्यारे प्रकट करेगें। हमारा तो केवल यही विचार था कि हम यौगिक प्रक्रियाओं को उत्तम बनना चाहते हैं।

पूज्य महानन्द जीः ओ३म् यमा सर्वम ब्रह्मे लोकाम्वरी गतः मानम् भगः विश्रवम् धनम् मामकेतुमयः। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अथवा भद्र मण्डल। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव अभी ! अभी कुछ योग के सम्बन्ध में अपना कुछ विचार व्यक्त करते चले जा रहे थे। वास्तव में इनकी यौगिक प्रक्रियाओं का जो विचार है, वह बड़ा सुन्दर कहलाया गया है। उनके

विचारों में प्रायः यह आता रहता है। कि हम सदैव अपनी मानवता को उज्ज्वल बनाना चाहते हैं। जहाँ यह वाक्य प्रकट होने लगता है कि हमारे जीवन की जो महान् प्रक्रिया है वह अनुसन्धान वेत्ताओं के लिए एक महान् दिग्दर्शन कहलाया जाता है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने अभी अभी अपने वाक्य प्रकट करते हुए कहा था कि मानव को मांस भक्षण नहीं करना चाहिए। क्योंकि उसमें दोषारोपण होते हैं। क्या दोष होता है? उस दोषारोपण के लिए हमारे यहाँ एक वाक्य प्रायः आता रहा है, एक विचारधारा हमारे समीप आती रहती है। मांस भक्षण करने में कितना दोष और क्या होता है? मुनिवरोंदेखो !, उसमें यह होता है कि मानव जब किसी भी प्राणों का हनन करता है उस समय उसकी जो वेदना होती है जब इस शरीर को त्याग करके आत्मा जाता है। उसकी जो वेदना होती है, उसका जो अपर्ण विचार होता है वह उसके कण कण में ओत प्रोत हो जाता है। ओत प्रोत हो जाने से ही उसके विचारों में अन्तर्द्वन्द्व आते हैं। विचारों में ही हिंसा भाव आकर के ही उन विचारों में एक ऐसी प्रवृत्ति उत्पन्न हो जाती है जिन विचारों से ही मानव किसी काल में भी साधक और मानवत्व को लाना उसके लिए असम्भव हो जाता है।

हम यह विचार करते रहते हैं कि मानव को अहिंसा परमोधर्मः की वेदी पर आ जाना चाहिए। मैं यह विचार व्यक्त करने लगता हूँ कि यह संसार कैसे उन्नत होता है? कैसे यह विचारधारी आती है? आज हम अंहिसा परमोधर्मः को अपनाते चले जाए। मांस भक्षण करने वाले प्राणियों को यह विचार विनिमय कर लेना चाहिए कि हमारी जो अन्तःकरण में शुभ प्रेरणा है, वह दूषित हो जाती हैं। ऊँची तंरगे नहीं उत्पन्न होती। क्योंकि उसका भक्षण करना हमारे लिए पापवर्धक कहलाया गया है। क्यों कहलाया गया है? इसका मूल कारण यह है कि हम वास्तव में अपने जीवन की प्रतिभा को हम में ले जाना चाहते हैं। इसके पश्चात मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने अभी अभी कहा है। परन्तु मैं आज महात्मा जमदग्नि की चर्चा नहीं प्रकट करने आया। महात्मा दधीचि की चर्चा भी नहीं प्रकट करने आया हूँ। मैं तो केवल अपनी विचारधारा व्यक्त करने आया हूँ। आज के जगत में आज के यौगिकवाद में कितना अन्तर्द्वद्व आ गया है? मानवीय विचारधारा

में कितनी अकृतता आ गई है? जिसको हम स्पष्ट उच्चारण करते हुए संसार में भयभीत होते रहते हैं। क्या उस मानव को आज हमारे यहाँ जब में योगियों के द्वारा जाता हूँ। आधुनिक काल के राष्ट्र के द्वारा जाता हूँ, तो हम भयभीत होते हैं। भयभीत होने का कारण क्या है? क्या स्वयं हमारा अन्तःकरण दूषित होता है? जो महापुरुष होते हैं उनके जीवन में देखो, हिंसा नहीं होती। अहा, अंहिसा परमोधर्मः की प्रतिभा सूक्ष्म होने से ही हमें भयभीत सदैव प्रभावित करती रहती है। हम भयभीत होते रहते हैं। उस भय का कारण क्या है, क्या हममें आत्मिक बल न होनें के कारण नाना प्रकार के उन व्यक्तियों से दुःखित अथवा हम उन व्यक्तियों से भयभीत होते हैं। जिसको हम परम्परा से मानवता के स्तर पर लाते चले आए हैं।

हमारा यह विचार क्या कह रहा है? वैदिक विचार में आता चला जा रहा है आज का जो यौगिकवाद है, वह कोई भी योगी हो, परन्तु वह केवल अपनी एक विचारधारा होती है। अपना एक मार्ग होता है। परन्तु उस मार्ग में आगे चल करके एक महान वाक्य भी आ सकता है। परन्तु अधिकतर इस प्रकार के होते हैं, जिन्होंने मन की सूक्ष्म सी प्रकाश की तरंगे को जान लिया। परन्तु अपने में यह हो गया कि मैं योगी बन गया हूँ। आज के संसार में गुरुड़म की आवश्यकता नहीं थी। परन्तु देखो, गुरूड़म की आवश्यकता से संसार के लोग इसके आधार पर अपने जीवन अपने उदर की पूर्ति करना चाहता है। मैं यह नहीं उच्चारण करने आया। आज के जगत को मैं दृष्टिपात करता रहता हूँ। परन्तु जब मुझे यह विचार आता है कि यह कैसे उदर कि पूर्ति की जाती है? हमारी वैदिक परम्परा क्या है? किसके आधार पर अपने जीवन को लाया जा सकता है? जीवन की प्रतिभा को उन्नत बनाया जाता है।

हम संसार में योगी बनना चाहते हैं, तो योगी बनने के लिए हमें साधना की आवश्यकता होगी। आत्मा विश्वास की आवश्यकता होगी। हे मेरे पूज्यपाद गुरुदेव संसार में मानो ! जब आत्मविश्वास नहीं होता, तो यह जगत कैसे उन्नत बनेगा। मैंने क्या मेरे पूज्यपाद ने भी कल के वाक्यों में कहा था कि यह संसार धार्मिक होते हुए भी सुखी नहीं हो पाता। इसका मौलिक कारण केवल यहीं है। सुखी बनने का कारण केवल यही है न

ब्रह्मो कामा वृतम ब्रह्म क्योंकि मानव में एक एक आत्म विश्वास नहीं होता। आत्मविश्वास उस काल में होता है, जब किसी आत्म चेतनावादी के दर्शन किए जाते हैं। आत्मा में उसके स्वतः ही आत्मा की प्रतिभा ओतप्रोत ही जाती है। उसका विचार, उसकी मानवता उसे बाध्य करती रहती है कि वास्तव में मुझे उन्नत बनने के लिए उत्तमता की सदैव आवश्यकता है।

आज तक समाज में हमारे यहाँ नाना प्रकार के महापुरुष हुए। मुझे स्मरण आता रहता है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव को तो ज्ञान नहीं है, परन्तु यहाँ महात्मा बुद्ध ने कहा था कि संसार को उन्नत बनाना है। संसार को मौलिकता में लाना है तो अंहिसा परमोधर्मः को अपनाओ। उन्होंने एक मार्ग को अपनाया। उस मार्ग को अपनाने का परिणाम यह हुआ कि उनका जो व्रत था वह ऊँचा बना। परन्तु अन्त में क्या हुआ क्या वे उस मार्ग से विचलित हो गए? दूर चले गए मानसं ब्रह्मे अहिंसा परमोधर्मः को त्याग दिया। इसी प्रकार मुझे संसार का इतिहास स्मरण आता रहा है। महात्मा नानक ने एक वाक्य कहा था कि रक्त की जो एक कृति होती है। वह देखो, वस्त्र को भ्रष्ट कर देती है। अरे, मानव तू नाना प्रकार के प्राणियों का रक्त पान करता है। तेरा अन्तःकरण कितना ! दूषित हो गया है, तेरे अन्तःकरण में कितने रक्त भरे हिंसा के चिन्ह हो गए हैं। अह ! देखो, कितने पराधृत हो गए हैं? जो रक्त के चिन्ह होते हैं उन्हें तू नष्ट नहीं कर पाता। मुनिवरों यही तो महात्मा नानक ने भी कहा है। परन्तु महात्मा नानक के पुजारी क्या ! करते हैं? महात्मा मोहम्मद ने भी एक वाक्य कहा था। वास्तव में मोहम्मद को मैं महात्मा स्वीकार नहीं करता हूँ। परन्तु किन्हीं किन्हीं वाक्यों में मैं महात्मा मोहम्मद को स्वीकार कर लेता हूँ। क्योंकि राष्ट्रीय विचारधारा में मुझे महात्मा मोहम्मद बहुत ही प्रिय लगे। इसीलिए मैं इनका किसी किसी काल में आदर भी कर देता हूँ। परन्तु महात्मा मोहम्मद ने यह कहा था कि दूसरे के रक्त को पान न करो। क्या दूसरों की बलि देना हमारे लिए बहुत अनिवार्य है। अरे, मोहम्मद के मानने वालोअरे !, बलि देना, पुत्र की बलि देना तुम्हें कोई अधिकार नहीं है। आज कोई पिता यह कहता है कि मेरी सबसे प्रिय जो वस्तु है वह मानो मेरा पुत्र है। अरे, मोहम्मद के मानने वाले पुत्र को नष्ट करने का

तुम्हें अधिकार नहीं होता। क्योंकि पुत्र राष्ट्रीय सम्पत्ति होती है। वह प्रभु की एक सम्पति होती है। इसीलिए पुत्र को भी कोई नष्ट नहीं कर सकता इसीलिए आज तुमने जाना नहीं कि आत्मा का जो पुत्र है। वह मन है। आज मन को नष्ट कर देना चाहिए। क्योंकि बिना मन के मानव कदापि भी संसार में साधक बन ही नहीं सकता। मानव साधक जब तक नहीं बन सकता जब तक कि वह मन के ऊपर संयम यहीं कर लेता। इसीलिए हमारे यहाँ नाना प्रकार के विचार आते हैं।

महात्मा ईसा ने एक वाक्य बहुत ही ऊँचा कहा है। महात्मा ईसा ने कहा कि संसार में वास्तव में देखो, ब्रह्मचर्य व्रत्त से रहना चाहिए, ब्रह्मचर्य की ऊर्ध्वगति बना लेनी चाहिए अह उन्होंने अपने सदाचार के ऊपर और शान्त रहने के लिए, सेवक बनने के लिए, संसार में बड़ा बल दिया है। आओ मेरे प्यारे आज हम संसार में उनकी !ऋषिमण्डल ! चर्चा कर रहे हैं जो आधुनिक काल में परमात्मा के कुछ उपासक हुए हैं। परन्तु उनका विचार नाना प्रकार से संसार के लोगों ने रूढ़िवाद में ले लिया। वह रूढ़िवाद इस समाज के लिए, राष्ट्र के लिए बड़ा घातक बनता चला गया है। विनाश के मार्ग पर लेता चला गया है। परन्तु मैं उन वाक्यों को प्रकट कराने जा रहा हूँ कि आज हमें दूसरे के मांस को दूसरे के रक्त को पान नहीं करना चाहिए। आज जो मानव दूसरे के रक्त को पान करने वाला होता है वह मानव संसार में साधक नहीं बन सकता। न अपनी प्रवृत्तियों को ही सात्विक बना सकता है।

तो आओ मेरे प्यारेहम जो जगत में आए हैं !ऋषिवर !, परमात्मा की सृष्टि में आए हैं हम किसी प्रकार का भी पाप कर्म करने नहीं आए हैं। हम तो इस संसार को ऊँचा बनाने आए हैं और संसार में ऊँचा कर्म करने के लिए आते है। आह, यहाँ संसार में दया करने के लिए आते हैं। करुणा करने में लिए आते हैं। देवता बनने के लिए आते हैं। और मानव बनने के लिए आते है। यहाँ संसार में दैत्य बनने के लिए मानव नहीं आता।

हे मेरे पूज्यपाद गुरुदेव नाना प्रकार की विचारधारा मुझे प्रायः प्रकट होती रही है। ! मैं यह जानता रहता हूँ कि जिस आसन पर हमारी आकाशवाणी जा रही है आज मैं

उस आसन को जो दृष्टिपात करके अपने सूक्ष्म शरीर के द्वारा मैं बड़ा प्रभावित हो रहा हूँ। मेरा हृदय सदैव गदगद रहा है। क्योंकि देखो, यहाँ यवन मोहम्मद के मानने वालों को नाना प्रकार की विचारधारा प्रायः बनती रहती है। परन्तु जो मानव दूसरों के नष्ट करने की विचारधारा बनाता है, वह संसार में स्वयं नष्ट हो जाया करता है। यह प्रायः सिद्धांत होता है। परन्तु इसके ऊपर विचार विनिमय करना है। जब हम यह विचारते रहते हैं कि महात्मा मोहम्मद क्या विचार था? मोहम्मद ने कहा है कि संसार में प्रीति से रहना चाहिए, प्रेम से रहना चाहिए और देखो, रूढ़िवाद को त्याग देना चाहिए। कुरीतियों को त्याग देना चाहिए। जब यहाँ नाना प्रकार की कुरीतिएं हमारे समक्ष आती हैं, परन्तु मोहम्मद की मैं विशेषता यही केवल प्रकट करता हूँ। परन्तु जहाँ यह वाक्य आता है कि उनके मानने वाले कितनी प्रीति करते हैं? कितना स्नेह करते हैं? कितनी मानवता को लाने का प्रयास करते हैं? कितना अपनत्व में ऊँचा बनना चाहते हैं? केवल एक ही नाद रहता है कि यह संसार सब यवन हो जाए। परन्तु यवन हो करके द्वितीय कोई प्राणी न रहे। यह केवल उसका विचार सुन्दर नहीं है। क्योंकि यह विचार स्वयं उनके सुकृत को नष्ट कर देता है। उनकी प्रतिभा में उज्ज्वलता नष्ट हो जाती है। इसलिए आज मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव का जो मृत्यु लोकी शरीर है, परन्तु जो एक भोला भाला सा भ्रमण करता रहता है। आज मैं उसके सम्बन्ध में अपने विचार क्या व्यक्त कर सकता हूँ? क्योंकि विचार देना मेरे लिए कोई आवश्यक नहीं है।

परन्तु रहा यह कि संसार में यह प्रायः होता रहा है जो भी मानव शुभ कर्म में आगे चला है उसके द्वारा निराशा भी आती है। आशाएं भी आती हैं। उसके जीवन में नष्ट करने की भावना भी बनाई जाती है। उसके जीवन में चरित्र की भावना भी बनाई जाती है। परन्तु उस महापुरूष का दोष नहीं होता। जो मानव बिना दृष्टिपात किए, बिना विचारे किसी वाक्य को प्रकट करता है। उस मानव का पुण्य हनन हो जाता है। उस मानव का पुण्य ऐसे नष्ट हो जाता है, जैसे सांय काल का सूर्य अन्धकार के आने पर शान्त हो जाता है। इसी प्रकार हमें विचार विनिमय कर लेना चाहिए। मैं आज यह वाक्य प्रकट करने जा रहा हूँ। क्या संसार में जैसा भी विचार व्यक्त करना हो उस पर पहले

विचार विनिमय कर लेना चाहिए। अहा, विचारधारा के लिए मुझे स्मरण आता रहता है। जिस आसन पर आज जो लाखा ग्रहम् ब्रह्मे, जो महाराजा दुर्योधन ने एक लाख का गृह का निर्माण किया था। मानो उस निर्माण के सम्बन्ध में मैं एक चर्चा प्रकट करता चला जाऊं कि महाराजा को !दुर्योधन ने जो लाखा गृह बनवाया था पाण्डव पुत्रों ! नष्ट करने के लिए। उस समय क्या हुआ? पाण्डव तो जीवित चले गए। परन्तु संग्राम हुआ। अरे, दुर्योधन न रहा संसार में देखो, पाण्डवों को विजय हो गई। कारण क्या है? उसके पश्चात भी इसी स्थान पर देखो, महाभारत के ही काल में उसके पूर्व काल में भी यहाँ घटोत्कच और महाराजा अर्जुन का यहाँ बहुत विशाल पुस्तकालय रहा है। देखो, यहाँ सूर्य विज्ञान पर इतना विशाल पुस्तकों का भंडार था। सूर्य विज्ञान है क्यों? चन्द्र विज्ञान क्या है? और मंगल विज्ञान क्या है? देखो, दो मण्डलों का विज्ञान उसमें निहित रहता था।

परन्तु महाराज घटोत्कच्छ जो भीम के पुत्र होते थे, मानो जो हिडम्बा के पुत्र कहलाए जाते थे अहा, उनका एक पुस्तकालय था। एक पुस्तक उन्होंने लेखनीबद्ध की थी विज्ञान के सम्बन्ध में। उस लेखनीबद्ध पुस्तक में चौदह सहस्र पृष्ट कहलाए जाते थे। उस पुस्तक का नाम ही सुरगत नामी था। सुरंगतनाम के यन्त्र का कैसे निर्माण कर सकता है? देखो, सुरंगतनाम का वह यन्त्र होता है जिस यन्त्र में इतना प्रवाह होता है जिस व्यक्ति को तुम्हें नष्ट करना है उतना ही वह यन्त्र उस व्यक्ति को नष्ट करके उस व्यक्ति के द्वार पर आ जाता था। उस यन्त्र में यह विशेषता रहती थी। उस पुस्तक में सर्व यन्त्रों का निर्माण लिखा था।

इसी प्रकार महाराजा अर्जुन देखो, मंगल मण्डल में जब रहे, मंगल मण्डल में तीन वर्ष और तीन मास तक रहे। उन्होंने वहाँ जाकर के मंगल मण्डल के प्राणियों से वार्त्ता प्रकट की। वार्त्ता प्रकट करते हुए उन्होंने मंगत केतुक नाम का एक पुस्तकम् लिखा था। जैन काल में उसको अग्नि के मुखारबिन्द में अर्पित किया गया था। इसी प्रकार आगे चलकर के महाराजा कृत्तम ब्रह्म, महाराजा कृषिअस्ते, सुगानमः ब्रह्मे राज जिसको हमारे यहाँ राजा परिच्चित कहा जाता है। महाराजा परिच्चित के समय में यहाँ उनका एक

न्यायालय रहा है। परन्तु समय आता रहा, इसकी प्रतिभा में मैंने इससे पूर्व काल में भी प्रकट कराया था कि सबसे प्रथम जैन काल में महावीर के मानने वालों ने पुस्तकों के भण्डार को नष्ट कर दिया। कारण क्या हुआ? क्यों नष्ट कराया? जिससे कि जैन समाज का ऊँचा प्रभाव हो। अह जब तक ये पुस्तक रहेंगे, विज्ञान ऊँचा रहेगा, तो तुम्हारा जो नवीन अहिंसा परमोधर्मः है, यह ऊँचा नहीं बनेंगा। इसी प्रतिभा से, इन संकीर्ण विचारों से यह सब नष्ट भ्रष्ट होता रहा है।

इसी प्रकार आगे चल करके आज भी मुझे स्मरण आ रहा है यवन काल में यह हुआ जब यवनों का राज्य आ गया, उन्होंने उस स्थान पर बलि दो। देखो, चन्द्रकान्त का नाम एक मानो वैश्य था जो मनन करने वाला था उन्होंने उसके पश्चात भी मन्दिर की प्रतिभा चलती रही। नया सुन्दर भव्य एक मन्दिर बनवाया। उन्होंने कूप बनवाया। परन्तु जिस काल को हमारे यहाँ लगभग पन्द्रह सौ बाईस वर्ष हो चुके हैं जब महाराजा देखो, वाणिज्य करने वालों ने कूप इत्यादि का निर्माण के हेतु मानो नाना प्रकार की प्रतिभा रही थीं इसी प्रकार यवन काल आया उसमें अह, देखो, पुजारियों को राज्य बल के कारण उसका परिणाम यह हुआ तथा जो पण्डित रहने वाला था उनको नष्ट कर दिया। ऐसा कृत्य कर दिया गया कि उस पवित्र मन्दिर को भ्रष्ट कर दिया गया। इस वाक्य को मैं आगे प्रकट नहीं करूंगा। इसके पश्चात यहाँ सब कुछ ऐसा होता रहा है जिसके ऊपर मैं आज विवेचना देने से असमर्थ रहता हूँ।

आज जब वह समय आता है जब यह हमारा सुन्दर काल एक ऊँचे पन पर दृष्टिपात आने लगता है वह समय बाम्बार स्मरण आता रहा है। वाक्यों को मैं पुनरुक्ति देना नहीं चाहता। परन्तु रही यह वाक्य कि आज भी उनकी नष्ट भ्रष्ट करने की योजना बनती रहती हैं। परन्तु प्रभु की अनुपम कृपा रहती है। आज जो मानव सदैव दूसरों के विचार दूसरों की मौलिकता, दूसरे के कार्य को नष्ट करने के लिए तत्पर रहता है, वह स्वयं इस संसार सागर से नष्ट हो जाता है। परन्तु आज मैं क्या वाक्य प्रकट कर सकता हूँ। आज केवल मैं अपने विचार इसीलिए व्यक्त करने जा रहा हूँ कि आज जो जगत है वह अहिंसा परमोधर्मः की वेदी पर आना चाहिए। साधक बनना चाहिए। क्योंकि बिना

साधना मानव का जीवन शून्य रहता है। परन्तु साधक उस काल में बनता है, जब उसका आहार, व्यवहार सुन्दर होता है। परन्तु आहार, और व्यवहार के लिए हमें सदैव सावधान रहना चाहिए। साधना में युक्त रहना चाहिए। उसी साधना से हमारे जीवन का पुनः निर्माण होता रहा है।

महान सुन्दर जहाँ हमारी आकाशवाणी जा रही है, इसी लाखा गृह पर आज लगभग वर्ष के पश्चात इस पर पुनः विद्युत प्रकाश का निर्माण हुआ है। मानो देखो 4000, उससे पूर्व भी था। जो मानव कृतियों में रमण करता रहा हूँ। आज मैं इस सम्बन्ध में अधिक विवेचना नहीं प्रकट करूंगा। केवल वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय यह है कि आज हम अपने जीवन को, अपनी मानवीयता को लाना चाहते हैं। क्योंकि महाभारत के काल में बड़ा निर्माण होता रहा है। विद्युत के ऊपर अनुसन्धान होता रहा है। विज्ञान के सम्बन्ध में नाना यन्त्रों के सम्बन्ध में विचार विनिमय प्रायः होता रहा है। इसीलिए आज मैं इन वाक्यों को इसीलिए प्रकट कर रहा हूँ। क्योंकि मुझे इसका इतिहास देना बहुत ही अनिवार्य है। आज मानव को जहाँ मैं यह उच्चारण करने को बड़ा प्रसन्न रहता हूँ। जहाँ हे प्रभुतेरी कैसी अनुपम महिमा है। जहाँ शमशान भूमि हो सकती है !, वहाँ सुन्दर सुन्दर यज्ञ हो सकते हैं। और जहाँ यज्ञ हो सकते हैं वहाँ घृत भी हो सकता है। इसीलिए आज का हमारा वाक्य यह कह रहा है कि आज मैं अपनी प्रतिभा देना नहीं चाहता। वास्तव में वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय यह कि संसार ऐसा ही चलता रहा है। परम्परा से ही मानो जहाँ शमशान भूमि हो जाती हैं। वहाँ राष्ट्र गृह बन जाते हैं। जहाँ राष्ट्र गृह होते हैं। वहाँ शमशान भूमि भी बन जाती हैं इसी प्रकार यहाँ न्यायालय रहा हैं तो शमशान भूमि भी रही है, शमशान भूमि रही है तो देखो, यज्ञ भी होते रहे हैं। इसीलिए हमें विचारना है।

हमें वास्तव में अपनी प्रतिभा, अपनी संस्कृति को सबल बनाकर पूर्ण करने के लिए अपने ऊपर बहुत बल देना है। जिससे जीवन में एक महत्ता का सदैव दिग्दर्शन होता रहे यह है आज का हमारा वाक्य। अब मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊंगा कि

मुझे आज्ञा दें। मैंने अपने वाक्यों को पुनः से प्रकट किया है।

पूज्यपाद गुरुदेवः मेरे प्यारे महानन्द जी ने अपने सुन्दर !आज मेरे प्यारे !ऋषिवर ! विचार व्यक्त किए हैं। इनके विचारों में कितनी विडम्बना है, इनके विचारों में कितनी वेदना है। परन्तु साधना के सम्बन्ध में इनका कितना सुन्दर विकास रहा है। मैं कल समय मिलेगा तो कल महानन्द जी का परिचय दे सकूंगा। क्योंकि महानन्द जी का जो परिचय है इनका जीवन भी बड़ा अनुसन्धान वाला रहा है। जैसा यह इस महान पाण्डव भूमि का सुन्दर परिचय होते हैं, इसी प्रकार मैं यौगिक प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में अपने कुछ विचार प्रकट करूंगा कि कैसे कैसे मानव योगी बनता है। और यह भी उच्चारण करना बहुत अनिवार्य है कि मानव योगी कैसे बनता रहे? और योग के लिए कौन कौन सी वस्तु की आवश्यकता है? कैसे योगी बना जाता है? और एक योगी ही संसार को कैसे उन्नत बना सकता है। यह मेरा विषय कर रहेगा। आज मेरे प्यारे महानन्द जी ! ने कुछ शब्द तो बहुत ही विद्वतापूर्ण प्रकट किए हैं। परन्तु उसके पश्चात मैं इन्हीं वाक्यों को यहाँ विराम देने जा रहा हूँ। वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय यह कि मानव को साधक बनना चाहिए। साधना में परणित रहना चाहिए। आहार और व्यवहार दोनों सुन्दर होनें चाहिए। आहार और व्यवहार यदि सुन्दर नहीं है तो यह जगत और मानवता भी उत्तम नहीं बनेगी। आज का वाक् समाप्त। अब वेदों का पाठ होगा।

७ 24 09 1970 पुष्प 20 प्राचीन कालीन आयुर्वेद की महत्ता

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, हमारे यहाँ पठन पाठन का जो क्रम प्रायः चलता रहता है वह परम्पराओं से ही विचित्र माना गया है। जब हम यह विचार विनिमय करने लगते हैं कि हमारी जो मानवता है, हमारा जो विचित्रवाद है जिसको इतना महत्त्व दिया गया है इसको हमें बारम्बार विचार विनिमय करने की आवश्यकता क्या होती है? इस विषय पर ऋषियों और आचार्यों का विवरण आता रहता है। मुझे इस सम्बन्ध में विवेचना नहीं देनी है केवल सूक्ष्म परिचय देना है।

आज का हमारा वेदमन्त्र क्या कह रहा है कि मानवता के लिए मनन करने की जो

आवश्यकता होती है उसके लिए वेद का व्याख्याता बारम्बार व्याख्या करता ही रहता है। क्योंकि वेद का जो स्वतः उपदेश है। प्रकाश ही मानव का जीवन है। अन्धकार में जाना ही मानव को मृत्यु मानी जाती है। इसलिए प्रायः आवश्यकता रहती है कि आज हम प्रकाश में जाने का प्रयास करें। क्योंकि प्रकाश ही हमारा जीवन माना गया है। प्रकाश ही हमारा राष्ट्रवाद है। प्रकाश ही मानव की उन्नत ज्योति कहा जाता है। जब मानव इस संसार में आता है तो उस परम पिता परमात्मा की आराधना करने के लिए आता है। उज्ज्वल बनने के लिए आता है यहाँ दुष्ट कर्म करने के लिए नहीं आता। हमारे यहाँ आदि ऋषियों ने बड़ी बड़ी सुन्दर विवेचनाएं दी हैं। आज मैं उन विवेचनाओं में जाना नहीं चाहता हूँ।

प्रत्येक मेरी प्यारी माता को यह वेदना रहती है कि मेरा पुत्र मृत्यु को प्राप्त न हो जाएगा। पुत्र की इच्छा प्रबल रहती है कि मेरी माता मृत्यु को न चली जाए। पत्नी को पति को रहती है। इसलिए मानव भयभीत रहता है और यह वेदना प्रकट करता रहता है कि अमुक स्थान में जाऊंगा तो मेरी मृत्यु हो जाएगी तो आज मानव को विचारना चाहिए कि संसार में मृत्यु है क्या? जिसको मानव को विचारना चाहिए कि संसार में मृत्यु है क्या? जिसको मानव मृत्यु कहता ही रहता है। प्यारी माता भी चिन्तित रहती है। विचारना यह कि मृत्यु कहते किसे हैं? मुझे स्मरण आता रहता है कि एक समय महर्षि भृंगु आश्रम में एक सभा हुई। जिसमें महर्षि प्रवहण और महर्षिदालभ्य जी और शुक्ल इत्यादियों का वहाँ समागम हुआ। महात्मा जम्दग्नि और महर्षि पनपेतु जी आदि ऋषि मुनियों का एक भव्य समागम था। उसमें महात्मा दधीचि और अश्विनी कुमार भी विराजमान थे। हमारे यहाँ आयुर्वेद के अश्विनी कुमार महान पण्डित कहलाए जाते थे। मुझे स्मरण आला रहता है कि अश्विनी कुमारों का ऐसी ऐसी पवित्र औषधियों पर नियन्त्रण रहता था, ऐसे अनुसन्धान वेत्ता थे और आयुर्वेद पर अनुसन्धान करते रहते थे। उन्होंने कहा है कि संसार में आयु का जो वेद है उसको विचारना है। आयु को देने वाला हो बेद है। जो मानव प्रकाश में जाता है उस मानव को आयु दीर्घ हो जाती है आयुर्वेद किसे कहा जाता है जो आयु का देने वाला होता है। आयु क्या होती है? मानव

का नियन्त्रण होता है जब वह अपनी सब इन्द्रियों पर संयम कर लेता है मानो उसके विचारों में, आचार में संयम आ जाता है तो आयु को देने वाला बन जाता है। मुझे तो इस सम्बन्ध में बहुत अनुसन्धान करने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है। मुझे स्मरण है जब महाराजा दलीप के यहाँ नाना प्रकार की औषधि पान कराते और सुन्दर औषधियों से यज्ञ होते थे। क्योंकि औषधियों के द्वारा ही तो वातावरण पवित्र होता है। उन औषधियों को जानने से ही तो वातावरण पवित्र होता है। उन औषधियों को जानने से ही मानव के जीवन में उज्ज्वलता आती है। पवित्रता आती है। जिसको जानने के पश्चात मानव का हृदय पवित्र हो जाता है।

मुझे स्मरण आता रहता है अश्वनी कुमारों ने महात्मा दधीचि के मस्तिक को छह माह तक औषधियों के पात में नियुक्त किया था। इसी प्रकार आज हमें विचारना है कि आज हम इस पुनीत विद्या को स्वीकार करने वाले बनें। मुझे स्मरण है जब माता सती महाराजा शिव की आज्ञा पाकर के अपने पिता के गृह में प्रविष्ट हो गई थी। क्योंकि वहाँ महाराजा शिव का अपमान हो रहा था। माता सती उस अपमान को सहन कर न सकी और उसने कहा कि हे पितर आपको यह अभिमान है कि मैं तुम्हारी कन्या हूँ। ! परन्तु मैं अपने पति के अपमान को सहन नहीं कर पाऊंगी कहा जाता है कि उसने अपने शरीर को त्याग दिया। ओर महाराजा शिव के जो गण थे उन्होंने महाराजा दक्ष के मस्तिष्क को अस्त्रों से दूर कर दिया था। कंठसे ऊपर के भाग को। वहाँ भी अश्विनी कुमार विराजमान थे अश्विनी कुमारों ने उसी समय महाराजा दक्ष के कंठ पर मानों वह कंठ तो शान्त हो गया था। उस समय उन्होंने आज का मुखारविन्द कठ के ऊपरले भाग में स्थिर कर दिया। नाना प्रकार की औषधियों का लेपन करने से उनका कठ ज्यों का त्यों बन गया था।

यह जो विद्या है यह हमारे यहाँ परम्परा से चली आ रही है। एक समय मेरे प्यारे ! महानन्द जी ने कहा था कि आधुनिक काल का जगत् यह कहता है आधुनिक काल का वैद्यराज यह कह रहा है कि हम मानव के हृदय का परिवत्रन कर देते हैं। नस नाड़ियों का परिवर्तन कर देते हैं मैं यह कहा करता हूँ कि आज के जगत् में तो मानव

की नस नाड़ियों का परिवर्तन होता है। परन्तु औषधियों के द्वारा मानवकी नस नाड़ियों को बलवती बना दिया जा सकता है। एक एक वर्ष तक मानव के शव को औषधियों में स्थिर करके स्वस्थ बनाया जा सकता है। कंठ को औषधियों में एक वर्ष तक और हृदय को भी इसी प्रकार बनाया जा सकता है। आज मैं इस सम्बन्ध में अधिक विवेचना देना नहीं चाहता हूँ। उच्चारण करने का अभिप्राय कि यह आयुर्वेद की विद्या हमारे यहाँ परम्परा से चली आ रही है क्योंकि वेदों में से औषधियों के सम्बन्ध में जिन मन्त्रों को चुना जाता है उसकी चुनौती देने वाले अश्विनी कुमार जैसे महा वैद्यराज थे जिन्होंने अपने जीवन में यह अश्विनी कार्य किया था। दोनों विधाता माँ के पुत्र थे। अश्विनी कुमार की माता सोमलता महर्षि शोगंमिक ऋषि महाराज की पत्नी थी उनके दो ही पुत्रों का ! जन्म हुआ था अश्वनि और कुमार का जिनको माता ने अपने गर्भ स्थल में पनपा दिया था।

माता सोमलता के पिता महर्षि भृंगी महाराज थे। जब वह बाल्यकाल में महर्षि भृंगी ऋषि के द्वारा शिक्षा अध्ययन करती थीं तो उनका आयुर्वेद का विषय रहता था। आयु का विषय रहता था। गुरु शिष्य दोनों का वनों में चले जाना और नाना प्रकार की औषधियों का अनुसन्धान करना। उनका यह कार्य हो गया था। एक समय सोमलता ने कहा कि हे प्रभुमैं यह चाहती रहती हूँ कि यह तो संसार में बहुत बड़ा विज्ञान है !, इस विशाल विज्ञान को जानने के लिए वास्तव में मुझे अनुसन्धान वेत्ता बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत सुन्दर उन्होंने औषधियों का यहाँ तक निर्णय किया कि कौन कौन से मास में कौन कौन सी औषधियों को पान करने से बालक का कौन कौन सा अंग बलवान होता है।

मेरी प्यारी माता तुझे अपने जीवन में अनुसन्धान करना है क्योंकि बिना अनुसन्धान ! के तेरा जीवन कदापि भी सुन्दर नहीं बना करता है। मैं तो यह कहा करता हूँ संसार में जितनी मेरी पवित्र माताएं हैं आज तक जब से संसार रचा है प्रत्येक मेरी पुत्री और माता को आयुर्वेद का विद्वान होना चाहिए। यह बहुत अनिवार्य है। मुझे स्मरण आता है

माता सोमलता के गर्भ में जब बालकों का आत्मा प्रविष्ट हो गया था।

पूर्व काल मे मुझे भी बहुत सा उपदेश दिया गया था मैं भी इन वाक्यों को स्वीकार नही करता था परन्तु जब गुरुओं की कृपा हई इन्होंने ज्ञान का उपदेश दिया ज्ञान का पौधा मेरे अन्तःकरण में लगाया तो मेरा जीवन परिवर्तन हो गया कैसा परिवर्तन हुआ कि मैंने लगभग पचास वर्ष की आयु तक इसी प्रकार धृष्टता की परिणाम यह कि मैं इब उन वाक्यों में जाना नही चाहता विचार यह कि गुरु जी की अनुपम कृपा हुई तो मैं जीन मुक्त हो बन गया इसी प्रकार हे यज्ञमान यदि तू संसार में इन्द्रियों पर ! अधिपथ्य करके प्रत्येक मानव जब ऋषि मुनियों के उपदेशों पर अपने जीवन को व्यतीत करने लगता हे तो मुनिवरें उसका जीवन महान बन जाता हैं जैसा तुम मुझे दृष्टिपात करते हों।

आज मैं अधिक विवेचन नही देने आया हूँ विचार यह देने आया हूँ कि यज्ञमान ऊँचा बनना है संसार में यज्ञमान की उड़ान इस पृथ्वी से लेकर सूर्य मण्डल तक होनी चाहिए अरे, क्रान्ति तो उसे कहते हैं भोग विलासों की भी कोई क्रान्ति होती है संसार में अरे, क्रान्ति करनी है तो महान क्रान्ति करे तू चन्द्रमा की यात्रा करने वाला बन तू मंगल की यात्रा करने वाला बन हे मानवहे समाज आज तुझे कर्म तो करना हे है अरे !, यह भी कोई कर्म हैं भोग विलास वाला यदि कर्म करना है तो ऊँचा कार्य कर जिसे से तेरी

उड़ान ऊध्व्र बनती चली जाए हे राष्ट्र तेरा यह कोई राष्ट्रवाद का उद्देश्य नही आज तो मानो तुझे योजना बनानी है स्वतः चरित्र को लाने का प्रयास करने की जिससे राष्ट्र और समाज को ऊँचे बनाते हुए इस संसार सागर से पार होते चले जाएं मैं आज अधिक विवेचना देने नही आया हूँ कल मुझे समय मिलेगा मेरे पूज्यपाद गुरुदेव समय देंगें तो प्रसन्न हो कर के कुछ वाक्य प्रगट करूंगा मैं यज्ञमान को कल आर्शीवाद भी देने नही आऊंगा आज मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाने जा रहा हूँ आज का समाज ऊँचा बनना चाहिए क्योंकि कर्म तो मानव को करना है इसीलिए तुच्छ ही कर्म क्यों करते हो उच्च की कर्म क्यों ने करो जिससे यह राष्ट्र समाज ऊँचा बने भविष्य हमें यह उच्चारण कर रहा है कि आगे वह समय आ रहा है यदि यह अशुद्ध वातावरण चलता रहे यज्ञ कर्म नही हुअए यामानी नही हुए तो मानव को श्वास लेना दुष्कर हो जाएगा क्योंकि आज का वैज्ञानिक प्रगट करने नही आया हूँ तो अब आज का वाक् समाप्त अब वेदों का पाठ होगा मेरे पूज्यपाद गुरुदेव कोई टिप्पणी करे तो कर सकते हैं।

पूज्यपाद गुरुदेवः हास्य धन्य हो ..., मेरे प्यारे आज मेरे !प्यारे महानन्द जी ने कुछ ! सूक्ष्म उपदेश दिया मैं तो इनके उपदेशों को ज्ञान नही पाया इनके वाक्य उच्चारण करने का मन्तव्य क्या हैं परन्तु जो इन्होंने वाक्य प्रगट किया राष्ट्रवाद के सम्बन्ध में अथवा चरित्र के सम्बन्ध मे वह धर्म शास्त्र के अनूकुल था यज्ञमान के सम्बन्ध में अथवा यज्ञमानों के सम्बन्ध में परम्रा हमारी रही है कि उनके चरित्र उनकी मानवता को ऊँचा बनाना हमारा कर्तव्य है इनके वाक्य तो बड़े प्रिय थे। परन्तु कटु भी थे। अपने जीवन के वाक्य उच्चारण करने का इन्हें कुछ आश्चर्य नही। बाल्यकाल में कोई धृष्टता हो भी जाती है मानव धृष्टता करता भी रतहा हैं इन सब की पुनरूक्ति करना हमारा कर्तव्य नही विचार यह कि संसार को भविष्य में ऊँचा बनना है जैसा महानन्द जी ने कहा है कि भविष्य में ऊँचा बनना है क्योंकि संसार में नाना प्रकार के दूषित अशुद्ध कर्म होते रहते हैं संसार में प्रत्येक मानव जो जन्म लेता है उन जन्मों में कोई न कोई त्रुटियां होती हैं परन्तु उन त्रुटियों को त्याग करके और महता को अपना करके मानव को अपने जीवन को

आग्नेय बनाना चाहिए यही मानव का वास्तविक कर्म हैं।

रहा यह कि राष्ट्रवाद की चर्चा राष्ट्रवाद में आता ही यह है कि राष्ट्र तो होता है चरित्र के लिए धर्म और मानवता की रक्षा के लिए परन्तु इससे आगे मुझे भी कोई वाक्य प्रगट करना नही है आज महानन्द जी ने जो वाक्य उच्चारण किय वह वास्तव में शिक्षाप्रद है महान है परन्तु रहा यह कि विज्ञान की उड़ान तो परम्परा से हमारे मानवीय मस्तिष्कों में रही हैं विान तो बहुत है वास्तव में मानव कोई परिचय भी नही दे सकता क्योंकि मानव का परिचय है क्या इसके ऊपर बहुत गम्भीरता से विचारना है मेरे प्यारे ! महानन्द ही कल भी कुछ अपना सूक्ष्म अपना वाक्य प्रगट करेंगें आज का वाक् समाप्त अब वेदों का पठन पाठन होगा। निवास स्थान चौनारायण सिंह राजबीर सिंह 0, रोहटा, समय रात्रि 8 बजे। 00

१४ 06 03 1973 पुष्प 06 वासना रूपी नमुचि

जीते रहोदेखो !, मुनिवरों ! आज हम तुम्हारे समक्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, यह भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा आज हमने पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों कापठन पाठन किया हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण हमारे यहाँ नित्यप्रति होता रहता हैं

वेद वाणी में संसार का ज्ञान और विज्ञान निहित रहता हैं संसार का प्रत्येक मानव प्रत्येक मेरा प्यारा ऋषि मण्डल य चाहता है कि मेरी उड़ान ऊर्ध्वा होनी चाहिए कोई मानव यह नही चाहता मेरी उड़ान ऊर्ध्वा न हो उसकी मनोनीत भावना यह होती है कि मेरी इतनी ऊँची उड़ान होनी चाहिए कि मैं सर्वत्र ब्रह्माण्ड को जानने वाला बनूं वह कल्पना भी करता रहता हैं हम भी यह कहा करते है कि वास्तव में मानव की कल्पना तो ऊर्ध्वा होनी चाहिए क्योंकि जितनी कल्पना ऊर्ध्वा होगी, जितना ऊर्ध्वा् विचार होगा उतना ही मानव का अन्तरात्मा तपता चला जाएगा तपना ही तो जीवन कहलाया गया हैं

वास्तव में विचार तो ऐसा हे कि मानव उड़ान के लिए सदैव उद्गमता विचारता रहे

विचारों में महनता का दिग्दर्श्न होता रहें।

यह जत मानव के समीप नृत्य करता रहता हैं आज का मानव वेद का ऋषि ऊँची वार्त्ता प्रकट कर रहा था वेदवाणी में जो परमात्मा का अनुवम ज्ञान है वह हमें कौन से मार्ग को पुकार रहा है यह हमें विचारना हैं हमें अपनी सार्वभौम महता को अपना कर चलना हे जिसको अपनाने के पश्चात मानव का जीवन अनुसन्धान मय बनता हैं मानव का जीवन आध्यात्मिकवाद में परणित हो जाता हैं

मेरे प्यारे महानन्द जी बहुत पुरातन काल की वार्त्ता प्रकट कर रहे हैं कि महाराज ! अश्वपति ने अपने यज्ञ में महराजा स्वाती से यह निवेदन किया कि महाराज यह मैं ! जानना चाहता हूँ कि जगत वास्तव में है क्या स्वाती ऋषि ने कहा कि मेरे विचार मे तो आते है कि यह जो जगत हैं यह एक प्रकार की अनुसन्धानशाला हैं जिसमें प्रत्येक मानव अनुसन्धान करने के लिए आया है क्योंकि अनुसन्धान मानव का स्वभाव हैं मानव का लखण है अनुसन्धान करना ही चाहिए।

मेरे प्यारे बृहसपति और महाराजा !हमने यह श्रवण किया है कि महाराज !ऋषिवर ! इन्द्र दोनों का विचार विनिमय हो रहा था एक समय देवताओं की यह पुकर थी कि यह जो दैत्यराज नमुचि हैं उसका अभिमान प्रबल हो गया है और देवताओं !महाराज ने यह घोषणा की है कि इस दैत्य पर आक्रमण करना बड़ा कठिन है ओर आक्रमण तो यह दैत्यराज ही विजयी होगा अब इसका क्या बनेगा।

सब देवताओं की पुकार महाराज बृहस्पति के द्वार पर पंहुची तो आचार्य बृहस्पति जी ने इन्द्र ने कहा कि देवताओं की इस घोषणा पर विचार करना है ओर उन पर दया करनी है दैत्यराज को पराजित होना ही चाहिए। यदि देवताओं की विजय न हुई तो ओर दैत्यराज का आक्रमण होता ही रहा तो संसार में यह जो धर्म ध्वनि है पवित्र ध्वनि है इसका विनाश हो जाएगा

हे मुनिवरों महाराजा इन्द्र ने जल का मन्थन किया क्योंकि दैत्यराज शस्त्रों से विजित ! नही हो सकता था तो कहा जाता है कि जल का मन्थन करने के पश्चात जो उसमसें से फेन उत्पन्न हुआ उससे दैत्यराज के ऊपर आक्रमण किय उसके मस्तक पर प्रहार

किया उसके कण्ठ के ऊपर वाले भाग को सन्धिकाल में दूरी कर दिया मैं बहुत पुरातन काल में इसके ऊपर अनुसन्धान करता रहा हूँ

प्रत्येक मानव को विचार करना अनिवार्य है वेदों की प्रतिभा में जाना है मेरे प्यारे ! इन्द्र ने जल का मन्थन किया सवाहा मृगी अस्क्रातं जिसे कहा जाता है नाना !मुनिवरों प्रकार के शबदों में यह वार्त्ता प्रचलित मानी गई हैं जो विचार क्या जल का मन्थन क्या संसार मेंकौन इन्द्र है कौन नमुचि दैत्यराज है जल का मन्थन करने से जो फेन उत्पन्न हुआ उससे मस्तक को दूरी किया गया यह वास्तव में है क्या इसके ऊपर विचारा जाएं केवल यही अनुसन्धन तो नही और भी नाना प्रकार की वार्त्ताओं का अनुसन्धान होता रहता है हमने इसके ऊपर मनन किया हैं।

पुरातन काल में महर्षि दधीचि, महर्षि विभाण्डक, महर्षि दालभ्य, इत्यादि ऋषि मुनियों के समाज में इस प्रकार के विचार विनिमय होते रहे हैं विचार विनिमय करने से ही मानव के जीवन में कोई न कोई वस्तु प्राप्त होती हैं परन्तु विचार यह है कि वह क्या वस्तु है जिससे इन्द्र ने आचार्य बृहस्पति जी महाराज के कथानानुसर दैत्यराज को परास्त कर दिया उसको नष्ट कर दिया इसका अभिप्रायः यह है कि मानव के द्वारा वे जो नाना प्रकार की वासनाओं का जन्म होता रहता हैं उन पर विजय पाई।

वासना रूपी दैत्यराज संसार के नाना प्रकार के वाद विनोद से तो परसवत हो ही नही सकता मानव वेद का अध्ययन करता तो हैं अक्षरो को बोधी हे वह वेद के पठन पाठन मात्र में संलग्न रहता हैं इससे भी विजय नही होगी तो विजय कैसे होती हैं

जो मानव अपने जीवन को अनुशासनमय बना ले। मेरे प्यारे तुम्हें यह प्रतीत !ऋषिवर ! है कि प्रत्येक इन्द्रिय का जो रस हे इन्द्र ने उसीरस का मन्थन किय रस क्या होता हैं प्रत्येक इन्द्रिय को जो विषय है उसको रस कहा जाता हैं उसी को आपो कहा जाता हैं जब इन्द्र ने मन्थन किया पांच कर्मेन्द्रिय और पांच ज्ञानेन्द्रिय के विषयों का

यह जो नाना प्रकार की प्रकृति है यह नाना प्रकार के रूपों में परणित होती रहती है जो दृष्टिपात हो रहा हैं यही उसका बाहरी जगत बना हुआ हैं उसको आन्तरिक बनाना है और मन्थन करके दस प्राणों मे इसकी संलग्नता करनी हैं इन्द्रियें के रस और प्राणों

को एक सूत्र में मिलाना हैं बेटा इस प्रकार एक सूत्रता को ही हमारे यहाँ आपो फेन ! कहा जाता हैं आपो का मन्थन किया हुआ फेन देत्यराज को पराजित कर देता हैं यह भी एक प्रकार का याग ही हैं।

जब तक हम इन्द्रिय के विषय को नही जानेंगे उन पर हमारा अनुसन्धान नही होगा तो हमारा जीवन कभी ऊर्ध्वा गति को प्राप्त नही हो सकेगा मेरे प्यारे आज का !ऋषिवरों ! हमारा विर क्या है कि हम उस स्वरूप को जानने वाले बनें, जिस स्वरूप को जान कर व्यक्ति के लिए एक ही चेतना दृष्टिपात आती हैं उसमें द्वितीय भाव नही होता उसीअवस्था को प्राप्त होने से दैत्यराज पर विजय होती हैं अन्यथा वह दैत्यराज परास्त हो ही नही सकता इसीलिए बेटा हमें इन्द्रियों के अनुसन्धान में लग जाना हैं

हमारे नेत्रों मे रजोगुणी प्रवृत्ति में कितनी तरंगें उत्पन्न होती हैं और तमोगुणी, सतोगुणी में कितनी कितनी तरंगों का जन्म होता हैंइसी पर अनुसन्धान करना है तीनों प्रकार की तरंगें नेत्रों में आती हैं प्राण में आती हैं श्रोत्रों में आती हैं रसना में आती हैं त्वचा में आती हैं प्रत्येक इन्द्रियों के विषयों को प्राणों के द्वारा मन्थन करने से जो विशेष शक्ति आती हैं वही तो आपो फेन हैं मेरे प्यारे मैं आज अधिक विवेचना प्रगट !मुनिवरों ! करने नही करूंगा विचार केवल यह जो दैत्यराज है हमें उसे नष्ट करना है और वह निरन्तरताके अभ्यास से हो सकता हैं मेरी पुत्री जीवन में सदैव महता का पठन पाठन करती रहती हैं परन्तु जब उसकी प्रतिभा समाप्त होती हैं तो मुनिवरों उसके जीवन ! के करोड़ो जन्मों के जो संस्कार हैंउसके समीप आ कर दैत्य बन जाते हैं उस दैत्य को नष्ट करना हैं उसका साधन यज्ञ हैं यज्ञ की मानव को देवता के तुल्य बना देता हैं वायु मण्डल में से जो तरंगें मेरे समीप आ रही है वह मुझे बाध्य करती हैं कि मैं उनके ऊपर विचार करूं विचार करना अनिवार्य हो जाता है विचर यह है कि हम याज्ञिक बनें या ही ऐसा कर्म है जो मानव को ऊँचे मार्ग पा ले जाता है इसी या को जो निष्काम भाव से करता हैं वही तो मोक्ष का अधिकारी बन जाता हैं बेटा अनुसन्धान ही तो ! यज्ञ हैं तत्त्वों का अनुसन्धान करना है आयुर्वेद में अग्नि को पिचासी प्रकार का माना गया हैं परन्तु वेद का ऋषि सहस्त्रों प्रकार की अग्नि को स्वीकार करता हैं यह जो

अग्नि की धाराए हैं उनके परमाणुओं का वायु में मिलान होता हैं और वायु में रमण करते हुए अन्तरिक्ष में जाता हैं और अन्तरिक्ष सह वह द्यौ लोक को प्राप्त हो जाता हैं हमारे ऋषि मुनियों ने हा है कि मानव तू शब्द की रक्षा कर क्योंकि शब्द ही वायुमण्डल को बनाता है। वायुमण्डल को बनाना भी तो याग हैं कल मैं श्वेत ऋषि की चर्चा कर रहा था श्वेत मुनि महाराज ने एक समय महाराजा अश्वपति के यहाँ एक याग कराया उसके साकल्य को एकत्रित किया उसमें एक श्रीति साकल्य को मिलाया तो याग ऐसा हुआ कि उसमें मानव की वाणी भी मुधर बन गई प्रत्येक इन्द्रिय का विषय मुधर बन गया तो राजा ने कहा कि महाराज तुम्हें !यह कैसे हुआ उन्होंने कहा कि हे महाराज ! यह प्रतीत हैं कि इसका नाम याग हैं ओर याग का अभिप्रायः यागे वृचम यागा ब्रह्मा जितना तपा हुआ पुरूष याग करता कराता हैं उतनी ही याग की तरंगें श्रेष्ठ होती है। उतना ह्ी देवता उसे ग्रहण करते हैं ओर उसके बदले में मधुरता प्रदान कर देते हैं इसीलिए तो पुरातन काल में राजा तपस्वियां के द्वारा वनों में जाते थे ओर याग करते थे वेद के ऊपर अनुसन्धान भी करते थे शेष अनुपलब्ध लाक्षागृह बरनावा ...

१५ 08 03 1973 पुष्प 19 नमुचि राक्षस

देखो, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुण गाते चले जा रहे थे पवित्र वेदवाणी में परमपिता परमात्मा का ज्ञान विज्ञान निहित रहता हैं संसार में जो दृष्टिपात आ रहा हैं वह उस परमपिता परमात्मा की एक आभा हैं जो ब्रह्माण्ड प्रभु ने रचा हैं वह बड़ा विचित्र है यह अनन्त सृष्टि वाला जो ब्रह्माण्ड है अथवा नाना प्रकार के लोक लोकान्तरों वाला भी यह ऋत्मय जगत दृष्टिपात आ रहा है वह वास्तव में विचित्र हैं।

एक समय बेटा महर्षि भारद्वाज मुनि के आश्रम में महर्षि दालभ्य जी पंहुचे महर्षि ! दालभ्य ने कहा महाराज मैं प्रभु के ऋत को जानना चाहता हूँ उन्होंने यह सुनकर ! वहाँ से प्रस्थान किया और महर्षि भृगु के आश्रम में परणित हुए महर्षि भृगु जी उस सयम ऋचा गान गा रहे थें यहाँ कोई मानव श्रोता हनी था मृगराज श्रोता बने हुए थे आज मु !उस सयम कितना विचित्र था बेटाम्के स्मरण आ रहा है जहाँ मृगराज मानव

की वाणी को श्रवण कर रहे थे वहां उनका हृदय उनका अन्तरातमा मन, कर्म, वचन से एक रस हो रहा था तो देखो, बेटा यही अहिंसा की सिद्धि हैं। !

प्रभु के ऋत को अुनसन्धान करना हैं ब्रह्मचर्य धारण करना है धर्म दसों लक्षणों को जीवन में ओत प्रोत करना है जब तक मानव इन्द्रियों के रस का मन्थन नही कर लेता तब तक कोई अनुसन्धान नही हो सकता ओर न दैत्यराज नमुचि पर विजयी हो सकता है यह मन कामना का केन्द बना हुआ हैं यह प्रकृति का सूक्ष्मतम तत्त्व हैं इस मन की दसों प्राणों में सन्धि करनाहै प्राण, अपान, व्यान, समान, उदान ओर नाग, देवदत, धनंजय, कूर्म ओर कृकल यह दसों एक ही हैं

जब तक मानव प्रकृति पर इन प्राणों के द्वारा शासन नही कर लेता तक तब तो वासना रूपी दैत्य पराजित नही कर सकते प्रकृति के कण कण में मन और प्राण दोनों कार्य कर रहे है सृष्टि की रचना प्राण ही की रचना हैं मन विभातन करता हैं इस विभाजन का कार्य नाग प्राण के द्वारा होता है भारद्वाज मुनि मराज ने स्वातिकेतुम नाम का यन्त्र बनाया था उस यनत्र की यह विशेषता थी कि जगत में ऋत ओर सत्य में रमण करने वाली का उस यन्त्र में दिग्दर्शन हो जाता ळा

मन ओर प्राण को एक सूत्र में लाना है यह सूत्र क्या है यह सूत्र है ओ 3म् है ओ३म् के सूत्र में पिरोकर मानव दिव्य शक्ति प्राप्त करता हैं ओ३म् के सू में पिरोने के लिए ज्ञान ओर विवेक दोनो ही अनिवार्य हैं महर्षि शाण्डिल्य, महर्षि प्रवाहण, महर्षि दधीचि, महर्षि श्वेतकेतु, महर्षि दालभ्य और महर्षि भारद्वाज ने यही कहा थ्क मनः वाचः मनः वंचतम प्राणः मृति ब्रह्म व्यापः वेद का ऋषि कहता है कि वेद का प्राण ओ३म् है ओर प्रकाश का प्राण भी ओ३म् हैं

मुझे स्मरण है बेटा जब मैं ब्रह्मचर्य आश्रम में अपने पूज्यपाद गुरुदेव के द्वारा संहिताओं ! का अध्ययन करताथा उनके चरणों में ओत प्रोत था तब मेरा अन्तरात्मा तपा हुआ था उस समय प्रकृति के कण कण में प्रभु को दृष्टिपात करता था तो पाप कर्म की भावना कहाँ मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे ब्रह्मरन्ध्र का ज्ञान कराया था ब्रह्मरन्ध्र के ज्ञान के द्वारा योगी लाक लोकान्तरों का दिग्दर्शन कर लेता हैं अस्वां ब्रह्मे कस्मात ब्रह्मे अस्ति कस्मात

मानव का जो ब्रह्मरन्ध्र है उसमें दिव्य ज्योति है इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना नाम की नाड़ियों में से एक एक की सहस्रों धारयें बन जाती है। उनका सम्बन्ध बाहरी जगत के नाना ब्रह्माण्ड से हो जाता हैं।

मानव के सत्रह प्रकार के मस्तिष्क कहलायें जाते हैं जैसे कि महि मस्तिष्क, लघु मस्तिष्क, त्रेता मस्तिष्क, सवाति, वृत्ति, केतु अप्राद मस्तिष्क्, मैं मस्तिष्कों की गणना करने तो नही आया हूँ केवल विचार देने आया हूँ कि सूक्ष्म शरीर सत्रह तत्त्वों का बना है उनमें एक एक में लाखों धारायें जन्म लेती हैं वास्तव में प्रत्येक धारा में पृथक पृथक मस्तिष्क बना करते हैं मानव का जो लघु मस्तिष्क है उन धाराओं को स्वीकार करता है जब मानव सूर्य, बृहस्पति, अरूणी, श्वेति, पुष्प् नाना प्रकार की लोक लोकान्तरों का वर्णन करने लगता हैं ऋतम्ीरा नाम की धारा में मसितष्कों को पिरो देता है और ऊँची उड़ान उड़ने लगता हैं आओ मेरे प्यारे हमें वैदिकता का प्रसार करना है तो !ऋषिवर ! हमारे समीप अन्धकार नही आना अन्धकार का आ जानामानव की मृत्यु हैं एक समय महर्षि याज्ञवल्क्य से पूछा कि ब्राह्मण की !बेटा मृत्यु क्य है महर्षि जी ने उत्तर दिया अशुद्ध भोजन ऋषियों ने पूछा कि महाराज अशुद्ध भोजन क्या है महर्षि ने कहा ! रजोगुण, तमोगुण, से सना हुआ भोजन अशुद्ध है ऋषियों ने पूछा वह क्या हैं महर्षि ने कहा राष्ट्र के रजोगुण तमोगुणों से मिश्रित भोजन, अशुद्ध भोजन से बेटामन !, कर्म, वचन ओर हृदय एक रस नही हो पाते तो इन्द्रियों का ओर प्राणों का ओ३म् के द्वारा मन्थन नही हो सकता ओर जब मन्थन नही होगा तो फेन नही बन सकता और जब फेन नही बनता तो वासना रूपी नमुचि भी नही मरता बेटा यह हे आज का वाक् ! समय मिलेगा तो शेष चर्चायें कल प्रगट करेंगें।

१६ 28 03 1973 पुष्प 20 साधक

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुण गान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व के समान जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परा से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है। जिस पवित्र वेदवाणी में उस परम पिता

परमात्मा की आभाएं निहित रहती हैं। क्योंकि जितना भी यह संसार हमें दृष्टिपात होता है अथवा हो रहा है सर्वत्र इस चेतना का मूल कारण एकागी ब्रह्म माना गया है। हम उस परब्रह्म परमात्मा की आराधना करने में सदैव तत्पर रहें।

मानव का इस संसार में आने का यदि कोई उद्देश्य है तो वह एक ही उद्देश्य है कि जिस प्रतिभा में हम ध्रुव गति बन गए, पुनः से उस प्रतिभा को लाने के लिए हमें ऊर्ध्व बनना है। विचार विनियम क्या? कि हम अपने को ऊर्ध्व गति वाला चाहते हैं। कोई मानव अपने को निम्न गति नहीं चहता। यही चाहता रहता है कि मेरी गति ऊर्ध्व होनी चाहिए। मैं लोक लोकान्तरों का यात्री बनूं। मेरी योग में विशाल गति होनी चाहिए।

यहाँ वेद का ऋषि कहता है, यौगिक ऋषि कहता है जो कि मानव साधना में परणित होना चाहता है। साधना का पथ दर्शन करना चाहता है। मानव सबसे प्रथम अहिंसा को अपनाता है। अहिंसा का अभिप्राय क्या? कि हम अहिंसा का अध्ययन करने वाले बनें। परन्तु अहिंसा का अध्ययन क्या है? बैठा हमें इसको विचारना है। अहिंसा का जो ! प्रादुर्भाव होता है, अहिंसा का जो प्रारम्भ होता है, वह मानव के हृदय से हुआ करता है। इसलिए यौगिक ऋषियों ने कहा है कि मानव को अपने हृदय को स्वच्छ, निर्मल और पवित्र बनाना है। परन्तु हृदय कैसे पवित्र हो जाता है। मन कैसे पवित्र होता है? मन उस काल में पवित्र होता है जब मन का शोधन किया जाए। मन के ऊपर अध्ययन किया जाए। और उसकी विभाजन क्रिया के ऊपर हमारा अधिपथ्य होना चाहिए।

अब हम मन की क्रियाओं के ऊपर अधिपथ्य करने के लिए चले हैं। बेटा । मन के ! ऊपर अधिपथ्य करना है तो सब से प्रथम अहिंसा को अपनाना है। और अहिंसा उसे कहा जाता है जो मानव के मन, कर्म, वचन में भी अशुद्धता न आए। जब मानव के मन कर्म वचन में स्वच्छता आ जाएगी। त्रिविध रूप में जब पवित्रता आ जाएगी हो हृदय बेटा स्वतः पवित्र हो जाता है। हृदय जब पवित्र होता है जब मन की आभा के ! ऊपर हमारा अध्ययन होता है। मन गत्ति और विभाजन करता है। संसार में जितना भी विभाजन तुम्ह्हें प्रतीत हो रहा है, चाहे वह मानव के मनुष्यत्व में हो। चाहे वह पृथ्वी के गर्भ में हो। चाहे वह लोक लोकान्तरों में भी क्यों न हो। वह जो विभाजन हमें

दृष्टिपात आता है वह केवल एक मन का ही आरोपण माना गया है। क्योंकि मन ही विभाजन करता है। एक मेरी प्यारी माता अपने कुटुम्ब का परिचय देती है, एक मानव अपने गृह का परिचय देता है। तो यह विभाजन क्रिया आई। मानो यह मेरी माता है। यह पुत्री है, यह पत्नी है, यह विधाता है। तो मानो वह जो विभाजन क्रिया आई वह केवल मन के ही कारण आती है।

गति करने वालों प्राणों मे जो शक्ति है, आज प्राण की शक्तियों का विभाजन होता रहता है। मैंने पुरातन काल में कई बार कहा है कि संसार को यदि जानना है तो मन की गति को हमें ऊर्ध्व बनाना होगा। और उसको स्थिर करना होगा कि मन की गति स्थिर हुए बिना मानव योग सिद्ध नहीं बन सकता। संसार में अनुसन्धान वेत्ताओं ने अनुसन्धान भी किया है। और होता रहा है। परम्परा से अनुसन्धान होता रहा है। अपने पूज्यपाद गुरुओं और ऐसा ही अनेक ऋषियों का तथा महर्षि प्रवाहण आदि का जीवन प्राप्त होता है। तो ऋषियों के उन वाक्यों से सिद्ध होता है बेटा कि उनका जीवन कितना महान् ! था? और वे कितने अनुसन्धान वेत्ता थे? वे प्रत्येक आभा पर अपना नियन्त्रण करते रहते थे।

मैंने बहुत पुरातन काल में कहा है कि आत्मा का जो भोजन है वह नेत्रों से प्राप्त होता है। जो घ्राण के द्वारा प्राप्त होता है। जो श्रोत के द्वारा प्राप्त होता है। जैसे हमारे घ्राण के द्वारा परमाणुवाद आता है, जब हमारा हृदय स्वच्छ होता है, मन पवित्र होता है तो इस वायुमण्डल में से सुन्दर परमाणु आता है, और वह परमाणु हृदय को ऊर्ध्व बनाने वाला होता है। मन्द सुगन्ध के द्वारा आता है। इसी प्रकार रूप की या वर्ण की प्रतिभा, आभा केवल नेत्रों के द्वार से आती है। और शब्दों की आभा श्रोत्रों के द्वारा आती है। तो हम श्रोत्रों और नेत्रों दोनों पर विचारें दोनों के ऊपर अपना संयम करना है। जिसमें रजोगुणी, तभी गुणी वासना के कारण मानव इस संसार में पतित हो जाता है। और मानव अपने ऊँचे स्वरूप को अपने में समाप्त कर देता है।

विचार विनिमय यह कि आज हम उस आभा को जानना चाहते हैं। जिस आभा के द्वारा हम योग सिद्ध होते है हमारा यौगिक क्षेत्र ऊँचा बनता है। मुनिवरों यह तो मैंने !

कुछ संक्षिप्त साधना की चर्चा प्रकट की कि अपनी इन्द्रियों के ऊपर हमें अध्ययन करना है। अब मन को स्वच्छ बनाना है। मन उस काल में पवित्र होगा, जब अन्न पवित्र होता है। मुझे स्मरण है बेटा मुझे लाखों वर्षों का साहित्य जब स्मरण आता ! है, तो विचार विनिमय यह लगता है कि उन ऋषियों का जीवन कैसा महान और पवित्र था। मुझे बेटामहर्षि शाण्डिल्य मुनि महाराज का जीवन स्मरण आता है। ! एक समय शाण्डिल्य मुनि के द्वारा महर्षि मुग्दल मुनि का गमन हुआ। और महर्षि मुग्दल जी ने यह कहा कि महाराज मैं यह जानना चाहता हूँ कि हम योग में प्रवीण होना चाहते ! हैं। योग की गति में हम योगेश्वर बनना चाहते हैं। उस समय महर्षि शाण्डिल्य मुनि ने कहा कि मैं इसकाअभ्यास कर रहा हूँ। परन्तु वह अभ्यास क्या? उनका निद्यासत्र चलता रहता था। निद्यासत्र उसे कहते हैं जो शारीरिक विज्ञान है। जो प्रत्येक इन्द्रियों की आभा का विज्ञान है। उस आभा का हमें साकल्य बनाना है। साकल्य किसे कहते हैं? बेटासामग्री को साकल्य कहा जाता है। स !ामग्री किसे कहते हैं? नाना प्रकार की औषधियां, नाना प्रकार का विषय जहाँ एकत्रित हो जाता है। और सामग्री की हमें आहुति देनी है, हुत करना है, तो कहाँ करेंगे? तो यहाँ ऋषि कहते हैं हृदयाणि गच्छम् ब्रह्मव्यापः योग भ्रवे अचि तो महर्षि शाडिल्य जी ने कहा हे मुग्दल !मैं आज उस साकल्य को मन्थन कर रहा हूँ। उनका फेन बनाना चाहता हूँ। जिस फेन के द्वारा मैं अपने शत्रु को विजय कर सकूं। तो बेटा उस समय शाण्डिल्य मुनि महाराज ने ऐसा ! कहा कि इन्द्रियों का साकल्य अथवा सामग्री एकत्रित करके उसे हमें हृदयरूपी जो यज्ञवेदी बनी हुई है। हृदयरूपी जो दम्य अहंकार को अग्नि प्रदीप्त हो रही है। हमें उस साकल्य की ज्ञान रूपी अग्नि प्रदीप्त हो रही है। हमें उस साकल्य की ज्ञान रूपी अग्नि में परणित कर देना है। और उसमें हमें स्वाहा कर देना है। तो विचार विनिमय यह कि उसमें जब हम स्वाहा कर देते हैं तो हमारा जीवन निर्मल और पवित्र बन जाता है। तो मुनिवरोंदेखो !, संसार में मानव के आने का जो उद्देश्य है वह वास्तव में पूर्ण हो जाता है। उस आभा में इस रमण करने लगते हैं।

तो मेरे प्यारे आज मैं उच्चारण कर रहा था कि अन्न पवित्र होना चाहिए। अन्न से आज !

जो योगी बनना चाहता है, यौगिक क्षेत्र में जाना चाहता है। उस अन्न को प्राप्त करना है जिस अन्न पर किसी का अधिकार नहीं होता। एक समय बेटा महर्षि भृगु मुनि ! महाराज जब तप करने लगे तो उस समय प्रवाहण ऋषि ने एक वाक्य कहा कि आप तप कर रहे हैं। तप कैसे होता है तप का मूल क्या !महाराजहै? उन्होंने कहा तप का मूल मन है और मन का मूल अन्न है। आज मुझे अन्न को प्राप्त करना है। तो वर्ष तक तप किया। और वह तप कैसा था 109? मन को शोधन करने वाला। वह वनस्पतियों का आहार करते थे। वह उन वनस्पतियों का पान करते थे। जिस पर किसी का अधिकार नहीं होता था। शैलखण्डा अस्वाति और शंख भूमि इन तीनों औषधियों का पान करते थे। जिससे मुनिवरोंउनके रक्त में जो दूषितपन नष्ट होकर विचारों में !, तरंगों में ओत प्रोत हो करके उनका योग सिद्ध आत्मा हो गया।

हम योगी किसे कहते हैं? योगी उसे कहा जाता है, जो मन और प्राण दोनों का विरोध करना जानता है। मानो दोनों को एक स्थली पर स्थिर कर देता है। क्योंकि यह जो ब्रह्माण्ड है यह प्राण और मन की गति से ही गति मान हो रहा है। इसमें वस्तु ही दो हैं। मानो एक विभाजन होने वाला और एक विभाजन करने वाला तो मन तो विभाजन करता है, और प्राण का विभाजन होता है, तो यह जो सर्व ब्रह्माण्ड है। चाहे वह पृथ्वी मण्डल हो, चाहे वह सूर्य हो, चाहे चन्द्रमा हो, कोई भी लोक लोकान्तर क्यों न हो। उनमें जो विभाजन वाद दृष्टिपात आता है वह मन और प्राण के कारण ही प्रतीत होता है। यह जो भिन्न भिन्न जगत प्रतीत हो रहा है। मन और प्राण जब एक स्थान पर स्थिर हो जाते हैं। एक स्थान पर एकत्र हो जाते हैं, उस समय मुनिवरोंयह जो हृदय है !, यह जो मानव की हृदय रूपी गुफा है। इसमें मुनिवरों सर्वत्र ब्रह्माण्ड का चित्रण होना ! प्रारम्भ हो जाता है। और वह योगी एक स्थली पर विराजमान हो करके मन और प्राण को स्थिर करने वाला प्राणी इस ब्रह्माण्ड को अपने में हो दृष्टिपात करता है।

साधना क्या है? मानो यह सब वस्तु कैसे पवित्र होती हैं? जैसा बेटा मैंने पुरातन ! काल में कहा है कि आज मानव यौगिक बनना चाहता है। योग का मार्ग ऐसा भयंकर भाग नहीं है। परन्तु वह मार्ग केवल परिवर्तन होना है। मानव का जीवन परिवर्तन करने

से ही योग को प्राप्ति होती है। आज हमें परिवर्तनशील बनना है। तो मन को स्थिर करने का प्रयास करो। जैसा महर्षि पतंजलि जो ने सबसे प्रथम अनुशासन के लिए कहा है।
मैंने बेटासबसे प्रथम शब्दों से अहिंसा की घोषणा की है। अहिं !सा के बाद सत् की घोषणा की है। सत् किसे कहते हैं। बेटा सत् को विचारना है। ऋषियों ने तो यह कहा ! है सत्य को उच्चारण करने वाले पुरुषों ने कहा है कि सत्य ही ब्रह्म है, सत्य ही जगत है। तो हमें सत्य को विचारना है। सत्य का कदापि भी अभाव नहीं होता। अहिंसा के पश्चात् सत्य आता है। सत्य क्यों आता है? क्योंकि अहिंसा सिद्ध होने पर सत्यं स्वतः हो आ जाता है। सत्य वह है जिसमें निस्वार्थता होनी चाहिए। वाक्य उच्चारण करता है परन्तु वह सत्य इस प्रकार का हो कि सत्य में सत्य में कोई रहस्य होना चाहिए। मानो वह सत्य कभी असत्यतता में परणित हो जाता है। जिस सत्य के उच्चारण करने से कोई लाभ न हो। मानो उसमें अपमान हो। ऐसे सत्य के उच्चारण करने से अपमान होता है। वह भी सत्य मानव को असत्यता में परणित करने वाला होता है। तो हमें सत्य को सिद्ध करना है। सत्य क्या है? तो ऋषि कहते हैं कि सत्यं ब्रह्मः यापक प्रवेः। अर्थात् सत्य ही ब्रह्म है। जो प्रकृति के कण कण में व्याप्त हो रहा है। वही सत्य माना गया है। तो बेटामानव के जीवन में तृतीय लक्ष्य अस्तेय आता है कि हम मन !, कर्म और वचन से मिथ्या भी न हों। मन कर्म वचन हमारा एक तुल्य होना चाहिए। मेरे प्यारे !हम स्वप्न में भी किसी प्रकार की अशुद्ध कल्पना न करें। उसको मुनिवरों अस्तेय कहा जाता ! है।
इसके पश्चात हम विचारते रहते हैं कि हमारा जीवन उस यौगिक क्षेत्र में रमण करने वाला हो जहाँ हम संसार की विभाजनवाद को क्रिया का विचार सकें। एक वैज्ञानिक है। मुनिवरों वह वैज्ञानिक यह विचारता रहता है कि तुझे परमाणुओं को एकत्रित ! करना है। उन परमाणुओं का सन्निधानकरना है। जब वह परमाणुओं का सन्निधान करना प्रारम्भ करता है तो मुनिवरों उसके मन और कर्म दोनों ही उसमें समन्वय ! रहते हैं। वह एक उपग्रह बनाता है। मानो वह मंगल की यात्रा करने वाले यान का

निर्माण करता है। वह निर्माण करता हुआ जब वह निर्माणवेत्ता ने जिस लिए बनाया उस पर जाने के पश्चात उसके हृदय में हर्ष ध्वनि प्रारम्भ हो जाती है।

मेरे प्यारे विचार विनिमय यह कि आज हम अपनी आभा को उस क्षेत्र में !ऋषिवर ! जहाँ कि हम अपने विचार की सुदृढ़ बना सकें। हमारे हृदय में शान्ति को स्थापना हो सके। प्रत्येक मानव शान्ति चाहता है। ऋषि मुनि भी शान्ति चाहते हैं। देवात्मा भी शान्ति चाहते हैं। शान्ति का अभिप्राय यह है कि जहाँ स्थिर हो जाते हैं उसी का नाम शान्ति माना गया है। तो मेरे प्यारे आज हम यह विचार विनिमय करें। हमारा वेद !ऋषिवर ! का ऋषि क्या कहता है? वेद का ऋषि कहता है कि हमें गुण और गुणी दोनों को विचारना चाहिए। क्योंकि गुण से गुणी पृथक नहीं होता। इसीलिए आत्मा और मन और प्राण तीनों को हमें मूलाधार से, हृदय से नाभि से, कण्ठ से मानो त्रिवेणी से और ब्रह्मरन्ध्र में ले जाना है। जहाँ सूक्ष्म धाराओं की प्रतिभा आती रहती है। उन सूक्ष्म धाराओं की प्रतिभा मुनिवरों नाना प्रकार की आभाओं से उनका प्रायः सम्बन्ध होता ! अपनी उस आभा को विचार !है। तो विचार विनिमय यह कि आज हम मुनिवरों विनिमय करने वाले बनें, जिन आभावों के सम्बन्ध में हमारा दर्शन, हमारी मानवता, हमारा जीवन, जन जीवन बेटा मन के ऊपर स्थित होता !चला जाए। और हम यह जान जाए कि हमारा वास्तविक स्वरूप क्या है? तो बेटा जब हम यही नहीं जानते ! कि हमारे शरीर में कितनी नाड़ियां है? कितने चक्र हैं? कितना रक्त प्रवाह माना गया है? जब हम अपने को साक्षात्कार करते हैं तो हमारा योग सिद्ध हो जाता है। अपने को साक्षात्कार साधना से किया जाता है। और साधना उस काल में होती है जहाँ अन्न पवित्र होता है।

मुझे स्मरण आता रहता है जिस समय बेटा महर्षि भृगु जब विद्यालय से आए तो ! उनके पिता महात्मा वरुण ने कहा, क्या तुम विद्या का अध्ययन कर आए हो? उन्होंने कहा हां भगवानमैंने सर्व विद !ृयाओं का अध्ययन कर लिया है। उस समय ऋषि वरुण ने कहा, है पुत्र मैं यह जानना चाहता हूँ। कि ऋत् और सत् किसे कहा जाता ! है? उन्होंने कहा भगवान वास्तव में मैंने नहीं जाना। मुझे इसका निर्णय कराइए। !

पिता क !अब ऋत और सत का निर्णय करने के लिए मुनिवरों !तो मेरे प्यारे चरणों में ब्रचचारी ओत प्रोत हो गया और कहा कि हे प्रभु मुझे प्रतीत है कि अन्न से ही ! मानव की स्मरण शक्ति जागरूक रहती है। इसी अन्न से मन की आभा आती है। क्योंकि जितना भी स्मरण शक्ति का केन्द्र है वह मन माना गया है। इसीलिए आज तुम सबसे प्रथम यह विचारों। तुम्हारा जीवन में इसमें संलग्नता में गतिशील होना चाहिए कि मैं वास्तव में ऋत को जानना चाहता हूँ। और इस मन की आभा को जानना चाहता हूँ।

उन्होंने कहा तुम अन्न को त्यागा। !दिवस तक अन्न को त्याग दो। उन्होंने बेटा 15 केवल जल का पान करते रहे। प्राण गति करता रहा। परन्तु मन की जो स्मरण शक्ति थी। वह समाप्त होने लगी। जब देखो !दिवस हो गए तो मुनिवरों 15, गौतम के जीवन में ह्रास आ गया। स्मरण शक्ति समाप्त होने लगी। उस समय पिता वरुण ने कहा ब्रह्मचारी अन्न को पान करना प्रारम्भ किया। !अब तुम अन्न का पान करो। उन्होंने बेटा ! अब शनैः शनैः स्मरण शक्ति जागरूक होने लगी।

महात्मा वरुण ने कहा, अब जल का पान न करो। उन्होंने बेटा तब जल का पान ! नहीं किया। परन्तु मन के द्वारा स्मरण शक्ति तो ज्यों की त्यों बनी रही। परन्तु जल प्राण की गति धीमी हो गई। जब प्राण की गति ध !के प्राप्त न होने पर मुनिवरोंीमी हो गई। तो क्रियात्मक होने के पश्चात् दिवस के पश्चात प्राण की गति धीमी होने 15 मेरी तो गति धीमी बन गई है। !लगी। और ऋषि से बालक ने कहा कि महाराज उन्होंने जल का पान !उन्होंने कहा तुम शनैःशनैः जल का पान करो। अब मुनिवरों करना प्रारम्भ तो परिणाम यह संसार में दो ही वस्तु ऋत और सत कहलाती हैं। जिसके कारण स्मरणशक्ति जागरूक रहती है। जिसके द्वारा प्राणशक्ति अपना सुचारु रूप से कार्य करती है। चाहे वह वसुन्धरा के गर्भ में हो, लोक लोकान्तरों के गर्भ में हो।

बेटामुझे स्मरण आता रहता है !, एक समय सुकेतु ऋषि महाराज के द्वारा महर्षि स्वाति ऋषि महाराज का गमन हुआ। स्वाति ऋषि ने कहा कि महाराज आपका चित्त प्रसन्न ! है? उन्होंने संकेत से कहा, भगवन मैंने श्रवण किया है कि तुम स्वाति मंगल की !

यात्रा यानों के द्वारा कर लेते हो। उन्होंने कहा, हां मैंने महर्षि प्रवाहण जी से विज्ञान को जाना है। और विज्ञान की गति के आधार पर मंगल लोक की मैं यात्रा करता हूँ। उन्होंने कहा, मंगल में कौन सा तत्त्व प्रधान माना गया है। तो ऋषि ने कहा कि वहाँ पार्थिव तत्त्व प्रधान है। क्योंकि पार्थिव प्राणी रहते हैं। वहाँ का विज्ञान, वहाँ की प्रतिभा इस पृथ्वी मण्डल से कई गुना ऊँची मानी गई है।

तो विचार विनिमय क्या? कि लोक लोकान्तरों भी प्रायः साधना का मूल कारण चलता रहता है। धर्म श्री मानवता के आधार पर धर्म की विवेचना करते हुए सुकेतु ऋषि ने कहा महाराज किसी भी लोक में जाओ धर्म एक माना गया है। धर्म कहते हैं यौगिक ! क्षेत्र को जो इन्द्रियों का विषय है, उनको संयम में लाने का नाम धर्म कहा गया है। मुनिवरों वह धर्म जैसे पृथ्वी में प्राप्त होता है ऐसे ही चन्द्र मण्डल में भी बृहस्पति ! मडणल तथा अन्य लोक में भी प्रायः सामान्य रूप से प्राप्त होता है। परिणाम क्या कि सत्य धर्म का मूल है। धर्म की आभा है। वही मुनिवरों एक हमारे यहाँ स्रोत ! माना गया है। जिसके ऊपर हमें प्रायः अध्ययन करना है।

एक योगी जब मंगल में गति करता है। प्रायः वैज्ञानिक यह कहते हैं कि सूर्य मण्डल में जाने से मानव समाप्त हो जाता है। वहाँ अग्नि है। तो बेटा विचार जाए !कि यह जो आत्मा है इस को अग्नि जब नष्ट नहीं कर सकती। अन्तःकरण को भी अग्नि नष्ट नहीं कर सकती। जब मुनिवरों मन को भी अग्नि भस्म नहीं कर सकता मन अग्नि में भी ! विराजमान रहता है। यह जो अग्नि का विभाजनवाद होता है। यह मन के ही कारण तो होता है। प्राण के द्वारा ही तो विभाजन होता है और मन विभाजन होता है और मन विभाजन करता है। तो परिणाम क्या? कि योगी का जब मन अन्तःकरण का एक यन्त्र बन जाता है तो मुनिवरोंदेखो !, वह सूर्य मण्डल गति करता है। सूर्य मण्डल क्या है? बेटाएक लोक है। जैसा मैंने पुरातन काल में कहाँ वेद का ऋषि कहता ! है कि मानो सूर्य केवल अग्नि का प्रधानता है क्योंकि वहाँ जो शीतल पार्थिव तत्त्व प्रधान लोक है। सूर्य उनको तापने का कार्य करता है। परन्तु वह मन को नहीं तपा सकता। क्योंकि मन सूर्य में विराजमान है। सूर्य में भी चन्द्रमा में भी, जितना भी यह ब्रह्माण्ड है प्रकृति का

चक्र है इन सब में मन ही कार्य करता है। मन किसे कहते हैं? मन प्रकृति का सबसे सूक्ष्म तत्त्व माना गया है।

यहाँ जब वरुण ने महात्मा गौतम को यह उपदेश दिया। गौतम आज तुम्हें लोक ! लोकान्तरों पर जाना है। सूक्ष्म सी विद्या को पान करने से ही तुम्हें केवल अभिमान हो गया। परन्तु ज्ञान और सत्य तो ऐसी आभा है। जो मानव को निर्मल बनाती है, निरभिमान बनाती है। वह मानव को यौगिक क्षेत्र में ले जाती है और धर्मज्ञ बना देती है। मेरे प्यारे ऋषि का यह वाक्य जब महर्षि गौतम ने श्रवण किया। तो सुकेतु मुनि ! महाराज का उपदेश जो प्रवाहण से उन्होंने प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि यह संसार मानो एक प्रकार की आभा है। इसमें लोक लोकान्तर हैं। परन्तु इस मन को अग्नि समाप्त नहीं कर सकती। और प्राण को भी नहीं कर सकती। क्योंकि यदि प्राण अग्नि में नहीं रहेगा तो अग्नि नहीं रहेगी। अग्नि क्रिया से शून्य हो जाएगी। वायु में प्राण नहीं रहेगा तो वायु स्थिर होकर निष्क्रिय बन जाएगी। इसी प्रकार बेटा सर्वत्र मन और ! प्राण को एक रचना है। मानो वह सर्वत्र ओत प्रोत है। तो इसी के द्वारा लोक लोकान्तरों का हमें विभाजन प्रतीत होता है। और ऐसे अपने आँगन में वह मण्डल रमण करते हैं, गति करते हैं कि एक दूसरे से मिलान नहीं। वाह रे मेरे प्यारे तू कितना वैज्ञानिक !प्रभु ! है (असाधारण) है। तेरा विज्ञान कितना नितान्त? कितना गम्भीर है? मानव तो विचारता ही रहता है अल्पज्ञता होने के कारण।

एक दूसरा लोक का दूसरा मिलान नहीं कर पाता। पर जब यह प्रलय काल आता है तो सबसे प्रथम मण्डलों का प्राण और मन एक आभा में परणित होता हुआ अपने में रमण करता रहता है। तो मुनिवरोंविचार विनिमय क्या !? सुकेता मुनि ने कहा है, आज तुम्हें यह प्रतीत हो गया होगा कि धर्म सामान्य रहता है। इसीलिए जैसे मंगल मण्डल की मैंने यात्रा की है उस मंगल में भी धर्म है। परन्तु उसमें पार्थिव धर्म है। विचारक धर्म है। इसी प्रकार प्रत्येक लोक लोकान्तरों में यह वाक्य सुनते हैं कि वहाँ तत्त्व को प्रधानता भिन्न भिन्न रहती है। क्योंकि जिस मण्डल में जो तत्त्व प्रधान है, उसी तत्त्व को प्रधानता वाला प्राणी करता है। तो मेरे प्यारे सर्वत्र ब्रह्माण्ड एक अनन्तता में !ऋषिवर !

परणित रहता है। आज मैं लोक लोकान्तरों के ऊपर अपना विचार देना नहीं चाहता था।

विचार विनिमय क्या था? कि आज मानव को साधक बनाना चाहिए। योगी बनना चाहिए। जिन यौगिक उद्देश्यों को पान करके हम लोक लोकान्तरों की यात्रा करते हैं। उन पर हमारा गमन होता है। हमें वह अध्ययन करना है। हमें उसके ऊपर विचारशील बनना है। मेरे प्यारे आज मैं अधिक विवेचना तो देने आया ही नहीं हूँ। केवल मैं तो ! कैसे अपने जी !यह उच्चारण करने आया हूँ कि पुरातन काल में ऋषि बेटावन का अध्ययन करते थे। मुझे स्मरण है एक समय महर्षि पिप्लाद महर्षि रेवक मुनि महाराज के द्वार पर विराजमान हुए। तो महर्षि पिप्पलाद मुनिने कहा प्रभु मैं साधक बनना ! चाहता हूँ। उन्होंने कहा बहुत सुन्दर। तो उन्होंने नाना प्रकार को वनस्पतियों का पान कराया। जिस पर क‍िसी का अधिकार नहीं था। पिप्पलाद मुनि ने वर्ष तक केवल 12 बट् के पंचांग का पान किया और उससे निर्वाह किया। बट वृक्ष के पंचांग से उनका जीवन सुन्दर बना। उनका मस्तिष्क दार्शनिक बन गया। दार्शनिक का अभिप्राय यह है कि हमारा भोजन अथवा अन्न जितना ऊँचा होगा जिस पर किस‍ी का अधिकार नहीं होगा। तो ऐसे अन्न से स्वतन्त्र मस्तिष्क बनता है। अन्न पाप का वह होता है जिस अन्न में जो मानव द्रव्य का स्वामी बने और द्रव्य को एकत्रित में शंका, लज्ञा उत्पन्न हो, भय उत्पन्न हो, वह जो भय का अन्न है ही जो पान करता है, मानव के हृदयों को भी भयभीत बना देता है। तो विचार विनिमय यह कि हमारे ऋषि मुनि भयंकर वनों में, पर्वतों की कन्दराओं में उस अन्न को पान करते थे। वह दार्शनिक कहलाते हैं।

दर्शन किसे कहते हैं? दर्शन कहते हैं यह हमारा जो शरीर है, इसकी प्रत्येक आभा को जानने का नाम दर्शन है। मुनिवरों !इन्द्रियों के ऊपर संयम करने का नाम और संयमी पुरुष है जो उन तरंगों को स्थिर करने का नाम साधना है, योग है। मुनिवरों संसार ! में बिना तरंगों को स्थिर किए योग सिद्ध नहीं बन पाता। विचार विनिमय यह कि हम वाणी के ऊपर अध्ययन करते हैं। नेत्रों के ऊपर अध्ययन करते हैं। श्रोत्रों के ऊपर अध्ययन करते हैं। त्वचा के ऊपर अध्ययन करते हैं। प्रत्येक इन्द्रिय के ऊपर जब हमारा

अध्ययन इतना ऊर्ध्व गति में चला जाता है कि हमारी प्रत्येक इन्द्रिय का विषय मन में स्थित हो जाता है कि हमारी प्रत्येक इन्द्रिय का विषय मन में स्थित हो जाता है। मन और प्राण में स्थिर हो जाता है और मन और प्राण बेटा आत्मा में स्थित हो जाते हैं। ! तब आत्मा अपने प्रभु का साक्षात्कार कर लेता है। वह प्रभु का आध्यात्मिक !मुनिवरों विज्ञान और दर्शन कहलाता है। आज हमें मानवीय दर्शन करना है जीवन को ऊँचा मैं अध !बनाना है। बेटािक विवेचना तो नहीं देने आया हूँ। केवल मैं यह उच्चारण करने आया हूँ कि हम अपने प्यारे प्रभु के आँगन में रमण करते रहें। प्रभु की आभा को विचारते रहें। क्योंकि यह जो जितना भी जगत् है यह सब प्रभु की आभा है।

धर्म को विचारा जाए। धर्म रूढ़ि को नहीं कहते। धर्म कहते हैं जो ईश्वर में हमें समाहित करा देता है। तो मेरे प्यारे आज का विचार क्या कि हम वेदों का अध्ययन !ऋषिवर ! करते रहें। जीवन को ऊँचा बनाते रहें। और अपने जीवन में साधना को ऊँचा बनाएं। साधना में सब से प्रथम अहिंसा आता है, सत् आता है। अस्तेय आता है। ब्रह्मचर्य आता है, हम जब अहिंसा सत् अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह पर विचार विनिमय करते हैं, अध्ययन करते हैं तो हम योग सिद्ध आत्मा हो जाते हैं। हमारा मानवीय दर्शन है। यह है बेटा अब समय मिलेगा तो शेष चर्चाएं फिर प्रकट करेंगे। !आज का वाक् !

आज का विचार विनिमय क्या? आज का वेदका ऋषि क्या कह रहा है? हम उस परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए परमात्मा को आभा को जानते हुए हम इस संससार सगार से पार हो जाए। जो यह संसार हमें मान और अपमान वाला दृष्टिपात आता है। ऋषि तो यह कहते हैं कि यह मान अपमान भी मुनिवरों संसार में आवागमन ! के चक्कर में लाते हैं। मानव को मान को दृष्टिपात करके हर्षित नहीं हो जाना चाहिए। और अपमान को पान करके निराशा नहीं आनी चाहिए। क्योंकि दोनों को ही त्याग देना चाहिए। जो साधक बनना चाहता है। इसीलिए मुनिवरोंमान अपमान में सामान्य रहना !, विचार शीलता में रमण करना, विचार अधिक करना, कैसा विचार? एकान्त विराजमान हो करके प्रभु की आभा को विचारना। हे प्रभुतू क्या है !? कैसा विचित्र है? तेरी जब हम रचना को दृष्टिपात करते हैं। लोक लोकान्तरों का तारा मण्डलों को, नाना प्रकार

की वनस्पतियों का अध्ययन करते हैं। तो बेटा !हमारा हृदय प्रभु !भी नम्रता में रहता है। ऐसे ही मानव का जब मिलान हो जाता है। तो नम्रामय जीवन बन जाता है। इसीलिए मानव को नम्र बनना है। इतना सुन्दर बनना है जैसे पुष्प वाटिका में पुष्प सुगन्धि देता है। मानों हमें विचारों की सुगन्धि में परिणित होना चाहिए। मेरे प्यारे ! वाटिका में सुगन्धि देने वाला जो पुष्प है। परमात्मा ने उसका मिर्नाण किया है। उस पर जब हम अध्ययन करते हैं। इस सुगन्धि का मूल कारण क्या है? तो वह प्रभु ही दृष्टिपात आता है। आओ मेरे प्यारे मानव जब अपने पर अध्ययन करना !ऋषिवर ! प्रारम्भ कर देता है तो अध्ययन के पश्चात प्रभु को आभा ही दृष्टिपात कर देता है तो अध्ययन के पश्चात प्रभु को आभा ही दृष्टि पात आती है। तो विचार विनिमय यह है कि आज हम बेटा अपने जीवन में अध्ययनशील बनें। !

कैसा अध्ययन? आज हम सूर्य का अध्ययन करना प्रारम्भ करते हैं। इसकी किरणों कैसा कार्य करती हैं? पृथ्वी पर आती है। कहीं स्वर्ण का निर्माण करती है कहीं वनस्पतियों को तेज दे कर के ऊँचा बनाती हैं। मानों इसका जो मूल स्रोत है। वह चैतन्य देव हैं। आज हम बेटा जब अपनी प्रत्येक आभा को परमात्मा में स्थित कर देते है परमात्मा ! जै !के गर्भ में हम रमण कर देते हैं तो मुनिवरोंसे प्रभु उदार हैं। उसी प्रकार परमात्मा के हम आँगन में उदार बन करके विवेकी बन करके प्रभु को प्राप्त हो जाते हैं। बेटा ! यह आज का वाक् समाप्त। अब वेदों का पाठ होगा। आज का वाक् समाप्त। अब वेदों का पाठ होगा। आज के वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय हमारा क्या? हम साधक बनें। ऊँचे बनने का प्रयास करें। और दर्शन को विचारने वाले बनें। यह है बेटा आज ! का वाक्। अब समय मिलेगा तो शेष चर्चाएं कल प्रकट करेंगे। आज का वाक् अब समाप्त। अब वेदों का पाठ होगा। निवास स्थान श्री राधा किशन टोडो, कलकत्ता समय रात्रि 8. बजे। 00

१७ 29 07 1973 पुष्प 21 आध्यात्मवाद राष्ट्र का प्राण व बल है

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुण गान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने

पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ उस पठन पाठन का जो विचित्र कर्म है परम्परा से ही माधुर्यपूर्ण माना गया है। हमारे यहाँ परम्परा में कुछ ऐसा माना गया है कि वेदों का जो सुन्दर कर्म है, अथवा उसका जो ज्ञान है, वह विज्ञान से परिपूर्ण है। क्योंकि हमारे ऋषि मुनियों ने इस पवित्र ज्ञान के ऊपर महान मन्थन किया है। वह मन्थन किया हुआ जो ज्ञान होता है अथवा उसमें जो विज्ञान होता है। वह एक महत्ता से परिपक्क होता है। उसमें चेतना की विशेषता मानी जाती है। वह जो परम पिता परमात्मा चैतन्य है, उसी चेतना में यह सर्व ज्ञान और विज्ञान चेतनित रहता है। इसीलिए आज हम परमा पिता परमात्मा की उपासना करने के लिए आए हैं।

हे परमात्मन तू अनुपम है। तू संसार को चेतना प्रदान करने वाला है। प्रभु हम भी ! उस महान चेतना को चाहते हैं। जिस चेतना में मानव को अन्धकार प्राप्त नहीं होता। सदैव प्रकाश ही प्रकाश रहता है। जो मानव उस महान ब्रह्म मुख से परणित हो जाता है। ब्रह्म चेतना में रमण करने लगता है। सर्वत्र ब्रह्म ही ब्रह्म प्रतीत होने लगता है। तो वह मानव इस संसार में उज्ज्वलता को प्राप्त होता हुआ उस महान मण्डल में परणित हो जाता है। जहाँ अन्धकार नहीं होता, जहाँ सूर्य भी अस्त नहीं होता, जहाँ न सूर्य उदय होता है न अस्त होता है, एक रस रहने वाला है। इसीलिए आज हम अपने उस प्यारे प्रभु का गुणगान गाने के लिए आए हैं। हे परमात्मा आज हम उन महान् ! लोकों को चाहते हैं, जहाँ अन्धकार नहीं होता, जहाँ सदैव प्रकाश होता है। इसलिए हम आपकी आराधना करते हुए, इस मानवता से देवतव में जाना चाहते हैं। देवतव से भी प्रभु हमारे हृदय में किसी प्रकार !हम महादेवतव बनना चाहते हैं। जिससे भगवन् ! की विडम्बना न होने पाए। क्योंकि वह जो बिडम्बना होती है यह मानव के विनाश का हम अपने हृदय में प्रसन्न !मूल कारण बनती चली जाती है। प्रभुता चाहते हैं, महत्ता चाहते हैं, उज्ज्वलता चाहते है। जिससे भगवन् हमारा जीवन एक आनन्द में परणित ! होता हुआ महता को वेदी पर रमण करता हुआ इस संसार सागर से पार होने लगता है।

भगवन्हम सदैव इस समाज में !, इस संसार में रूढ़ि वाद नहीं चाहते। क्योंकि रूढ़िवाद

भी मानव के हृदय में नाना प्रकार के संस्कारों को जन्म देता है। यदि संस्कार होंगे तो हमारा आवागमन रहेगा। आवागमन रहेगा तो पुनरपि मरणम् और पुनरपि जीवनम्, हमें प्राप्त होता रहेगा। भगवन् हम ऐसा भी नहीं चाहते। हम चाहते हैं कि हम सदैव उस ! आनन्दमय प्रकाश में रमण करते रहें।जिस प्रकाश में रमण करने के पश्चात जहाँ न सूर्य उदय होता है और न सूर्य अस्त होता है। प्रभु जहाँ सदैव प्रकाश हो प्रकाश रहता ! हम उस !है। उस महान् अनुपम ज्ञान को चाहते हैं। उस विवेक को चाहते हैं। भगवन् रूढ़िवाद को नहीं चाहते हैं। क्योंकि रूढ़िवाद भी मानव के विनाश का कारण बन जाता है। इसीलिए भगवन् हमारी यह ही प्रबल इच्छा रहती है कि हम रूढ़िवाद को ! सदैव उस महत्ता को उस पवित्रता को चाहते हैं जहाँ हम !नहीं चाहते। हम तो भगवन् अन्तर आत्मा के ज्ञानी बनते रहें। अन्तर आत्मा को जानते हुए हमारा जीवन एक प्रतिभाशाली बनता हुआ इस संसार सागर से पार हो जाए।

आज मैं उस परम पिता परमात्मा की प्रतिभा का वर्णन करने लगी। जहाँ वेदों में उस के ज्ञान और विज्ञान का प्रायः वर्णन होता रहता है। जहाँ मेरे प्यारे प्रभु ने मानव को ! मानव जीवन दिया है। मानव जीवन जब इस जगत् में आता है मानवता में जब परणित होता है तो महत्ता का दिगदर्शन होने लगता है। उस दर्शन के पिपासु बनते हुए हम इस संसार सागर से जो महान अपमान वाला जगत् है। जिसमें एक मानव दूसरे मानव के रक्त का पिपासु बना हुआ होता है ऐसे जगत् को नहीं चाहते। हम उस जगत् को चाहते हैं जहाँ प्रत्येक मानव प्रेम का प्रत्तीक हो। स्नेह का प्रतीक हो। जैसे ममतामयी माता अपने पुत्र की स्नेहयुक्त रखती है, इसी प्रकार यह जगत भी, यह मानव समाज भी स्नेहयुक्त होना चाहिए। जिससे हमारे हृदयों में विडम्बना का प्रादुर्भाव न हो। हम सदैव आनन्दमय और मग्न होते हुए अपने जीवन को उज्ज्वल और महत्ता की पवित्र वेदी पर ले जाएं। और वहाँ ज्ञान और विज्ञान की प्रतिभा को जानने वाले बनें।

ज्ञान और विज्ञान है क्या? इसके ऊपर भी विचार विनिमय करना है क्योंकि हमारे यहाँ त्रेता काल में क्या द्वापर में क्या, यहाँ परम्परा से ही वैज्ञानिक प्राणी होते रहे हैं। जिन्होंने परमाणुवाद को जानने के लिए प्रयास किया है। आज हम भी उस मार्ग के पथिक

बनना चाहते हैं। आज मेरे प्यारे महानन्द जी कुछ प्रेरणा दे रहे हैं। इनका वाक्य ! इनकी प्रतिभा मुझे बड़ी ही प्रिय लगा करती है। यदि इनके वाक्यों में कटुता का प्रतीक न हो तो इनकी प्रतिभा बहुत ही प्रिय हुआ करती है। परन्तु कोई वाक्य नहीं। आज तुम्हारे वाक्यों को लेकर के ही अपने वाक्यों को प्रारम्भ करने वाले हैं।

जब हम उस महान विज्ञान की वेदी पर पहुंचते हैं जहाँ वैज्ञानिक प्रकृतिवाद का दिग्दर्शन करते हैं और यह कहा करते हैं कि जहाँ ब्रह्मचेतना का अभाव माना जाता है वास्तव में वहाँ ब्रह्म चेतना का प्रभाव नहीं होता। वहाँ केवल उस वैज्ञानिक की तपस्या का अभाव होता है। यदि उस वैज्ञानिक की तपस्या का अभाव नहीं होता तो परमात्मा का अभाव उसके मस्तिष्क में आ नहीं सकता था। ब्रह्म चेतना का प्रभाव उस मानव के हृदय में प्रायः आता रहता है। जिसके हृदय में तपस्या के अंकुर नहीं होते। आज एक मानव प्रकृति के गर्भ में जाने के पश्चात तपस्वी बनता है। मानो तप करने के लिए तत्पर रहता है। उसकी यह प्रबल इच्छा होती है कि मैं ब्रह्म अस्त्र, आग्नेय अस्त्र, वरुणास्त्र, शिवास्त्र, रोहणी अस्त्र बनाना चाहता हूँ। नाना प्रकार की विचारधारा होती है कि मैं उन अस्त्रों में जानने के पश्चात अपनी प्रतिभा को जानना और उसमें तन्मय होना चाहता हूँ। एक वैज्ञानिक यह विचार विनिमय करता है कि मैं चन्द्रमा की यात्रा करने जा रहा हूँ। द्वितीय कहता है कि मैं मंगल की यात्रा में सफल होना चाहता हूँ। शुक्र के लिए कल्पनाबद्ध रहता है। और भी नाना प्रकार के लोक लोकान्तरों में उसकी महान विडम्बना होती है। एक कल्पना बनाता है परन्तु उस कल्पना के साथ साथ नाना प्रकार के यन्त्रों को जानने का प्रयास करता है। वह उन यन्त्रों में पहुंच जाता है जहाँ वायु तत्त्व और परमाणु अधिक होते है। और अग्नि तत्त्व उसमें उससे सूक्ष्म होते हैं जहाँ जल परमाणु सूक्ष्म होते हैं। इसी प्रकार उन परमाणुओं को सन्निधान से एकत्रित करता है। सन्निधान करने के पश्चात उनका युक्ति युक्त निदान करके एक यन्त्र को निर्धारित कर लेता है। उस यन्त्र में वह विराजमान हो जाता है। ऊपर के लोकों को जाने वाले जितने भी यन्त्र होते हैं। उनमें वायु की प्रधानता अधिक होनी चाहिए। अग्नि उससे सूक्ष्म होनी चाहिए। क्योंकि अग्नि के परमाणु ऊर्ध्वगति को प्राप्त होते हैं। जब वैज्ञानिक यन्त्र बनाकर वायु के

वेग में जब अग्नि का सन्निधान होता है। तो उसकी प्रक्रिया उसमें प्राण की अवरेतगति होती है, उसके पश्चात ऊर्ध्वागति को प्राप्त होना उसका एक स्वाभाविक हो जाता है। आज मैं यह क्या उच्चारण करने चला हूँ। मुझे स्मरण आता रहता है कि वैज्ञानिक उन यन्त्रों को कितना तीव्रगति वाला बना लेता है। जिस समय महाभारत का संग्राम होने वाला ही था। उस समय अर्जुन के पुत्र बभ्रुवाहन अपने स्थान से महाभारत संग्राम के लिए कुरूक्षेत्र में पहुंचने के लिए अवतरित हो रहे थे। मार्ग में ही भगवान कृष्ण और महाराजा अर्जुन दोनों का स्मागम हुआ। दोनों सन्यासी रूप में थे। सन्यासी रूप में होने के नाते बभ्रुवाहन उन्हें अच्छी प्रकार न जान सका। उन्होंने कहा कि आप कौन हैं? उसने कहा कि मैं बभ्रुवाहन हूँ। मैं पातालपुरी का राजा हूँ। मैं आपके इस महाभारत के क्षेत्र कुरूक्षेत्र को दृष्टिपात करना चाहता हूँ। क्योंकि इसकी जो रज है वह बड़ी पावन है मैं उस धूलि को दृष्टिपात करना चाहता हूँ। जब उन्होंने यह वाक्य श्रवण किया तो महाराजा कृष्ण बोले कि क्या तुम संग्राम करने आए हो। उन्होंने कहा कि प्रभु मैं ! संग्राम नहीं कर पाऊंगा। क्योंकि संग्राम करने के लिए मेरे पास सेना नहीं है। हाँ एक बात अवश्य है कि मैं निश्चय करके आया हूँ, मैं अपनी माता से आज्ञा पाकर के आया हूँ कि कुरुक्षेत्र में मैं उस स्थान मे रहूँगा। जिस स्थान से मैं यह दृष्टिपात करूंगा कि जिसका पक्ष परास्त होगा उसी स्थान में मैं उसी समय अस्त्रो शस्त्रों से युक्त होकर उसी दल में शामिल हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि तुम ऐसे बलवान हो जो स्वयं उस स्थान में रहोगे जिनका दल परास्त होने वाला है। उन्होंने कहा कि हां महाराज तुम्हारे द्वारा ! ऐसी क्या विशेषता है? उन्होंने कहा कि भगवनमैंने अपने जीवन में तीन अस्त्रो !ः शस्त्रों को जाना हैं। उन तीनों से मुझे यह पूर्ण विश्वास रहता है कि मेरा एक एक अस्त्र ऐसा है जो अठ्ठारह अटठारह अक्षौहिणी सेना को एक ही समय में नष्ट कर सकता है। जब उन्होंने यह वाक्य श्रवण किया तो पूछा कि इसकी परीक्षा क्या है? उन्होंने कहा कि भगवन आप इसकी !परीक्षा ले सकते हैं। यह मेरा अस्त्र है इसे मैं आपके समीप जी वृक्ष है इसकी महाकृतियां में इसे अर्पित कर रहा हूँ और इसकी पत्ती पत्ती को छेदन

करके यह अस्त्र मेरे द्वारा आ जाएगा यही मेरे अस्त्र में विशेषता है।

भगवान् कृष्णा ने कहा कि हम परीक्षा चाहते हैं। उस समय महाराज ब्रबरीक ने ऐसा ही किया। अपने अस्त्रों का प्रहार कर दिया। और वह अस्त्र वृक्ष की पत्ती पत्ती को छेदन करने लगा। कुछ पत्तियां भगवान् कृष्णा ने अपने पगों के नीचे कर ली थी। उस समय जब अस्त्र पत्ती पत्ती को छेदन कर रहा था और सूक्ष्म पत्तियां रह गई तो महाराजा ब्रबरीक ने कहा हे भगवन् आपके पगों को छेदन करके यह मेरे समीप आ सकता ! है। भगवान कृष्णा ने उन पगों को दूर कर लिया। उन पत्तियों को छेदन करके वह अस्त्र महाराज ब्र्बरीक के समीप आ गया। उसी अस्त्र को हमारे यहाँ ब्रह्मास्त्र कहा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि महारािजा कृष्णा और अर्जुन ने यही विचारा कि ! इसका तो ऐसा भयंकर परिणाम हो सकता है कि यह महाभारत कुरुक्षेत्र में नहीं होने देगा। अब कया करना चाहिए? अर्जुन ने कहा कि इससे कुछ और जानकारी करो। महाराजा ब्रबरीक से बोले हे ब्रबरीकजब तुम इतने क्षत्रिय हो !, इतने महान वैज्ञानिक हो तो मैं यह जानना चाहता हूँ कि तुम दानी कितने हो। उन्होंने कहा कि प्रभु जो ! आप चाहोगे वही दान मैं अर्पित करने वाला हूँ। तो उन्होंने कहा कि यह जो कंठ से यह आपसे !ऊपर वाला भाग है इसे हमें अर्पित कर दीजिए। उन्होंने कहा कि भगवन् ऐसा व्यवहार क्यों? मैंने आपको जान लिया है आप तो कृष्णा हैं। आप ही इस महाभारत के रचयिता हैं। इसलिए आपको मैं यह दान दे रहा हूँ। आप मेरे कंठ से ऊपर वाले भाग को अर्पित कर लीजिए। उन्होंने कहा कि नहीं हम आपके शरीर से दूर नहीं चाहते हैं। आप इस संग्राम को दृष्टिपात करो परन्तु आप भुजाओं से अस्त्रों और शस्त्रों से कार्य नहीं कर पाओगो। उन्होंने कहा कि भगवन् यह मुझे स्वीकार है। !

तो मुनिवरोंदेखो !, हमारे यहाँ ऐसे वैज्ञानिक होने चाहिए जिससे राष्ट्रीयता उनके ! मस्तिष्कों में होनी चाहिए। जिससे जीवन का एक उद्देश्य उनके समीप होता है। उसी काल में जबउन्होंने कहा कि प्रभु यह शरीर आपका हो चुका है तो तीनों प्राणी एक ! स्थान में विराजमान हो गये। तीनों का परिचय हुआ। क्योंकि वह अर्जुन के पुत्र होते थे अर्जुन के चरणों को स्पर्श किया और कहा कि आप तो मेरे पिता हैं। आप यदि

चाहते हैं तो हे पिता आपको संग्राम की आवश्यकता नहीं है। मैं इस संग्राम को एक क्षण समय में समाप्त कर सकता हूँ भगवन् महाराज अर्जुन ने कहा नहीं हम ऐसा ! यह जो संग्राम हो रहा है कि जैसा !नहीं चाहते। महाराजा कृष्ण बोले कि हे बबरीक तुमने इस विज्ञान की प्रतिभा को जाना है कि क्या तुम्हें इस संग्राम में निमिन्त्रित किया गया है? उन्होंने कहा प्रभु मुझे किसी ने निमन्त्रित नहीं किया है। और न मैं निमन्त्रण ! चाहता हूँ क्योंकि इस संग्राम से तो हमारे परिवार का ही विनाश होने जा रहा है। मैं एक वाक्य और जानना चाहता हूँ कि आप तो जनार्दन हैं आप तो केशव !भगवान है परन्तु यह ऐसा क्यों हुआ? भगवान कृष्ण बोले कि यह इसलिए हुआ है इस समय विज्ञान की पराकाष्ठा, विज्ञान की प्रतिज्ञा उज्वल हो गई है। जब विज्ञान ऊँचे स्थान पर चला जाता है और उसमें आध्यात्मिकवाद नहीं रहता, ईश्वरवाद नहीं होता उस समय अभिमान की मात्रा प्रबल होती है। अभिमान का परिणाम केवल विनाश हुआ करता है। इसलिए आज इसके विनाश का कारण उपस्थित है। मुझे तो केवल ऐसा ही प्रतीत हो रहा है।

बब्रीक बोले कि संसार में ईश्वर भी कोई वस्तु होती है? उन्होंने कहा कि संसार में ईश्वर भी होता है। क्योंकि ईश्वर का न मानने से ही यह संग्राम है। उस समय बब्रीक ने कहा प्रभु मैं तो विज्ञान की प्रतिभा मैं परिणित होता हुआ अब मैं बुद्ध मे जाने का ! प्रयास कर रहा हूँ और मंगल में जाने वाले यन्त्रों के निर्माण में मैं कटिबद्ध हो रहा हूँ। कुछ काल से मेरी प्रबल कामना जागरूक हो रही है कि ईश्वर कोई वस्तु नहीं है। उन्होंने कहा कि अरे बब्रीक। ईश्वर का न मानना ही संसार में अन्धकार है। और ईश्वर का स्वीकार करना ही प्रकाश कहा जाता है। जब मानव के हृदय में, राष्ट्र के गर्भ में ईश्वरवाद होता है, मानववाद होता है उस समय ऐसी रक्त भरी क्रान्ति नहीं हुआ करती हैं। क्योंकि रक्त भरी क्रान्ति का जो कारण होता है मानो वह ईश्वर को न मानना ही होता है। आध्यात्मिक विचारों से ऊँचे विचार होते हैं और ईश्वर से ही राष्ट्र का निर्माण ऊँचा हुआ करता है। राष्ट्र में दुर्बलता नहीं होती है। इसलिए आज राष्ट्र में प्रबलता न होने का कारण केवल ईश्वर की प्रतिभा को नष्ट कर देना है। आध्यात्मिकवाद को अपने

से दूर कर देना है।

महाराज बब्रीक ने यह स्वीकार कर लिया तो उन्होंने कहा प्रभु मैं तो ईश्वरवाद में ! विश्वास नहीं कर रहा था। आज मुझे यह ज्ञान हुआ है कि वास्तव में जब प्रकृति के गर्भ में जाते हैं अणु परमाणुओं को एकत्रित करने लगते हैं उस समय मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रकृति ने तुझे इतना मोह लिया है, इतना ममतामयी में धारण कर लिया है। क्योंकि उस प्रकृति के गर्भ में जाने के पश्चात मैं ब्रह्म चेतना को अपने से दूर कर देता हूँ। इसलिए आज से मैंने यह संकल्प धारण किया है कि मैं ईश्वरवादी बनूंगा। और उसकी प्रतिभा को जानना, मेरा अनुसन्धान करना एक लक्ष्य रहेगा। जब यह वाकय कहा तो भगवान कृष्ण बोले अरे, बब्रीक क्या तुम ईश्वर पर अनुसन्धान कर ! सकते हो। ईश्वर पर आज तक कोई अनुसन्धान नहीं कर पाया है। ईश्वर को वही जानता है जो अपने पर अनुसन्धान कर लेता है और जो अपने पर अनुसन्धान नहीं कर पाता वह संसार में प्रभु का अनुसन्धान कर ही नहीं पाता।

आज का हमारा वाक्य क्या कह रहा है? वास्तव में हम अपना अनुसन्धान करें और अनुसन्धान किए बिना संसार में एक प्राणी भी दूसरे प्राणी को नहीं जानता। ईश्वरवाद तो बहुत दूर है बेटा ईश्वरवाद राष्ट्र में होना चाहिए क्योंकि राष्ट्र का जो प्राण है वह ! ईश्वरवाद है। एक समय महाराज ज्ञानश्रुति से महर्षि भारद्वाज जी ने कहा कि हे ब्रह्म मैं यह जानना चाहता हूँ राष्ट्र का प्राण क्या है !ज्ञानी राजन? उस समय महाराज ज्ञान श्रुति ने कहा भगवन राष्ट्र का जो प्राण है वह ईश्वरवाद है। ईश्वरवाद ही राष्ट्र का प्राण ! माना गया है और राष्ट्र की क्रान्ति क्या है? उन्होंने कहा राष्ट्र की क्रान्ति मानव के द्वारा वह मानवीय विचार ही हैं जो राष्ट्रीय क्रान्ति लाता है। अपना अपना अधिकार लाने के लिए महान क्रान्ति हुआ करती है। उन्होंने कहा कि हे राजन मैं यह और जानना ! चाहता हूँ कि राष्ट्र की शान्ति क्या है? उन्होंने कहा राष्ट्र की शान्ति है राजा के राष्ट्र में यज्ञ कर्म होना। यज्ञ आदि कर्मों का होना यह राष्ट्र की शान्ति मानी गई है। उन्होंने कहा हे राजन। राष्ट्र का जो प्राण है। वह ईश्वर है !, शान्ति यज्ञ है और क्रान्ति मानव का कर्त्तव्य है। इसलिए मानव में ईश्वरवाद होगा तो कर्त्तव्य होगा और कर्त्तव्य होगा तो यज्ञ

होगा और यज्ञ होगा तो मानव के राष्ट्र में सुख होगा, शान्ति होगी महत्ता की जिज्ञासा सदैव मानव के हृदय में प्रदीप्त रहेगी।

जब यह वाक्य उन्होंने प्रकट किया तो महर्षि भारद्वाज जी ने कहा कि राष्ट्र का गहना क्या है, राष्ट्र का भूषण क्या है? उन्होंने कहा राष्ट्र का जो भूषण है वह राष्ट्र का चरित्र है। राजा के राष्ट्र में जितना चरित्र होगा उतना ही राजा के राष्ट्र में भूषण होगा, पवित्र होगा। इसलिए राजा के राष्ट्र में चरित्र होना चाहिए। महर्षि भारद्वाज ने कहा कि हे राजनमैं एक वाक्य और जानना चाहता हूँ कि तुम राजा हो !, अधिराज हो, राजा के राष्ट्र की वसुन्धरा क्या है? ज्ञान श्रुति ने कहा कि हे ऋषिवर राष्ट्र की जो वसुन्धरा ! है वह मानव की प्रतिभा है, मानव की प्रतिभा में जो ज्ञान और विज्ञान है वही राष्ट्र की वसुन्धरा है। वसुन्धरा का अभिप्राय जिसमें हम बसते हैं मानो राष्ट्र की जो प्रतिभा है वह मानवता में परणित रहने वाली है इसलिए उसे हमारे यहाँ राष्ट्र प्रतिभा स्वीकार किया जाता है।

महर्षि भारद्वाज ने कहा हे ज्ञान श्रुति जीतुम इसका विश्लेषण जानते हो !? उन्होंने कहा कि भगवन्राजा के राष्ट्र में जितना चरित्रवाद होगा !, एक मानव दूसरे मानव का विश्वासी होगा। एक मेरी पुत्ररा एक राष्ट्र के विभाग से दूसरे राष्ट्र के विभाग में जाने के पश्चात मानो जिसकी प्रवृत्ति माता भौजाई की दृष्टि से दृष्टिपात करने वाला प्राणी हो, उस राजा के राष्ट्र में तो चरित्र होता है। चरित्र की मीमांसा यह भी है, कि राजा के राष्ट्र में जो द्रव्य है उसका सन्तुलन करना मानो उसको सामान्य दृष्टि से, व्यापकता से सन्तुलन करना इससे राजा के राष्ट्र में सतचरित्रता होती है। दूसरे के अधिकार को जो मानव हनन करता है, अपने में ग्रहण करता है वह भी अचरित्रवान व्यक्ति माना गया है। इसीलिए राजा के राष्ट्र में यह सर्वत्र समान विभाजित वस्तुएं होनी चाहिए।

उसके पश्चात उन्होंने कहा कि कर्त्तव्य किसे कहते हैं? हे भगवन् वहीं कर्त्तव्य होता है ! जो मानव कर्त्तव्य का पालन करता हुआ अपने अधिकार पर जो निर्भय रहता है। वह मानव कर्त्तव्यवादी है। अपने जीवन की प्रतिभा में कटिबद्ध रहता है। मानवता की

उसमें एक महत्ता होती है। उसी से अपने जीवन को स्वराष्ट्र बना लेता है।

उस समय महर्षि भारद्वाज ने कहा कि महाराज मैं यह जानना चाहता हूँ कि राजा ! के राष्ट्र की क्रान्ति क्या है? उन्होंने कहा कि क्रान्ति उसे कहते हैं जो मानव अपने कर्तव्य के पालन करने के पश्चात अधिकार को स्वीकार करता है। अपना जो अधिकार है उसी मैं वह सन्तुष्ट रहता है और जो दूसरे के अधिकार को छीनने का प्रयास करता है मानो तब उस राजा के राष्ट्र में अजीर्ण हो जाता है। और जहाँ अजीर्ण होता है वहाँ क्रान्ति नहीं होती। वहाँ तो एक मानव दूसरे मानव के रक्त का पियासु बन जाता है। इसलिए वाक्य यह कह रहा है कि राजा के राष्ट्र में जो क्रान्ति होती है वह क्रान्ति अपने अधिकार में सन्तुष्ट रहना है। और जो अधिकार को छीनने का प्रयास करता है उसको दलित करना है। यह राजा के राष्ट्र में महान रक्तभारी क्रान्ति को जन्म देती है। उन्होंने कहा, बहुत सुन्दर राजन मैं यह और जानना चाहता हूँ कि !हे ज्ञान श्रुति जी ! राजा के राष्ट्र में जो पवित्रवाद है, मानवता हे महत्ता है मानो देखो, अप्रात कहलाया है इसको वसुन्धरा कहते हैं वसुन्धरा की मीमांसा क्या है? उन्होंने कहा कि राजा के राष्ट्र में इस प्रकार के वैज्ञानिक होने चाहिए जो खाद्य और खनिज पदार्थों को जानने वाले हों। खाद्य और खनिज पदार्थों पर जहाँ राजा के राष्ट्र में अनुसंधान होता रहता है वहाँ पवित्रवाद होता रहता है। माना वसुन्धरा या प्रकृति के गर्भ में क्या नहीं होता। राजा के राष्ट्र में इस पर अनुसन्धान होना बहुत अनिवार्य है। खाद्य पदार्थ अधिक होना चाहिए। अधिक उस काल में होता है जब अनुसन्धान करने वाले व्यक्ति होते हैं। बुद्धि के विशेषज्ञ होते हैं। माता के गर्भ में जब अनुसन्धान करने वह कटिबद्ध होते हैं, इसके गर्भ में जाना, नाना प्रकार की धातु को जानना, खनिजों को जानना, उससे नाना प्रकार के यन्त्रों को बनाना और नाना दूसरे लोकों में भ्रमण करना आदि जिस राजा के राष्ट्र में ऊँचे ऊँचे विभाग होते हैं। इसीलिए उस राजा का राष्ट्र पवित्र होता है। यही वसुन्धरा की मीमांसा है वसुन्धरा नाम माता को कहा जाता है जो माता अपने गर्भस्थल से सुन्दर सुन्दर प्यारे पुत्रों को जन्म देती है वह माता वसुन्धरा !को जन्म देती है महान पुत्रों !

संसार में पूज्यनीय होती है।

आज का हमारा वाक्य क्या कह रहा है। आज हम विचारमान बनते हुए अपने मानव जीवन को अनुसन्धान की पवित्र वेदी पर ले जाते चले जाएं। हे माता तू !वसुन्धरा ! वास्तव में पवित्र है, तेरी मानवता तेरा गर्भाशय है। वह उज्ज्वल उस काल में होता है जब यहाँ भगवान कृष्णा जैसे महापुरुषों का कणांद और गौतम जैसे वैज्ञानिकों का जन्म देता हुआ तेरा गर्भाशय पवित्र हो जाता है।

जब यह वाक्य महर्षि भारद्वाज ने श्रवण किया तो हर्ष की कोई सीमा न रही। उन्होंने कहा कि हे राजनतुम वास्तव में बुद्धिमान हो !, महान हो, पवित्र हो, परन्तु मैं यह और जानना चाहता हूँ कि तुम्हारा जो राष्ट्र है उस राष्ट्र में जहाँ मानवता के अंकुर होते हैं वहाँ एक धारा होती है। यज्ञ कर्म होते हैं। तुम्हारे राष्ट्र में यज्ञ कर्म किसे कहते हैं? उन्होंने कहा कि भगवन्मेरे राष्ट्र में नाना प्रकार के संकल्प को जानने वाले हैं !, अग्नि में आहुति देने वाले हैं और अग्नि में जब आहुति दी जाती है राष्ट्र सुगन्धिमय होता है। विचारों की सुगन्धि और नाना प्रकार की वनस्पतियों की सुगन्धि जिस राजा के राष्ट्र में होती है वह राष्ट्र वास्तव में पवित्र होता है। मेरी यही कामना रहती है इसी कामना को लेकर के मैं राष्ट्र का पालन करता हूँ। और ईश्वरवाद की प्रतिभा मेरे राष्ट्र में रहनी चाहिए। क्योंकि ईश्वरवाद ही वास्तव में राष्ट्र का भूषण माना गया है।

आज का हमारा वाक्य क्या कुछ रहा है कि हम प्रभु की याचना करते हुए अपने उस महान जीवन को सुन्दर बनाते हुए महान और पवित्रवाद की वेदी पर ले जाते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहते हैं। उस वेदी पर ले जाना चाहते हैं जहाँ आनंद की एक प्रतिभा का जन्म होता रहता है। हमें अपने प्यारे प्रभु को जानना चाहते हैं। प्रभु को बिना जानें संसार में आस्तिकवाद का प्रसार नहीं होता। मेरे प्यारे महानन्द जी ! कहा करते हैं कि आप तो आध्यात्मिकवाद ईश्वरवाद में लगे रहते हैं। परन्तु आधुनिक काल का संसार कोई चन्द्रमा की यात्रा कर रहा है कोई नाना प्रकार के अस्त्र शस्त्र में नियुक्त हो रहा है, निर्माणशालाओं में परणित हो रहा है। मैं यह कहा करता हूँ कि बेटायह संसार नाना प्रकार के यन्त्रों से ऊँचा नहीं बनता !, ऊँचे ऊँचे भवनों से भी

संसार ऊँचा नहीं बना करता है। सुन्दर सुन्दर मार्ग भी हों उससे भी संसार ऊँचा नहीं बनता यह संसार ऊँचा उस काल में बनता है जब मानव के द्वारा चरित्र होता, महत्ता होती है, पवित्रता होती है, एक मानव दूसरे मानव के रक्त का पिपासु नहीं होता। उस काल में राष्ट्र भवनों से ऊँचा नहीं बना करता है वे सुन्दर नहीं होते जिनमें यज्ञ और सदाचर की वार्त्ता न प्रकट होती है। वह मार्ग नहीं होता जिन मार्गों पर सदाचारी व्यक्ति भ्रमण नहीं करते। उस मानव में उच्चता कुछ नहीं होती जो केवल अपने में प्रमादी बन जाता है। प्रमादी व्यक्ति संसार में नहीं रहना चाहिए। ऐसा ही हमारे यहाँ परम्परा से माना गया है। आज पुनः से हमें उस धारा को अपनाना है। चन्द्रमा में जाना आज कोई आश्चर्य नहीं। चन्द्रमा में जाना बुद्ध में जाना, मंगल में जाना, शुक्र में जाना और भी नाना प्रकार के लोकों में भ्रमण करना यह तो मानव मन के द्वारा भी भ्रमण कर सकता है। परन्तु चरित्र तो उस काल में आता है जब मानव अपने ऊपर अनुसंधान करता है। यह तो प्रकृतिवाद अनुसंधान है, अणु महाअणुओं को एकत्रित करना है, इससे मानव उज्ज्वलता को जा सकता है, वायु मण्डल में परणित हो सकता है यह कोई आश्चर्य नहीं है। कल मैंने अपने कुछ वाक्य प्रकट करते हुए कहा था कि समाज को संसार में उज्ज्वल बनाना है। चरित्रवाद की वेदी को लाना है। जिससे समाज में मानवता का एक दिग्दर्शन होता रहे। और राष्ट्रीयता उसके जीवन में आती रहे। क्योंकि ईश्वर एक मानव जीवन का प्रकाश कहलाया गया है, अन्तःकरण को उज्ज्वल बनाने वाला है।

वाक्य उच्चारण करने का हमारा अभिप्राय क्या है कि हम परमात्मा का चिन्तन करते रहें। प्रभु की आराधना करते हुए, मानवता की पवित्र वेदी का भ्रमण करते रहें। पवित्र वेदी को अपनाते रहें। ज्ञान कर्म की उपासना करते रहें। जिससे हमारा जीवन एक महत्ता की पवित्र वेदी पर रमण करता हुआ संसार सागर से पार होता चला जाए। हम अपनी मानवता को अपनाने का प्रयास करें वैज्ञानिक बनें, महान वेदी पर चले जाएं परन्तु अपनी चरित्रता और मानवता को न त्यागें।

मैं आज कोई अधिक परिचय देने नहीं आया हूँ केवल वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय है कि हम संसार में राष्ट्रवाद को अपनाना चाहते हैं। विज्ञान को अपनाना चाहते हैं।

परन्तु विज्ञान में जाने के पश्चात अपनी मानवता को शान्त न करो। यह है आज का हमारा वाक्य। कल समय मिलेगा तो कल महानन्द जी अपना वाक्य प्रकट कर सकते हैं। इनको सर्वत्र समय प्रदान किया जा सकेगा जिससे यह अपने हृदय के जो उद्गार हैं उनको प्रकट कर सकें। क्योंकि इनका उद्गार बहुत प्रबल होता है। विस्तार क्या होता है। आज समय इतना आज्ञा नहीं दे रहा है जो आज इनको समय प्रदान किया जाए। आज तो हम अपने विचारों को यहाँ विराम देना चाहते हैं। आज के वाक्यों का अभिप्राय है कि हम राजा के राष्ट्र में चरित्रता को लाना चाहते हैं। मानवता को लाना चाहते हैं, सुगन्धि को लाना चाहते हैं, अनुसंधान लाना चाहते हैं, विज्ञान चाहते हैं, अस्त्र शस्त्र चाहते हैं। परन्तु यह सब ईश्वरवाद के साथ साथ चाहते हैं। यह आज का वाक् अब हमारा समाप्त होने जा रहा है। हम प्रभु की प्रतिभा को जानते रहें।

बेटा राम को वन प्राप्त हो गया और जब वह पञ्चवटी पर जा !जिस समय भगवन् ! पहुंचे तो उनके द्वारा सुदर्शन ऋषि महाराज आ पहुंचे और उन्होंने कहा, भगवन् ! आज ऐसे स्थान में विराजमान हैं जहाँ रावण आततायी का आप पर आक्रमण हो सकता है। उस आक्रमण के लिए आपके द्वारा कौन सा साधन है जिससे आप अपनी रक्षा कर सकते हैं। भगवान् राम ने कहा कि मेरे द्वारा ऐसा साधन है कि मैं उससे रक्षा कर सकता हूँ। उन्होंने कहा कि क्या है? हे ऋषिवर मेरे द्वारा एक चरित्र की प्रतिभा ! है मेरे द्वारा सत्यता की प्रतिभा है, मैं अपने सत्य ज्ञान से उससे संग्राम कर सकता हूँ लक्ष्मण विज्ञान में बड़े पूर्ण थे। निपुण होने के कारण उन्होंने नाना प्रकार के यन्त्रों की प्रतिभा को जानने का भयंकर वन में प्रयास किया था। क्योंकि एक समय वे महर्षि भारद्वाज के आश्रम में प्रविष्ट हुए थे। जब भारद्वाज और उनकी पत्नी विराजमान थे। भारद्वाज ने कहा था कि हे रामआप भयंकर वन में आ गएं हैं !, आप कैसे सदाचारियों की रक्षा करोगे। क्योंकि यहाँ आपको आततायी प्राणी बहुत प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा कोई साधन नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं अपने जीवन में अनुसन्धान वेत्ता रहा हूँ। मेरे द्वारा कुछ अस्त्रों शस्त्रों को कोष है इसको तुम स्वीकार कर लो। महर्षि भारद्वाज ने जिन यन्त्रों तन्त्रों को उन्होंने पञ्चवटी पर युक्त कर लिया था। यह होती है मानव की

साध्य प्रतिभा, मानव का वास्तविक जीवन कि ऋषि महर्षि उनके जीवन के साथी बन जाते हैं।
वाक् वाक्य मुझे बारम्बार स्मरण आता चला जा रहा है जहाँ मैं यह विचार विनिमय करने के लिए तत्पर रहता हूँ कि भगवान राम को इतने अस्त्रों शस्त्रों का कोष कहाँ से प्राप्त हो गया जो रावण जैसे साम्राज्यवादी से संग्राम करने का उनका साहस बन गया था। भगवान् राम महर्षि भारद्वाज से लगभग छह माह तक अस्त्रों शस्त्रों की शिक्षा ग्रहण करते रहे। यहीं कोष उन्हें कुछ प्राप्त हुआ, कुछ उन्होंने सुग्रीव से अपनी मित्रता की, उसी मैत्री के बल से उन्होंने राजा रावण से संग्राम किया।
वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय यह कि जो महान् सत्यता की वेदी पर होते हैं उनके रक्षा के लिए संसार में बहुत प्राणी होते हैं। इसलिए मानव को विचारना है और विचारक बनकर के इस संसार में अपने जीवन को व्यतीत करना है। जहाँ मानव के द्वारा चरित्र की प्रतिभा होती है वहीं तो राष्ट्र और समाज पवित्र बनकर इस संसार को ऊँचा बना देते हैं। हम अपने जीवन में एक ही वस्तु को लाना चाहते हैं। रूढ़िवाद नहीं चाहते हैं, सदाचार चाहते हैं, मानवता चाहते हैं महत्ता की प्रतिभा चाहते हैं। यह है आज का हमारा वाक्य। अब मुझे समय मिलेगा तो शेष चर्चाएं मैं कल प्रकट कर सकूंगा। आज का यह वाक्य समाप्त। कल कुछ संक्षिप्त परिचय हम भी देंगे। कल मेरे प्यारे महानन्द ! जी अपना वक्तव्य प्रकट करेंगे। कुछ आधुनिक काल की विचारधारा भी यह प्रकट करेंगे। ऐसा इनका विचार है। आज मैं इनके मन्तव्य को जान गया था, परन्तु उससे मुझे प्रयोजन अधिक नहीं था। कल मेरे प्यारे महानन्द जी अपने उदगार प्रकट करेंगे। ! जोर बाग) अब वेदों का पाठ होगा इसके पश्चात हमारी वार्त्ता समाप्त हो जाएगी।, नयी दिल्ली(

१८ 30 07 1973 पुष्प 21 पञ्चक यज्ञ का स्वरूप

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने, पूर्व की भांति, जिन वेदमन्त्रों का पठन पाठन किया, हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस

मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है जिसमें परमात्मा की महिमा का प्रायः वर्णन किया जाता है।
क्योंकि परमपिता परमात्मा सदैव, विज्ञान में रमण करने वाला है। वह विज्ञान, जो हमारे से अपरोक्ष रहता है परन्तु जो हमारी आभा में निहित रहता है हमारी बुद्धियों से वह दूरी रहने वाला है, परन्तु बुद्धियों में भी रमण करने वाला है। अब दो वाक्य आते हैं, कि बुद्धियों से दूरी और बुद्धियों में रमण करने वाला। परन्तु यहाँ विचार आता है कि कैसे दूर रहता है और वह किस प्रकार बुद्धियों को संचालित करता है।

मन का प्रतिबिम्ब

मेरे प्यारेमन के द्वारा !, आत्मा का सन्निधान होता है, तो मन अपना कार्यवाहक प्रारम्भ कर देता है, और मन की जो सूक्ष्म धारा है, उसका नाम बुद्धि कहा जाता है। परन्तु उसमें क्रिया आती है। प्राण को विभाजन करने की, अथवा किसी भी वस्तु का विभाजन करने की, उसमें प्रवृत्ति आती है। परन्तु यह सन्निधान मात्र से होती है। तो वह सन्निधान आत्मा का होता है। परन्तु परमात्मा उसमें समाहित रहता हैं। तो इसीलिए वह समाहित रहने के नाते वह बुद्धियों से दूरी रहता है, समीप रहता है, समीप रहता है, और दूरी भी रहता है। दूरी इसीलिए रहता है, क्योंकि वह मन का प्रतिबिम्ब है। अथवा मन की एक धारा है, और उस धारा में रमण करने वाला मनस्तव कहलाया जाता है। तो इसीलिए वह जो परमपिता परमात्मा है, वह बुद्धियों के निकट भी है, और बुद्धियों से दूरी भी है। तो इसीलिए वेद कहता है कि बुद्धि से हम उस चेतना को निर्णय नहीं कर सकते। परन्तु वह जो चेतना है, जिसको हमारे यहाँ प्रभु कहा जाता है। उसे हम बुद्धि ! से उसका निर्णय कर पायेंगे। हम प्रकृति के कणों को जान सकते हैं। सूर्य को हमारे वेदो में रथी कहा है, और इन्द्र को भी रथी कहा है। परन्तु यहाँ इन्द्र नाम सूर्य का ही आता है, तो वह जो इन्द्र है, वह रथ पर विराजमान हो करके और उस रथ के जो मानो अश्व हैं। उन पर विराजमान हो करके जब वह सूर्य उदय होता है, तो प्रकाश ही प्रकाश हो जाता है। जैसे राज स्थल है राष्ट्रीय सभा विराजमान है। यदि राष्ट्र का नायक

इसके द्वारा नहीं है, तो वह शून्यवत रहता है। जब वह शून्यवत रहता है तो रथी का उदय हो जाता है तो वह सभा भी प्रकाश में आ जाती है इसी प्रकार वह जो मानो सूर्य है वह रथी है, अश्वों पर विराजमान है और उसके अश्व क्या हैं? बेटा उसके जो ! अश्व हैं वह नाना प्रकार की किरणें है वह जो किरणें है उसमें वह समाहित रहता है। और उसकी किरणें जब संसार में आती हैं तो संसार सुषुप्ति से जागरूक में आ जाता है। मेरे प्यारे वह मानव का समाज का प्रकाशक बन करके आता है। नेत्र अपना ! कार्य प्रारम्भ कर देते हैं। तो विचार क्या वह जो सूर्य है जिसको वेद ने इन्द्र कहा है और उसको मानो रथी कहते हैं क्योंकि रथी पर नाना प्रकार की किरणों पर विराजमान हो करके वह संसार को प्रकाश देता है। अथवा नाना प्रकार की वनस्पतियों को प्रकाश में लाता है। वह जो नाना प्रकार की वनस्पतियाँ हैं उनमें जो गुण हैं उन गुणों का अनुवादन करने के लिए उन गुणों को प्रकाश में लाने के लिए हमारे यहाँ आयुर्वेदाचार्य होते आए हैं।

औषध विज्ञान

परम्परागतों से ही, आयुर्वेदाचार्य होते हैं, परन्तु वह जो नाना प्रकार की जो वनस्पति हैं, उसके गुणों को जानने वाले और जब उसके गुणों को जानने वाले वैद्यराज होते हैं तो मुनिवरोंदेखो !, नाना प्रकार की वनस्पतियों को सूर्य की किरणों से अंकित करता है अथवा उसका अनुसन्धान करता हैं। वह जो आयुर्वेद महापण्डित होता है वह अग्नि की आभाओं को सबसे प्रथम वह जानता है। और अग्नि की धाराओं को जानने वाला ही मानव बेटावह जो वनस्पति है इसमें क्या क्या गुण हैं !? क्या क्या कार्य करती है? उनका वह निर्णय अथवा उनको क्रियात्मक रूप में लाने का प्रयास करता है। तो विचार क्या कि हमारे यहाँ प्रायः औषध विज्ञान होना चाहिए।

वर्ण व्यवस्था

हमारे यहाँ, परम्परागतों में जब आयुर्वेद के महापण्डिता थे तो आयुर्वेद के पण्डिता जब विराजमान रहते तो मुनिवरोंदेखो !, आचार्य कुल में, ब्राह्मण कुल में जब ब्रह्मचारी

प्रविष्ट होती तो मुनिवरोंदे !खो, उसके मस्तिष्कों पर आयुर्वेद के कथनानुसार नाना प्रकार की औषधियों का लेपन करते। और उस लेपन से मानव की बुद्धि का, मस्तिष्क का यह ज्ञान होता था कि यह अमुक बालक, अमुक वर्ण में जाने वाला है। परन्तु देखो, वर्ण व्यवस्था का विकास और उसकी प्रतिभा का जन्म हो जाता तो मुनिवरोंदेखो !, परिणाम मैं इस वाक् को मैं वर्ण व्यवस्था में जाना नहीं चाहता हूँ। परन्तु वे आयुर्वेदाचार्य आचार्य जन निर्णय करते और निर्णय करने के पश्चात उसको वर्ण व्यवस्था में धारण कर देते तो उससे मुनिवरोंदेखो !, समाज का जो निर्माण है वह आचार्यों के द्वारा विवेकियों के द्वारा उसकी उदबुद्धता होती है।

तो मानो मुझे बहुत परम्परा का साहित्य, परम्परा का वाक् स्मरण आता रहता है। परन्तु उस वाक् में मैं सदैव यही कहा करता हूँ कि वह समाज तथा आचार्य जगत ऊँचा होना चाहिए। परन्तु वह जो सुचरित्र होता है सुविचारक होता है विवेकी होता है। उस विवेकी की चर्चा मान में होती है परन्तु उसका तिरस्कार करने वाला कोई नहीं होता। मानो तिरस्कार अशुद्ध वाक्यों का प्रायः तिरस्कार होता ही है। और वह जो तिरस्कार है वह सदैव मानवता में परणित रहता है।

तो मेरे प्यारेआज मैं यह उच्चारण करने चल !ा हूँ कि हमारा वेदमन्त्र क्या कहता है? वेद की आभा हमें कौन से मार्ग के लिए पुकार रही है? वेदवाणी वेद में कोई ऐसा शब्द नहीं है जिसमें मानव समाज का निर्माण न हो। जिसमें राष्ट्रवाद का निर्माण न हो जिसमें चरित्र का निर्माण न हो। वेद सबसे प्रथम चरित्र की घोषणा करता है। उसके पश्चात सामाजिक जीवन की घोषणा करता है। तो विचारना यह है कि हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, मुनिवरोंदेखो !, आयुर्वेद के महा पण्डिता उस सूर्य विज्ञान को जानने वाले परम्परागतों से रहे हैं। वह हमारा जन्म सिद्ध अधिकार रहा है। परन्तु ऋषि मुनियों ने ऐसी ऐसी औषधियों को एकत्रित किया है जिन औषधियों से मुनिवरोंदेखो !, मानव का विकास होता है। और ऐसी ऐसी औषध भी प्रायः होती है। जिनका लेपन करने से मुनिवरोंदेखो !, मानव के उन संस्कारों को भी जागरुक किया जाता है और वह जो मानव के संस्कार अन्तःकरण में है अब वह ऐसा क्यों? क्योंकि औषधि जो होती है।

वह इस माता वसुन्धरा के गर्भ में होती है। वह प्रकृति की मानो जटा है, उन जटाओं के प्रत्येक स्वरूप को जानना है। इसी प्रकार सूक्ष्मता में जाओगे तो यह जो मन है वह भी प्रकृति की जटा है। प्रकृति की जो जो जटाएं है अहा उनको जानना उन जटाओं के प्रत्येक स्वरूप को जानना। इसी प्रकार सूक्ष्मता में जाओगे तो यह जो मन है यह भी प्रकृति की जटा है अब जटा के कितने स्वरूप हैं तो मुनिवरोंदेखो !, इसीलिए औषधियों से इसका बहुत सम्बन्ध है। मन का और औषधियों का बहुत सम्बन्ध है।

तान्त्रिक

परन्तु बहुत सा मनोविज्ञान भी कार्य करता है। जैसे मनों में किसी प्रकार का मानो देखो, प्रकृति के आवेश आते रहते हैं। उन आवेशों को शान्त करने के लिए मानो देखो, तांत्रिकता में कुछ वाक् आते है। तो मुनिवरोंदेखो !, तांत्रिकता वह कुछ नहीं हो पाता, वह केवल यह है, क्या उसमें जिस मानव की मन को आशक्ति होती है, उस आशक्ति के आधार पर मनुष्य जो रुग्ण होते हैं वह मन में विश्वास को धारण करने से वह सर्वत्र नष्ट हो जाते हैं। तो परिणाम यह कि मानो देखो, कि हमें मन को विचारना है। और मन को भी हमारे यहाँ रथी कहा जाता है, वह मन भी इन्द्र है, हे इन्द्रमुनिवरो देखो !, वह भी इन्द्र है जो अन्तरिक्ष में मुनिवरोंनाना प्रकार की वृष्टि का स्वामी बनता है !। और वह वकासुर को शान्त करता है जब वह मुनिवरोंदेखो !, वह इन नाना प्रकार की वृष्टि में सहवृत होता है तो मुनिवरोंदेखो !, वह इन्द्र है। वह इन्द्र सूर्य है, वह इन्द्र वायु है। इन्द्र हमारे यहाँ पर्यायवाची शब्दों में आता है। तो वह जो वृष्टि है मुनिवरोंदेखो !, सूर्य जो रथी बना हुआ है उसकी जो अश्व नाम की किरणें हैं, कांति है, मानो वही तो समुद्र को तपाती है, समुद्रों को ऊर्ध्वा बनाती हैं और चन्द्रमा जब मुनिवरोंदेखो !, सोम बन करके वह सूर्य की किरणों को अपना आश्रित बन करके जब मुनिवरोंदेखो !, उसकी आभा कांति बन करके समुद्रों से मिलान करती है। तो समुद्रों से मानो देखो, वह सोम चन्द्रमा को कहते हैं सोम जल को कहते हैं उसकी कांति के साथ साथ वायु का सम्बन्ध करके अग्नि की उसमें पुट लग करके ही मुनिवरोंदेखो !, वह नाना जल

ऊर्ध्वागति को वह चला जाता है। उर्ध्वागति को जब प्राप्त होता है ऊर्ध्वा गति में उसका मन्थन किया जाता है। तो जब मन्थन होता है अग्नि के द्वारा वायु के द्वारा, मुनिवरों ! देखो, सूर्य की नाना किरणों इसमें अपना कार्य करती हैं। अथवा मन्थन करती है वह जो मन्थन करती हैं तो उसमें मन्थन करने के पश्चात वृष्टि प्रारम्भ होती है। और वह जो वृष्टि है मुनिवरोंदेखो !, वह वृष्टि एक महान वत कहलाई जाती है वह वृष्टि मुनिवरों ! इन्द्र के द्वारा मेघों के द्वारा होती है।

गौ का महत्व

देखो, वह जो वृष्टि है, अब हमारे यहाँ वैज्ञानिकों ने वृष्टि यागवेत्ताओं ने यह निर्णय किया कि हम क्या मानो देखो, समुद्रों को तपाने के लिए हम सूर्य की किरणों में अग्नि का भान करना चाहते हैं, अग्नि का हम याग करना चाहते हैं, तो मुनिवरोंदेखो !, वातावरण में उस वातावरण को लाना होगा, जिस वातावरण से सूर्य की किरणों का सम्बन्ध रहता है, और जिन औषधियों से सूर्य का सम्बन्ध रहता है। उन औषधियों को एकत्रित करने के पश्चात मुनिवरोंदेखो !, उसमें अग्नि प्रधान होती है। उन औषधियों में अग्नि जब प्रधान होती है उन औषधियों को एकत्रित करके और मुनिवरोंदेखो !, हमारे यहाँ गो घृत को श्रेष्ठतम माना गया है क्योंकि मैंने उस वाक् को बहुत पुरातन काल में कहा भी है आज भी मैं उच्चारण किए देता हूँ मानो यह जो गो नाम का जो पशु है उसमें नाना यन्त्र लगे हुए हैं। जो प्रभु के विज्ञान के साथ साथ उसकी वैज्ञानिकता ! वह जो यन्त्र हैं वह वो अन्नाद ग्रहण करते हैं जिस अन्नाद !दृष्टिपात होती है। मेरे प्यारे को मेरे प्यारे दूसरे प्रकार का अन्न कहलाया गया है। जो पशुओं को सृष्टि के ! प्रारम्भ में प्रदान किया गया था। उस अन्न को पाते हैं। उन वनस्पतियों को पाते हैं देखो !और मुनिवरों, वह जो नाना प्रकार की किरणों हैं वह जो अश्व हैं देखो, उस रथी के इन्द्र नाम के रथी गो नाम के पशु से विशेषकर सम्बन्ध होता है।

मुनिवरोंदेखो !, जब गो नाम का पशु मुनिवरोंदेखो !, दुग्ध देता है प्रसन्न हो करके उस समय उसका जो सूर्य स्वर होता है वह गतिवान होता है, जिस गो का सूर्य स्वर

गतिवान होता है तो जानो कि उसमें सूर्य की स्वर्ण विधि नाम की नाड़ी का सम्बन्ध, केतु नाम की किरण का सम्बन्ध, और मुनिवरोंदेखो !, सूर्य स्वर के गो नाम के पशु के साथ होता है। मानो देखो, उसका जो रीढ़ का विभाग है रीढ़ के विभाग में उसमें स्वर्णतव और उन औषधियों को उन किरणों को एकत्रित करना प्रकृति से अथवा सूर्य की किरणों से, इन्द्र से वह लेकर के श्वांस की गति और रीढ़ की गति एक सीमा में दोनों का जब सन्निधान हो जाता है सन्निधान होने के पश्चात वह जो नाना प्रकार के यन्त्र है नाड़ियों के द्वारा उन यन्त्रों में वह चेतना जाती है, अग्नि जाती है वह धाराएं जाती हैं। उन धाराओं से गो नाम के पशु ने जो अन्नाद पाया था उस अन्नाद में से मन्थन हो करके और वह स्वर्ण की किरण मन्थित हो जाती हैं मुनिवरोंदेखो !, वह जो दुग्ध है वह उसका उसको मन्थन किया जाता है और मन्थन करने के पश्चात उसको गो घृत कहते हैं वह जो गो घृत है उसमें सूर्य की प्रधानता है इसीलिए वैद्यराजो ने कहा है वैद्यराजों ने कहा है कि यह जो गो घृत है अमृत ब्रह्मे यह अमृत है। और उसको अमृत क्यों कहते हैं क्योंकि इसमें अग्नि प्रधान है, स्वर्ण प्रधान है, मुनिवरोंदेखो !, स्वर्ण और अग्नि की दोनों की प्रधानता से ही और यही औषधियों की प्रधानता वाली औषधियों को एकत्रित करके जब यागवेत्ता वृष्टि याग करता है तो मुनिवरोंदेखो !, वह सूर्य की किरणों तक उसका स्थान होता है अथवा वह किरणे मन्थन करके अपने में शोषण करती है वातावरण अग्निमय बन जाता है। अग्निमय बन करके मुनिवरोंदेखो !, उसी प्रकार की समिधा होती है।

पान्ति याग

अब मुनिवरोंदेखो !, समिधा जैसे हमारे यहाँ जैसे पीपल का वृक्ष है उसमें अग्नि प्रधान है, इसमें सूर्य की किरणें अधिक प्रधान हैं। उससे पीपल के वृक्ष के जो कण होते हैं उन कणों में भी स्वर्ण की मात्रा होती है मानो उनमें आभूषण की मात्रा होती है तो वह मानो जब उसकी समिधा हो करके और आक की समिधा मुनिवरोंदेखो !, आक की समिधा का वास्तव में आचार्य ने वहिष्कार किया। परन्तु वृष्टि यज्ञ में यह आता है।

उसको हमारे यहाँ पान्ति याग कहा जाता है। वास्तव में तो पान्ति याग का अभिप्रायः यह है कि पान्ति याग उसे कहते हैं जहाँ पांचों वस्तु हों। ऐसा कहा जाता है मानो जैसे हमारे यहाँ पांच ज्ञानेन्द्रियाँ मानी जाती हैं तो मुनिवरोंदेखो !, पांचो ज्ञानेन्द्रियों में, जहाँ ज्ञान प्रधान होता है, वहाँ अग्नि प्रधान होती है। क्योंकि हमारे यहाँ ज्ञान को भी अग्नि कहते हैं, और वह जो ज्ञान रूपी अग्नि है उसका सम्बन्ध मानो देखो, पांचों ज्ञानेन्द्रियों से रहता है पांचों ज्ञानेन्द्रियाँ ही हमारे ज्ञान का मुख्य कारण बनती है। तो मुनिवरों ! देखो, वह जो ज्ञानेन्द्रियाँ हैं उस ज्ञानेनिद्रयों का सम्बन्ध पान्ति याग से रहता है। पान्ति याग का अभिप्रायः यह कि पांचों ज्ञान इन्द्रियों का समावेश करते हुए, मन के द्वारा और मन का समावेश बुद्धि में और बुद्धि का समावेश मानो अन्तःकरण में, और अन्तःकरण का समावेश अहंकार में मुनिवरोंदेखो !, चित्त में जब सब का समावेश हो जाता है और वह मुनिवरोंदेखो !, वह जो एकोकी आत्मा, इस शरीर में याज्ञिक बना हुआ है, वह जो पान्ति याग करने वाला है, मुनिवरोंदेखो !, वह उसमें सुगठित होता हुआ मेरे प्यारे ! अब जिनको वह जब वह एक दूसरे में समाहित हो गएं हैं। उस समय आत्मा का जो ज्ञान है आत्मा का ज्ञान केवल्य है, मात्रा में सूक्ष्म बन करके अब मुनिवरोंदेखो !, वह केवल्य आनन्द हो जाता है उसको आनन्द कहते हैं।

तो यहाँ पान्ति याग का अभिप्रायः यह कि पांचों इन्द्रियों को हम ज्ञानेन्द्रियों को समावेश करने की हमारी प्रवृत्ति होनी चाहिए। जब वह एक दूसरे में समाहित हो जाते हैं अथवा समावेश हो जाता है इनका तो मुनिवरोंदेखो !, वह पान्ति याग हो जाता है। पांचों को ले करके जैसे मुनिवरोंदेखो !, वह पीपल है, आक हैं, और मुनिवरोंदेखो !, जैसे अश्वगन्ध माना जाता है, स्वातीति है, गुलवृति है। इन पांचो प्रकार की समिधा को लेकर के अग्नि में याग करते हैं। उसको पान्ति याग कहते हैं मुनिवरोंदेखो !, इसी को हमारे यहाँ जैसे पान्ति याग होता है मेरे प्यारे महानन्द मुझे जी ने एक समय ऐसा कहा ! कि पांचों प्रकार के मांसों से लेकर के याग करने का नाम पान्ति याग है। परन्तु प्रायः ऐसा नहीं। ऐसा जो मानव करते हैं पांचों पशुओं का माँस ले करके जो याग करता हैं वह पशु और पामर व्‌्यक्ति होते हैं मानो देखो, उनका वैदिक से बहिष्कार

कर देना चाहिए। बेटा मैं इस वाक् को इसीलिए उच्चारण कर रहा हूँ आज मैं उन ! वाक्यों में नहीं जाना चाहता हूँ कि संसार क्या क्या करता रहा है। परन्तु यहाँ वैदिक साहित्य यह कहता है कि पान्ति याग होने चाहिए। और पान्ति याग एक तो साधारण याग होते हैं उस पान्ति याग में ही मुनिवरों हमारे यहाँ वृष्टि याग का समावेश हो ! देखो !जाता है। इसी प्रकार जैसे मुनिवरों, पांचों ज्ञानेन्द्रियों को अपने में समाहित करने वाला मानो यह जो अन्तरात्मा है अन्तर्मुखी बन करके इन पांचों को अपने में वशीभूत अपने में समाहित करते हुए जो इनका याग करता है और एक सूत्र में ला करके बेटा ! से मिलान होता है अथवा मानो आवागमन के जो नाना आभाएं हैं उससे वह !प्रभु ज्ञान के एक सूत्र में बिखरा हुआ न रहने से उसको !विमुख हो जाता है। मुनिवरों पान्ति याग कहा जाता है। इसी प्रकार मुनिवरोंजो बिखरे हुए अग्नि के कण हैं !, अग्नि के जो परमाणु हैं उनको एक सूत्र में लाना है तो मुनिवरोंहमें नाना समिधा के द्वारा !, औषधियों के द्वारा याग करना है और वातावरण को उसी के अनुकूल बनाना है।

तो मुनिवरोंप्रायः वही हो जाता है। मुझे स्मरण आता ! रहता है बेटादेखो !, महाराज अश्वपति के यहाँ एक समय वृष्टि याग हुआ। तो जब वृष्टि याग हुआ तो राजा ने नाना औषधियों को एकत्रित किया। उनके द्वारा वह जो याग हुआ पान्ति याग हुआ उसके पश्चात वृष्टि याग हुआ। उसमें दोनों समावेश हो गएं तो मुनिवरोंदेखो !, इसका सम्बन्ध मानव के विचारों से सम्बन्धित रहता है, मानव के विचार इतने महान पवित्र होने चाहिए, इतना अहिंसा से विमुख देखो, अहिंसा से सुगठित होने चाहिए, हिंसा से दूर होने चाहिए। ऐसा जो याज्ञिक पुरुष होता है वह मुनिवरोंदेखो !, अपना पान्ति याग करता है।

तो आज बेटामैं अधिक ! विवेचना देने नहीं आया हूँ, विचार विनिमय यह कि मुनिवरों ! देखो, वह कल का एक विषय तुम्हारे समीप अधूरे प्रगट कर गया था वह यह कि महर्षि बाल्मीकि की चर्चा कर रहा था। महाराजा बाल्मीकि ने मेरे प्यारे जब वह ! रत्नागीरि से गायत्री यज्ञ में परणित होने लगे, तो देवर्षि नारद से कहा कि महाराज ! मेरे कल्याण का मार्ग, आप ही दे सकते हैं। मैं इस द्रव्य को नहीं चाहता। यह द्रव्य

ब्रह्मचारियों के मध्य में रहना चाहिए। क्योंकि यह याग का द्रव्य है। हे प्रभु तो मुनविरो ! जब यह वाक्य उन्होंने प्रगट किया और देखो, अपने गृह में अपने आश्रम को उन्होंने प्रस्थान किया। देवर्षि नारद अपने आश्रम में प्रवष्टि हो गए तो देवर्षि नारद जी ने उन्हें यह उपदेश दिया कि अब तुम अब पान्ति याग करो। मानो देखो, उन्होंने लगभग एक वर्ष तक देवर्षि नारद ने आसनों को सिद्ध कराया आसनों को सिद्ध करा करके वह कहा कि तुम वह प्रयत्न करो जिससे तुम्हारा चित्त शान्त हो। अब मुनिवरोंदेखो !, चित्त शान्त उस काल में होता है जब मानव के द्वारा न तो क्रोध रहे, न ममता रहे और न मोह रहे ममतव जिसे कहते हैं मेरे प्यारे और न अभिमान रहे अहा उसके पश्चात मेरे ! यह सर्वत्र वस्तु समाप्त होन !प्यारेे के पश्चात तप ही तप आ जाएगा।

तपना

मुनिवरोंतपना किसे कहते हैं !? तपना कहते हैं जो पान्ति याग में इन्द्रियों का तापना है। इन्द्रियों को संयम में लाने वाला जो पुरुष है इन्द्रियों को जब सिद्ध कर लेता है, इन्द्रियों में अपने मन की प्रवृत्तियों को समावेश कर लेता है तो मेरे प्यारे वह पान्ति ! याग करने वाला पुरूष मानो देखो, गायत्री और छन्दो का ऋषि बन जाता है हमारे यहाँ परम्परागतो में मानो देखो, छन्दों और गायत्री ऋषि कहलाते थे गायत्री और छन्दो का अभिप्रायः यह कि गायत्री तो गाई जाती है। और छन्दों का धारण किया जाता है। छन्द उसे कहते हैं जो आभा है। मेरे प्यारेवह आभाओं का जन्म होता है !, उन आभाओं की जो चित्त में तरंगे उत्पन्न होती हैं उन चित्त की तरंगों का नाम मुनिवरोंदेखो !, छन्दावली, उन छन्दों से उन तरंगों का मानो देखो, अन्तःकरण में ही समावेश कर देना चाहिए।

गायत्री गान से प्राप्ति

मेरे प्यारे जैसे महर्षि पातञ्जलि ने और भी आदि ऋषियों ने जैसे चित्त की वृत्तियों को ! निरोध करने को कहा है, मानो देखो, वह पान्ति याग कहलाता है। मुनिवरोंदेखो !, जब महर्षि बाल्मीकि ने विराजमान होकर के गायत्री और छन्दों छन्दावली ऋषि बने। तो

वह क्योंकि यह शास्त्रीय और वैदिकता से सुगठित कहलाई जाती है विचार यह कि मानो जब वेद के रूप को वेद के मन्त्र को गाया जाता है। वेद तो गाया जाता है और जब ऊँचे स्वर से मानव गाता है तो मुनिवरोंदेखो !, उसमें दो वस्तु आ जाती है। सबसे प्रथम जो मानव वेद की गायत्री को गाता है उसकी वाणी में सतवाद आ जाता है। और जब वाणी में सत्वाद आता है तो सत् में मधुरपन आ जाता है। मुनिवरोंदेखो !, जिसकी वाणी में सत्वाद भी हो और मधुरपन भी हो वह मानव तो संसार में कृतज्ञ कृतज्ञ हो जाता है। मानव की वाणी में सतवाद तो है परन्तु मानव की वाणी में यदि मधुरपन नहीं है, तो उस मानव के अन्तःकरण का जो सुकृत है, वह हनन हो जाता है। मेरे प्यारे ! देखो !ऐसा गायत्री और छन्दों से सिद्ध होता है। मुनिवरों, महर्षि बाल्मीकि ने लगभग चौरनवं वर्षों तक इस प्रकार का तप किया। उन्होंने सबसे प्रथम यह विचारा कि मैंने इस वाणी से कितना कठोर और मैने भय दिया है इस वाणी से हे प्रभु मेरी वाणी ! जो अन्तरात्मा !को सदैव ऊँचा बना अब गायत्री का यज्ञन करने वाला प्राणी मुनिवरों देखो !में याग करता है पान्ति याग मुनिवरों, उसको दो वस्तु प्राप्त हो जाती है। वास्तव में तो चार वस्तु प्राप्त होती हैं। सबसे प्रथम सत्य उच्चारण करना द्वितीय सत्य में मधुरपन आना और मुनिवरोंदेखो !, तप आना है और तप के पश्चात मेरे प्यारे तप अक्रोध में ! परणित हो जाना, यह देखो, गायत्री गान से प्राप्त होती है। परन्तु जो गाता नहीं है वह मानव जीवन को लेकर के संसार में अभागा बना रहता है।

चित्त का भोजन

मेरे प्यारेमुझे वह काल भली भांति स्मरण आता रहता है !, जब हम अपने पूज्यपाद गुरुदेव के द्वारा परणित होते थे, तो वे गायत्री को गाते थे। और हमारे द्वारा वह गान रूप में परणित कराते थे। अब गाता कौन मानव है? जिसका अन्तःकरण शान्त होता है, जिसका चित्त शान्त होता है और चित्त शान्त उस काल में होता है जब चित्त का भोजन उसे प्राप्त होने लगता है। चित्त का भोजन क्या है? बेटा अन्तःकरण अथवा ! चित्त का भोजन है ज्ञान। चित्त का भोजन है मानो यह जो विषय हैं नाना प्रकार के

जो विषय स्वादन में इनसे जब वह उपराम हो जाता है। तो मुनिवरोंदेखो !, वह चित्त का भोजन ज्ञान है, विवेक है चित्त का जब अन्न प्राप्त हो जाता है तो चित्त स्वतः शान्त हो जाता है। और जब चित्त शान्त हो जाता है उसकी वाणी में मौनपन आ जाता है और वाणी में छन्द आ जाते हैं उस वाणी में ओजस्तव आ जाता है। वह मानव संसार में बेटादेखो !, सौभाग्यशाली है। हे मेरे प्यारेतेरे राष्ट्र में !प्रभु !, तेरी विद्या में तेरे विज्ञान में क्या नहीं है भगवन तेरी इस पवित्र विद्या को अध्ययन करते हुए !हम तो भगवन ! मानो हम तो चकित हो जाते हैं। और हमें ऐसा भान होने लगता है जैसेमाता का पुत्र माता के अनुकूल विराजमान हो जाता है। और माता के अनुकूल कर्म करने लगता है। माता उससे पुलकित होती हैं। माता के विपरीत चलता है, माता को माता के अनूकुल कर्म करने लगता है माता उसे प्रीति देती है माता के विपरीत चलता है माता को अशुद्ध वचन उच्चारण करता है तो माता उससे दूरिता हो जाती है। जब माता दूरिता हो जाती है। तो प्रीति कौन दे सकता है? तो यह जो गायत्री माँ है यह तो ममता है, यह चौबीस अक्षरों वाली गायत्री है चौबीस तत्त्व हमारे शरीर में भासतें है मुनिवरोंदेखो !, तीन तन्मात्राएं हैं, तीन उनके शब्द हैं, इस प्रकार मुनिवरोंदेखो !, यह मानव को ऊर्ध्वा बनाने के लिए सदैव यह जो माँ गायत्री है, अक्षरों वाली चौबीस अक्षरों वाली यह छन्दों के सहित जब छन्दो के सहित मुनिवरोंदेखो !, अन्तरात्मा में याग करते हो पान्ति याग तो मुनिवरोंदेखो !, मानव को सर्वत्र वस्तु प्राप्त हो जाती है।

मेरे प्यारेवह वस्तु क्या है !? वह वस्तु है मेरे प्यारे ममतव नहीं रहता उस मानव ! में कर्त्तव्य की भावना आ जाती है। वाणी में मधुरपन हो जाता है। वह जो उसका एक !तप है वह नितान्तर बन जाता है और वह शब्द तप उच्चारण करता है मेरे प्यारे दे !मानव मुनिवरोंखो, मुझे एक समय मुझे ऐसा स्मरण है, मैं अपने पूज्य गुरुदेव के द्वारा विराजमान था। मैंने एक समय याग किया पूज्यपाद गुरुदेव के कथनानुसार, वे नित्य प्रति याग कराते थे। देखो, अग्न्याधान कराते थे, तो वे कहा करते थे कि जैसे यज्ञ वेदी में अग्न्याधान करते हैं इसी प्रकार तुम अपने अन्तःकरण में भी अग्न्याधान करो अन्तःकरण का अग्न्याधान क्या है? मुनिवरोंदेखो !, मानो यह जो ज्ञान, कर्म, उपासना

है। इसकी समिधा बनाओ और वह जो उपासना है उसका घृत बनाओ और वह मुनिवरोंदेखो !, जब अन्तःकरण में घृत रूपी उपासना रूपी घृत की जब स्वाहा कह करके आहुति दोगे तो अन्तःकरण में जो संस्कार है। वह उदबुद्ध हो करके मानो वह जिसके प्रति तुम अग्न्याधान करते हो, वह देवता जो तुम्हारे शरीर में वास कर रहे हैं, वे देवता जागरूक होकर के और तुम देववत में जा करके परम पिता परमात्मा को प्राप्त हो जाओगे। जैसे मुनिवरों जैसे अग्नि सदैव मानो अग्नि की ऊर्ध्वा गति होती है ! है वह भी ऊर्ध्वा में रहने वाला कण कण में !उसका सखा है। आत्मा का सखा प्रभु व्याप्त है तो मनिवरों उससे मानो देखो, यह जो ज्ञानेन्द्रियाँ है, कर्मेन्द्रियाँ हैं उनके विषयों की सामग्री बना करके तुम याग करोगे तो तुम्हारा जीवन वास्तव में सौभाग्यशाली बन जाएगा।

गुरुदेव का अध्ययन

आओ मेरे प्यारे मैं अधिक विवेचना तो देने नहीं आया हूँ विचार यह कि मैं उच्चारण ! कर रहा था कि जब मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव के द्वारा अग्न्याधान किया तो मैंने तब एक पुस्तक का अध्ययन मानो एक पोथी का मैं अध्ययन करने लगा और वह पोथी अकल्याण की थी, अकल्याण की क्या उसमें असुरों का वर्णन था। तो पूज्यपाद गुरुदेव ने मेरा आश्रम से बहिष्कार कर दिया। जब बहिष्कार कर दिया तो मानो देखो, बारह वर्षो तक बहिष्कार रहा। तो मैंने अपने पूज्य गुरुदेव से कहा, भगवनआप !ने ऐसा क्यों किया? उन्होंने कहा हे तुम पामर हो क्योंकि तुम तपस्या करना नहीं चाहते हो। तुम ! मानव नहीं हो। जब तुम दैत्यों के विवरण का अध्ययन करोगे तो तुम्हारे द्वारा असुर प्रवृत्ति आ जाएगी और वह जो असुर प्रवृत्ति है वह तुम्हारे सुकृत को हनन करने लगेगी इसीलिए तुम अधिकारी नहीं हो। तो मुनिवरों उसको त्यागा गया तो विचार ! यह कि जो मानव अग्न्याधान करता है और अग्नयाधान के पश्चात् जिस पोथी का अध्ययन करता है मानो यदि वह अकल्याण की है तो उस मानव को याग करने का !अधिकार नहीं होता इस संसार में तो विचार विनिमय क्या तो बेटामेरे पूज्यपाद गुरुदेव

ने मेरा बारह वर्ष तक बहिष्कार किया और यह कहा कि तुम गायत्रियों का जपन करो। परन्तु जो गायत्री का जप नहीं कर पाता, गायत्री और छन्दों को अपने जीवन में नहीं लाता, अकल्याण की पोथियों का अध्ययन करता है उस मानव के सात जन्मों का पुण्य समाप्त हो जाता है, ऐसा मुझे पूज्यपाद गुरुदेव ने अध्ययन कराया।

तो मुनिवरोंदेखो !मैं उनके के चरणों में ओत प्रोत हो गया और मुनिवरों !, लगभग उनकी वन्दना की मेरे प्यारे उनकी चरणामयी जैसे ममतव प्रव्हे मानो पूज्यपाद गुरुदेव ! ने मुझे आज्ञा दी कि आओ और अध्ययन करो। मेरे प्ारे विचार विनिमय यह कि ! हम याग का कर्म करना चाहते हैं। मैं यागों के सम्बन्ध में अधिक विवेचना करना नहीं चाहता। परन्तु याग करना अवपे मानव शरीर का। याग करना है मानव शरीर का क्योंकि इसको पान्ति याग कहा जाता है इन्द्रियों का अध्ययन करने के पश्चात्। मेरे प्यारे मैं अधिक विवेचना देने नहीं आया हूँ। आज मैं केवल यह उच्चारण करने आया ! की उपासना करते हुए और अपने मानव जीवन को ऊर्ध्वा गति में ले !हूँ कि हम प्रभु जाते हुए? हम सदैव विवेकी बनें। विवेकी बन करके साधारण समाज को भी ऊँचा बनाएं और मुनिवरोंदेखो !, इन्द्र की उपासना करते रहें। वह जो इन्द्र देव है जो वास्तव में रथी कहलाता है वह इन्द्र हमारा कल्याण करने वाला है।

तो मैं उच्चारण कर रहा था, महर्षि बाल्मीकि की चर्चा। महर्षि वाल्मीकि ने जब इस प्रकार का अध्ययन किया तो देवर्षि नारद आते और उनकी परीक्षा लेते। उन परीक्षा में वह पूर्ण हो जाते। तो मुनिवरोंदेखो !, परिणाम यह हुआ कि महर्षि बाल्मीकि मुनिवरों ! इतने ऊर्ध्वा ऋषि बने कि वे सदैव उसका स्वागत करते थे जो भी अतिथि आता था, मुनिवरोंदेखो !, जहां मानव के विचार ही तो हैं। जब मानव मेरे प्यारे जो मानव का ! हनन करके उनके द्रव्य को धारण करता हो, मेरे प्यारे वह मानव अतिथियों की सेवा ! करने लगे। अरे, वही तो मानव का आत्मिक याग है जिसको याग कहते हैं। जो मानो सदैव इतनी कटुता में परणित रहते, उनकी वाणी में महानता न थी। परन्तु महानता आ गई। परन्तु वह तप की महिमा है, वह गायत्री माँ की करुणा है, वह प्रभु की ! देखो !उसकी आज्ञा का पालन करना हमारा कर्तव्य है। मेरे प्यारे !महानता है बेटा,

इससे हमें ऊँचा बनना है। ऊँचा बनते हुए विचार विनिमय क्या आज मैं यह उच्चारण कर रहा हूँ कि हम सदैव देखो, मेरी माता हो पिता हो अथवा मानव हो, पति हो, पत्नी हो प्रत्येक को अपने अपने कर्तव्य में सदैव दक्ष होना चाहिए। और गाना गाना चाहिए। वह गान क्या है? वह गान है गायत्री जो स्वरों से गाई जाती है। वेद जो स्वरों से गाया जाता है और गाने का अभिप्रायः यह कि जो अपने अन्तःकरण में धारण किया जाता। मेरे प्यारेउसको हमें सदैव धारण करना है !।

महर्षि वाल्मीकि ने, रामायण का साहित्य लेखनी वद्ध किया। जो जो साहित्य उनके समीप जाता रहा वह लेखनी वद्ध होता रहा। राम के जीवन से, ले करके राम के मरण पर्यन्त लेखनी वद्ध किया। जब भगवान राम ने यह विचारा कि मेरे गृह में विवेकी बालक का जन्म हो, तो उन्होंने लक्ष्मण से कहा कि हे लक्ष्मण सीता को महर्षि ! वाल्मीकि के आश्रम में त्याग करके आओ। मानो क्योंकि वह यहाँ वायुमण्डल देखो, नद का किनारा नदी का तट है उसी तट पर मानो देखो, मेरी पत्नी स्वच्छ वायुमण्डल में जन्म देगी तो राष्ट्र का कल्याण होगा।

तो मेरे प्यारेवह साहि !त्य मुझे स्मरण आता रहता है। राम की आज्ञा थी, मुनिवरों ! देखो, राम ने, लक्ष्मण को आज्ञा दी और लक्ष्मण सीता को लेकर के वाल्मीकि आश्रम में ले गए। मेरे प्यारेराम ने ऐसा क्यों किया !? प्रत्येक मानव मेरे प्यारे महानन्द जी ! भी कहा करते हैं। राम ने इसीलिए किया क्योंकि ऊँचा जो बालक का जन्म होता है वह स्वच्छ वायु में होना चाहिए मेरे प्यारे गृह का और राष्ट्र का जो वातावरण था ! वह उनके आँगन में आने वाला नहीं था क्योंकि वह अपने जीवन में स्वयं त्यागी और तपस्वी रहे।

तो मुनिवरोंदेखो !, वहाँ देखो, लव को जो जन्म हुआ, वह वाल्मीमि आश्रम में हुआ। और कुश नाम का जो बालक था वह वाल्मीकि को कहीं देखो, कुशा से प्राप्त हुआ, वह मानो देखो, वह मानो देखो, दोनों की पालना माता सीता के आँगन में हुई तो मुनिवरोंदेखो !, यह अहा ब्रह्मे यह मर्यादा होती है। हमारे परम्परा में मर्यादा थी। क्या ऋषि मुनियों के द्वारा बालक का जन्म होना चाहिए उन आश्रमों में होना चाहिए जो

जहाँ स्वच्छ वातावरण हो। राष्ट्रीयता मानो देखो, आहार होना चाहिए राष्ट्र का क्या तो मुनिवरोंदेखो !, वह अब बाल्मीकि के आश्रम में मानो देखो, सन्तान का जन्म होता है।

वाल्मीकि आश्रम में लव कुश का जन्म

विचार यह कि देखो, वाल्मीकि आयुर्वेद के महा पण्डिता थे। आयुर्वेद की औषधियों को पान कराते पान कराने पश्चात बालक का जन्म, बालक माता के गर्भस्थल में ही उन औषधियों को माता पान करती वह स्वच्छ बन जाती थी तो मुनिवरोंदेखो !, उसके द्वारा ऋषि मुनियों के आश्रम में आयुर्वेद के यहाँ पंडित होते थे। उन पण्डितों के यहाँ उनका जन्म होता बालक उनको पान करते मानो देखो, मधु स्वर्ण का दोनों का पात बनाया जाता था। और पात बना करके जब बालक माता के गर्भ से दूरी होता तो मुनिवरों ! देखो, वह गर्भ के जो विशेषज्ञ होते वह उसको देखो, मधु और स्वर्ण दोनों का का पान कराते बालक को जब उसकी रसना पर उसका स्पर्श करते (कृपया ध्यान दें यह आगे का यह प्रवचन शब्द ध्वनि के रूप में उपलब्ध नहीं है(वह बालक के उदर में जाता और जहाँ जहाँ तक वह जाता वह बालक का हृदय स्पष्ट और शुद्ध और पवित्रहोता चला जाता था। उसका जो विष वर्तमान होता, शरीर में जो विष होता वह समाप्त हो जाता। मेरे प्यारेमाताओं को चाहिए कि वह माता स्वर्ण का रुद्रा मधु !, सेमकृतिभा और अमृता यह चार औषध होती हैं। इन चार औषधियों का रस बनाया जाता है। उस रस को बालक का जन्म होते ही उसकी रसना पर स्पर्श करना चाहिए। जिससे उसके दोष समाप्त हो जाए। यदि हमें अन्तःकरण का किसी प्रकार का दोष आ गया तो वह दूर होना चाहिए। तो इस वाक्य को आयुर्वेद के पंडिता जानते हैं।

इस सम्बन्ध में मैं अधिक विवेचना देना नहीं चाहता हूँ। विचार विनिमय यह, कि जहाँ महर्षि वाल्मीकि तपस्वी थे, गायत्री के ऋषि थे, इन्द्र के ऋषि थे, वहाँ वह आयुर्वेद के महा पण्डित भी थे। क्योंकि औषधियों का पान करने वाले जो त्यागी तपस्वी होते हैं, वे अन्नादि को पान नहीं करते, वे औषधियों का पान करते हैं तो आयुर्वेद के पण्डित बन जाते हैं। परिणाम यह कि लव का जो जन्म हुआ वह वाल्मीकि आश्रम में हुआ

और कुश कुशा के वन में मिला। परन्तु जैसा मेरे महानन्द जी ने एक समय प्रगट कराया कि सीता लव को त्याग करके अंजनी में जल लेने गई तो वह प्राप्त नहीं हुआ तो बाल्मीकि ऋषि ने तपस्या के द्वारा कुश को जन्म दिया। जब कुश को जन्म दिया तो सीता के कण्ठ में दृष्टिपात करके जब धारण करने लगे तो माता ने कहा नहीं भगवन ऐसा न कीजिए। आप मेरे गुरुदेव है इस बालक को मेरे आँगन में धारण ! कराइए। परन्तु प्रायः ऐसा नहीं था कि तपस्या से बालक को धारण किया जा सके। परन्तु वहाँ कुशा के छेदन करते समय में वह बालक उन्हें प्राप्त हुआ।

ऐसा मुझे स्मरण है कि शकुन्तका नाम की एक कन्या थी वह महाराजा स्वाति ऋषि के आश्रम में परणित रहती थी। तब स्वातान नाम के ऋषि ब्रह्मचारी उनके आश्रम में प्रविष्ट हुए। मना वाचनम् ब्रह्म मानो मन की गति चंचल होने पर ब्रह्मचारी से गर्भ की स्थापना हो गई। उसने गर्भ के बालक को कुशा के आसन पर विराजमान करके वाल्मीकि आश्रम के निकट त्याग दिया। वह महर्षि वाल्मीकि को प्राप्त हो गया। और माता पिता ने दोनों पुत्रों का पालन किया। और पालन करके बाल्यकाल से ही अस्त्रों ! शस्त्रों को शिक्षा दी। देखो, महर्षि वाल्मीकि केवल तपस्वी ही नहीं थे, आयुर्वेद और धनुर्विद्या में पारंगत थे। धनुर्विद्या प्राप्त कराते रहे। वाल्मीकि ने तपस्या करने के पश्चात महाराजा रेणकेतु राजा के यहाँ राज पुरोहित भी रहे। वह लगभग उनके यहां पचास वर्ष तक राज पुरोहित रहे। अस्त्रों की विद्या शिक्षालय में प्रदान कराते रहते। यह चित्रण जब हमारे समीप आता तो हृदय गद् गद् होने लगता है। तो विचार विनिमय यह कि हमारे यहाँ जो नियम परम्पराओं के हैं उस नियम में मानव का जीवन जब एकत्रित होता है तो कर्म और क्रिया में परणित होता है तो उसमें समाज का कल्याण होता है। इसीलिए विवेकी पुरुष होने चाहिए। पञ्चक याग करने वाले पुरुष होने चाहिए। पञ्चक याग का अभिप्रायः पशु का नष्ट करना नहीं है। यह तो पामर व्यक्ति का कर्तव्य है। यह याग नहीं होता। वह तो रसना का आनन्द होता है। मैं यह कहा करता हूँ कि जो दूसरों के माँस को धारण करते हैं, दूसरे प्राणियों को हनन करके उन्हें जीवन का संसार में अधिकार क्य रह जाता है? क्योंकि वह परमात्मा से राष्ट्र में लाए हैं। यदि किसी मृत

को प्राण नहीं दे सकते तो वह देखो, किसी का पिता मृत्यु को प्राप्त हो गया पुत्रपिता को जीवित नहीं बना सकते। तो उन्हें किसी प्राणी का हनन करने का अधिकार भी नहीं रहता। इसीलिए हे मानव तेरी मानवता अहिंसा परमो धर्मः में निहित रहती है। आत्मा ! में तेरी निष्ठा रहती है।

यह है आज का विचार अब मैं अधिक विचार देना नहीं चाहता। मैं कल कुछ विज्ञान की चर्चाएँ और आत्मा की विवेचना करूंगा। आज का यह विचार समाप्त हो गया। आज का विचार क्या कि हम परमपिता परमात्मा की प्रार्थना करते हुए सदैव विवेकी बनते हुए राष्ट्र और समाज का कल्याण करने वाले बनें। हम आयुर्वेद के महापण्डित बनें और हमारे यहाँ जो रथी इन्द्र है हम उसको अच्छी प्रकार जानें और उसके विज्ञान को जानने वाले बनें। हमारा यह विज्ञान ऊर्ध्वागति में होता हुआ प्रकृति के गर्भ को अच्छी प्रकार जानते हुए और परमपिता परमात्मा में संलग्नता में रमण करते हुए मानवता का उत्थान करें। यह है आज का वाक्। अब समय मिलेगा तो शेष चर्चाएँ कल प्रगट करेंगे। वेद पाठ।

१९ 29 03 1977 पुष्प 21 कर्तव्य से जीवन है

देखो, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुण गान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया हमारे यहाँ परम्परा से ही पाठ्य क्रम अथवा उन पद्धतियों का प्रायः वर्णन होता रहता है। जिन पद्धतियों में उस परम पिता परमात्मा जो चेतना है, जो सत है उसकी प्रतिभा का प्रायः वर्णन होता रहता है। जब हम वेद की प्रतिभा पर विचार विनिमय करने लगते हैं तो हमारा हृदय गदगद होने लगता है। हम यह कहा करते हैं कि कैसा अनुपम ज्ञान है। जिस ज्ञान और विज्ञान की प्रतिभा में मानव शरीर की सुन्दर रचना होती है और कैसा सुन्दर रचता करने वाला है। क्या क्या वस्तु उस प्रभु ने रची है। यह सब आश्चर्य जनक है। जब हम इन वाक्यों पर विचार करने लगते हैं कि परमात्मन तू कितना महान है। तेरी महत्ता को उच्चारण करते हुए हमारे नाना ऋषि मुनि हुए परन्तु अन्त में वे नेति नेति उच्चारण करते हुए इस संसार से

चले गए। परन्तु तेरी जो विचित्रता है अथवा तेरी जो महत्ता है उसको मानव दृष्टिपात भी नहीं कर पाता। तेरी जो रचना है आनन्दमयी है अनिर्वचनीय है। क्योंकि तेरा जो स्वरूप है वह इतना तेजोमय है इतना आनन्दमय है कि विचार वेत्ताओं ने भी विचार किया परन्तु वे भी अन्त में वाणी से मौन हो गये।

मेरे प्यारेवह मेरा प्यारा प्रभु कैसा है !ऋषिवर !? कितना विचित्र हैं? कहा जाता है कि एक समय बेटादेवताओं में महान संघर्ष ! हो गया। और वे अभिमान में परणित हो गए। देवताओं ने यह जान लिया कि तुम्हारा स्वामी कोई नहीं है। संसार में जो तुम करते हो स्वतन्त्र रूप से। केवल तुम्हीं तुम करते हो। जब देवताओं के मस्तिष्क में यह वाक्य आया कि हम ही सभी कार्य करते हैं, तो बेटादेखो !, हमारे यहाँ सब देवतागण राजा इन्द्र के द्वारा जा पहुंचे। बोले हे महाराजहम बड़े बलवान हैं !, और महान हैं। मुनिवरों ! देखो, यह विचार धारा उस महान चेतना ने स्वीकार की। तो मेरा जो प्यारा प्रभु है उसने यह जान लिया कि देवताओं को यह अभिमान हो गया है कि वास्तव में तुम स्वतन्त्र हो। तुम ही चेतन करने वाले हो। तो मुनिवरों जब वह विचार आया तो ! । यह आनन्दमयी ज्योति उत्पन्न हो गई। वह जो ज्योति !देवताओं के मध्य में बेटा उत्पन्न हुई मानो जिसे हमारे यहाँ यद्म कहा जाता है, यद्म उत्पन्न हो गया।

इसी प्रकार प्रभु के द्वार से यदि आन्तरिक हृदय में प्रेरणा आती रहेगी उसके अनुसार मानव को अध्ययन करना चाहिए। अध्ययन का नाम ही बेटा योग कहा गया है। यह ! है हमा आज का वाक्। आज के वाक्यों का अभिप्राय क्याकि हम प्रभु का गुणगान गाते रहें। योग सिद्ध होते रहें। क्योंकि योगी बनना राष्ट्र के लिए, समाज के लिए सर्व हितकर कहलाता है। वह हमें करना चाहिए। इस पर हमा अध्याय गम्भीर होना चाहिए। गम्भीर अध्ययन से हमारे में विवेक उत्पन्न होगा। राजा के राष्ट्र में भी विवकी पुरुषों की आवश्यकता है। और जहाँ सर्वत्र अध्ययन करने वाले प्राणी हो जाते हैं वहाँ राट्र की भी आवश्यकता नहीं रहती। वहाँ तो शासक की भी आवश्यकता नहीं रहती। वहाँ तो केवल कर्तव्य का पालन है। मुझे स्मरण है सतोयुग काल में शासक नहीं था। केवल अपने अपने कर्तव्य का पालन करते थे। जब अध्ययनशीलता में सूक्ष्मता (न्यूनता) आती चली गई उस समय राष्ट्रवाद की आवश्यकता हुई। उस समय राजा बा और प्रजा बनी, प्रजा को अनुशासन में लाने के लिए कर्त्तव्यवाद के लिए जो राजा बन

करके प्रजा को कर्तव्यवाद में नहीं ला सकता उसका राजा बनना व्यर्थ है। क्योंकि धर्म की रक्षा करने के लिए राष्ट्र का निर्माण होता है। राष्ट्र का चुनाव होता है। तो राजा जब राष्ट्र का अध्ययन करना प्रारम्भ करता है तो उस समय यह प्रतीत होता है। समाज को कर्तव्यवाद की वेदी पर लाना ही राष्ट्रवाद कहलाता है। और जब कर्त्तव्यवाद आ जाता है समाज में तो शासक की आवश्यकता नहीं रहती। यह आज का वाक् समाप्त। अब वेदों का पाठ होगा।

२१ अतिथि 003 पुष्प 20 कर्त्तव्यवाद ही धर्म है।

देखो, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष!, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, हमारे यहाँ वेदों के उच्चारण करने के नाना प्रकार के होते हैं। शब्दों का मिलान प्रायः छन्द इत्यादियों से और उसमें नाना प्रकार ेक स्वरों को ग्रहीत करके होता है। जिस प्रकार मानव के मुखारबिन्द में वाणी होती है वह प्रायः शब्दों की रचना करती रहती है। शब्दों की रचना मानव के कंठ से लेकर के और जब तक उसका निर्माण और उसकी प्रतिभा होती उसी में निहित रहती है। जब हम यह विचार करते हैं तो ज्ञात होता है कि हमारे नाभि केन्द्र से प्राण का तारतम्य होता है और वहाँ जो तीन प्रकार की इडा पिंगला और सुषुमना नाड़ी होती हैं उनका सम्बन्ध भी कंठ के उन्हीं शब्दों से होता है। क्योंकि वे नाड़ियां शब्दों की रचना में सहायक होती हैं। परन्तु हमें विचारना यह है कि शब्दों की जो रचना है, उसका जो उद्गार है, उसका जो स्वर प्रारम्भ होता है वह नाभि से लेकर के मस्तिष्क तक होता है। क्योंकि मस्तिष्क से भी शब्दों का तारतम्य होता है। वास्तव में वाणी से बाह्य वाक् उच्चारण करने को कहा जाता है। जब हम गम्भीरता से विचारते हैं तो वाणी का जो उद्गार है वह मानव के शरीर में जिसको ब्रह्मरन्ध्र कहते हैं। जहाँ नाना प्रकार की नस नाड़ियों का समूह होता है वहाँ से उसकी रचना होती है।

एक वाक्य और ऋषि ने कहा है ब्रह्मरन्ध्र प्रभा गृह प्रभे लोकाग्रम् ब्रह्मः लोकाः अस्ते सुप्रजाः। वेद का ऋषि कहता है कि मानव शरीर में जिसे हम ब्रह्मरन्ध्र कहते हैं इसमें ही जो सूक्ष्म सूक्ष्म वाहक नाड़ियां होती हैं उन नाड़ियों का सम्बन्ध नाना प्रकार के लोक

लोकान्तरों से होता है। यह जो हमारे यहाँ पञ्च महाभूत हैं उनसे विशेषकर उन नाड़ियों का सम्बन्ध होता है उसके पश्चात उनका सम्बन्ध नाना प्रकार के लोक लोकान्तरों से होता है। संसार में कोई लोक ऐसा नहीं कोई मण्डल ऐसा नहीं जहाँ ये पञ्चभूत कार्य न करते हों। विज्ञान काण्ड में भी कुछ ऐसा ही माना गया है।

ब्रह्मरन्ध्र में एक नाड़ी इस प्रकार की होती है जिसको हमारे यहाँ सौभांगकृत नाम की नाड़ी कहते हैं। उस नाड़ी का मुखारबिन्द ऊपर को होता है। वह द्युलोक से शब्दों को लाती है और मानव मस्तिष्क में नाड़ियों के द्वारा वही इस वाणी की रचना बाह्य रूप धारण कर लेती है। मं आज इस दार्शनिक विषय में अधिक नहीं जाना चाहूँगा। उद्गम नप्रकट करने वाले हैं। आज तो केवल वेद पाठ यह कह रहा है कि मानव (विचार) की वाणी का सम्बन्ध द्युलोक से होता है। द्युलोक का सम्बन्ध मानव के चित्त से होता है। चित्त का सम्बन्ध अहंकार से होता है। अहंकार कासम्बन्ध मन से होता है। बुद्धि का सम्बन्ध मन से होता है और मन का सम्बध जिसे वाणी कहते हैं उससे इसका सम्बन्ध होकर के बाह्य रूप धारण हो जाता है। मानो बाह्य रूप को वह अपनाने लगते हैं। और वार्त्ता प्रारम्भ होने लगती हैं क्योंकि चित्त में जैसे संस्कार होते हैं उसी के शब्दों की रचना द्यु लोक से इस मानव शरीर में प्रायः होने लगती है।

इसीलिए ऋषियों ने कहा है हे ब्राह्मण जब तू यज्ञशाला में विराजमान होता है तो ! जब तू यज्ञशाला में वेद का !तेरी वाणी में कितना तेज होना चाहिए। हे ब्राह्मण पठन पाठन करा है तो उस समय तेरी मानो प्रवृत्ति कितनी पवित्र होनी चाहिए। जितनी ब्राह्मण की मनः प्रवृत्ति पवित्र होगी उतना ही यज्ञ पवित्र होगा, महान होगा। परिमार्जित हेकर जितना यज्ञ किया जाता है त्याग के द्वारा उतना ही उसका वस्तविक रूप मानव के समीप प्रारम्भ हो जाता है। आज मैं अपना अधिक प्रकाश देना नहीं चाहता हूँ। उच्चारण करने का अभिप्राय यह है कि परमपिता परमात्मा को महिमा का गुणगान गाते हुए कि वह प्रभु कितना सुन्दर है। कितना महान है। जिसने द्यु लोक का अद्भुत रचा है जिसमें शब्दों की प्रतिष्ठा रहती है। अरे, यह जगत उस मेरे प्यारे प्रभु ने कितना ! सुन्दर रचाया है। इसको मानव की विचारना चाहिए। क्योंकि हमारी वाणी में इतने

शब्द ही नहीं है जहाँ हम उस अपने प्यारे प्रभु की महिमा का गुणगान गाते चले जाएं। क्योंकि शब्द उसकी महिमा में कार्य नहीं करता? आज मेरे प्यारे महानन्द जी अपना कुछ प्रकाश देंगे और अपने पक्षपात से रहित होते हुए, कटुता को त्याग करके कुछ अपने शब्दों का प्रतिपादन करेंगे।

पूज्य महानन्द जीः का प्रवचन गतानि हृदय श्चमः व्यापकम् देवेभ्यो नमः। ये गत्राणि) !अथवा ऋषि मण्डल !मेरे पूज्यपाद गुरुदेव (हृदये च मे व्यापकाः देवाः तेभ्यो नमः मेरे पूज्यपाद !भद्र समाज गुरुदेव ने अपना बहुत ही अमूल्य समय प्रदान किया। और यह उच्चारण किया है कि पक्षपात को त्याग करके वाक्य उच्चारण करना परन्तु पक्षपात तो नहीं हो पाता। जहाँ तक कटुता का प्रश्न है। प्रायः संसार में सत्यवाद को ही कटुता कहा जाता है। क्योंकि जितना मानव में सत्यवाद होता है उतना ही आज के समाज ने कटुता में उन वाक्यों का प्रतिपादन करना प्रारम्भ कर दिया है। जब हम किसी भी सत्य वार्त्ता को लेकर के संसार में उद्यत होते हैं तो उसमें इस समाज को कठिनाइयां और नाना प्रकार की ऐसी कम्पनता आने लगती है परन्तु जब उसमें हम सूक्ष्म सा मिथ्या मिश्रण करदेते है तो उसमें नाना प्रकार की रोचकता होती है। आज मैं यदि समाज की यथार्थ वार्त्ता को प्रकट करने लगूं तो केवल यही वाक्य कि यह क्या मूर्ख वार्त्ता प्रकट की जा रही है परन्तु मैं इस प्रकार की वार्त्ता प्रकट करने नहीं आया हूँ। केवल अपने पूज्यपाद गुरुदेव कोयज्ञ के सम्बन्ध में वैज्ञानिक वार्त्ता प्रकठ करने के लिए आ पहुँचा हूँ। यज्ञमान के प्रति भी कुछ शब्दों का प्रतिपादन करने आया हूँ मुझे कोई अधिक चर्चा प्रकट नहीं करनी है।

जहाँ मैं यज्ञशाला का प्रमाण देने लगता हूँ उसके वैज्ञानिक तत्त्वों को प्रकट करने लगता हूँ तो मेरे हृदय में प्रायः ऐसी कम्पनता उत्पन्न हो जाती है कि मैं यज्ञ के सम्बन्ध में क्या उच्चारण कर सकता हूँ। जिन महापुरुषों न, ऋषि मुनियों ने यज्ञ के लिए अपने जीवन को समाप्तकर दिया। आज का समाज उस यज्ञ को ही पाखण्ड के रूपों में प्रतिपादन करने लगा है। उसका मूल कारण है कि वह जो बुद्धिमान ब्राह्मण है उसके द्वारा वह पवित्रता न रहने के कारण ही उस ब्राह्मण को आज का समाज अपवित्रता में परणित

करने लगता है। पाखण्डवत उच्चारण करने लगता है। क्योंकि यहाँ संसार में द्रव्य की पूजा करना ही ऐसी कम्पनता उत्पन्न हो जाती है जिससे मानववाद का ह्रास होता रहता है। आज जब मैं आधुनिक काल के राष्ट्र की वार्त्ता प्रकट करने लगता हूँ तो ऐसा विचार आता है कि यह समाज कहाँ जाएगा? यह जगत कहाँ जा रहा है? यह भयंकर अग्नि में अपने को प्रविष्ठ कराता चला जा रहा है।
आज जब मैं यह विचार लेकर चलता हूँ कि यह संसार कितना अग्नि के तट पर जा रहा है तो मन में केवल एक ही विचार आता है कि आधुनिक जगत का यह एक महान दुर्भाग्य ही है। आज के समाज में कितनी कुरीतियां हैं? परन्तु मैं कुरीतियों को उच्चारण करने नहीं आया हूँ। केवल वाक्य यह उच्चारण करने आया हूँ कि कि इस संस्कृति के लिए आज के मानव ने किसी भी प्रकार का प्रयत्न नहीं किया है। हमारी वैदिक परम्परा की संस्कृति पर जब हम विचार करते हैं, दूसरे राष्ट्रों में जाते हैं, दूसरे राष्ट्रों की चर्चाएं प्रकट करते हैं, समाज की चर्चा लेते हैं, मानो राष्ट्र की चर्चा लेते हैं तोउस समय ही कहा जाता है कि ऋषि मुनियों की जो भूमि थी वह क्या पुकार रही है? आज जब ऋषि मुनियों की भूमि पर पहुँचते हैं तो वहाँ उनके हृदयों में ऐसीकम्पनता होती है कि मन की रचना के आधार पर ही वास्तविक शान्ति न मिलने के कारण धर्म की परम्परा में नाना प्रकार का रिढ़वाद हो जाता है। धर्म का मर्म नहीं रहता। एक रूढ़ि ही होकर रह जाता है। आधुनिक काल का यह जगत ऐसा ही कर रहा है। क्योंकि आज का जो रूढ़िवाद है इसके ऊपर भी मानव को विचार विनिमय करना है। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने जब मुझे शिष्य बनाया था तो मुझे स्मरण है कि कितने परिश्रम करने के पश्चात शिष्य बनाया। कितनी उन्होंने परीक्षाएं ली हैं, कितना जीवन का निदान किया गया। जब तक गुरु शिष्य दोनों का निदान पवित्र नहीं होगा, दोनों की भावना में विवाद नहीं रहेगा। उस समय गुरुवाद पवित्र बना करता है। वह गुरुवाद कहलाता है उसकी गुरुडमवाद नहीं कहते। गुरूडमवाद किसे कहा जाता है? जहाँ मन के चमत्कारों में ही समाज आ जाता है और उसमें रूढ़ि बन जाती है तो धर्म का विनाश हो जाती है।
इसलिए धर्म को ऊँचा बनाना है संसार में और राष्ट्र दो ही तो वस्तु हैं। दोनों वस्तुओं

को लेकर के हमारा जीवन चलेगा। धर्म और राष्ट्रीयता की एकता में परिणित करेंगे। राजा धर्म से पिरोया हुआ होगा। प्रजा भी धर्म से पिरोई हुई होगी। ब्राह्मण समाज जब धर्म से पिरोया हुआ होगा उस समय यह समाज पवित्र बन जाता है। जहाँ राष्ट्रवाद में यह घोषणा की जाती हो कि हम निरपेक्ष बनगए हैं। परन्तु निरपेक्षता कहते हैं? निरपेक्षता उसेकहते हैं जिसका हृदय विशाल है वही तो संसार में निरपेक्षता की वार्त्ता प्रकट कर सकता है। और जहाँ उनके मन में कुछ है और बाह्य जगत कुछ है। वे संसार में निरपेक्ष शब्द उच्चारण करने के अधिकार ही नहीं होते। इसका मूल कारण क्या है? मन में लगा हुआ क्याहै कि यह जो सम्प्रदाय है यह हमारे राष्ट्र को विनाश को न ले जाय। परन्तु मन में आन्तरिक भावना जब यह होती है राजा की तो उस समय इन शब्दों के उच्चारण करने का क्या अधिकार रह जाता है उसको? कोई अधिकार नहीं रह जाता। इसीलिए आज का जे मानव वाद है, आज का जो राष्ट्रवाद है उनसे जब एकान्त में यह जानकारी की जाती है कि कौन से सम्प्रदाय के अनुयायी हो तो कहा जाता है कि मैं ईसा के मानने वाला हूँ। एक कहता है मैं मुहम्मद को मानने वाला हूँ। एक कहता है मैं दयानन्द के मानने वाला हूँ। एक कहता है मैं शंकर के मानने वाला हूँ। एक कहता है मैं महावीर के मानने वाला हूँ। कोई कुछ उच्चारण करता है। कोई कुछ नाना सम्प्रदाय हैं। उनकी मैं गणना नहीं करना चाहता हूँ। परन्तु जब उसके हृदय से यह जानकारी ली जाती है कि क्या तुम्हारा मुहम्मद के मानने वालों पर विश्वास है अथवा नहीं? उससमय कहेंगे यह जो हमारे राष्ट्र का विनाश कर सकते हैं वे ही मानो पदाधिकारी हैं। उनकी अन्तर भावनाएं जब ऐसी दूषित होती हैं। ईसामसीह वालों से कहा जाता है कि इनके प्रति तुम्हारा क्या विचार है? कहेंगे कि बहुत द्रव्य आता है परन्तु राष्ट्र का विनाश होने जा रहा है। दयानन्द मानने वालों से जब यह प्रश्न किया जाता है कि तुम इन सम्प्रदायों को एकता में लेकर के व्यापकता में चलते हो? नहीं नहींहम तो उसी पर चला करते हैं जो हमारे वेद के ऋषियों का आदेश है। वास्तव में देखो, ऋषि दयानन्द का सिद्धान्त रूढ़ि नहीं कहता, शंकर का विचार भी यहाँ रूढ़ि नहीं बनता, बुद्ध का विचार भी यहाँ रूढ़ि नहीं बनता। रूढ़ि आती उस काल में है जब मानव के द्वारा स्वार्थ

की भावना आ जाती है। यदि स्वार्थ न रहेगा। यह रूढ़ि ही नहीं रहेगी। जहाँ स्वार्थवाद की भावना। जाती है जहा केवल पदों की लोलुप्ता आ जाती है वहाँ केवल रूढ़िवाद बना करता है। इसीलिए आज मैं अपने पूज्यपाद गरुदेव को निर्णय देना चाहता हूँ जो मेरा केवल एक विचार है। क्योंकि वेद की छत्र छाया में समाज के न रहने से ही यह संसार मृत्यु के द्वार पर चला जा रहा है। राष्ट्रवाद वेद को वार्त्ता को न मानता हुआ ही नीचे कोक चला जा रहा है।अरे, मानव विचारों को जब तुम्हारी अन्तर भावना यह ! नहीं कहती कि निरपेक्षता कहते किसे है? निरपेक्ष व्यक्ति कौनहोता है? वह कितना परिमार्जित होता है। परन्तु जब किसी का साम्प्रदायिक वाक्य समीप आता है तो राष्ट्र के पदाधिकारी अपने मन में यह विचारते हैं। अरे, यह तो सम्प्रदायों का विवाद है इसमें क्या विचारना चाहिए? जहाँ पदों की लोलुपता आती है वहाँ कहते हैं कि हम तो निरपेक्ष माने जाते हैं। अरे, क्या गृहों में भी अपने प्यारे पुत्रों से भी क्या तुम्हारा हृदय भी ! इस वाक्य को स्वीकार करता है अथवा नहीं? अरे, जब तुम्हारा हृदय इन वाक्यों को प्रकट नहीं कर रहा है तोइन शब्दों को उच्चारण करना तुम्हें मृत्यु के द्वार पर ले जा रहा है। इसीलिए आज हमें विचारना है कि जब सभी मानव अन्तःकरण से यह उच्चारण करेंगे कि हम निरपेक्ष माने गए है। इसमें किसी का पक्षपात नहीं होता। अरे, मानव ! जब तुम अपने हृदय से ही पक्षपात करते हो, अपने अन्तरात्मा से जिस राजा के राष्ट्र में पक्षपात किया जाता हो तो वह निरपेक्ष उच्चारण करने का अधिकारी नहीं होता। आज हमें यही विचारना है।

हमें जब नाना प्रकार के ऐसे अशुद्ध स्वप्न आते है कि कहीं अग्नि प्रदीप्त हो रही है। यह समाज कहीं का कहीं जा रहा है। उस समय यह वाक्य जब मानव के समीप आता है तो मानव को यह विचारना है कि हमें मानववाद की घोषणा करनी है। हमें धर्म और मानवता को, राष्ट्र और धर्म को ऊँचा बनाना है। हमारी परम्परा क्या कह रही है? वेद का ऋषि क्या कह रहा है? वेद का ऋषि कहता है कि राजा को निष्पक्ष होना चाहिए। परन्तु अपनी एक मानवता का निर्माण करना बहुत अनिवार्य है। जब तक मानवता राजा के राष्ट्र में उस काल तक नहीं आती है जब तक वह स्वयं मानव नहीं बन जाता। जब

वही मानव नहीं तो राष्ट्र कैसे मानव बनेगा।इसीलिए आज हमें अपने उन विचारों को लेकर चलना है। जिन विचारों से हमारा जीवन पवित्र बनता है। आततताईयों को जब तक दण्डित नहीं किया जाएगा, मृत्यु तक दण्डनहीं दिया जाएगा तब तक राष्ट्र पवित्र नहीं बना करता है। क्योंकि राष्ट्र तब पवित्र होता है जब दैत्यों का दमन किया जाता है। और देवताओं की रक्षा की जाती है। इसी को तो धर्म कहा जाता है और इसी को राष्ट्र कहा जाता है। राजा के राष्ट्र में जहाँ आततइायों को पद दिए जाते है और जो मानव देता हों इनको ठुकराया जाता हो वह राष्ट्र इस समाज में मानव देवता हों उनको ठुकराया जाता हो वह राष्ट्र इस समाज में कितने समय तक जीवित रह सकेगा। वह जीवित रहने वाला नहीं। उसमें तो केवल विनाश का ही मूल कारण बना करता है। आज हमें राष्ट्र और धर्म दोनों को ऊँचा बनाना है। राष्ट्र और धर्म कैसे ऊँचे बनेंगे क्योंकि राष्ट्र जो होता है वह धर्म को रक्षा करने के लिए होता हैं वेद कह रहा है कि धर्म की रक्षा करो। राजा बन करके धर्म की रक्षा करो। धर्म कैसे रक्षा में आ सकेगा मानवता को तुम कैसे ऊँचा बना सकोगे, अपने को निष्पक्ष उच्चारण करने की घोषणा के स्पप्न को कैसे पूर्ण कर सकोगे? उस काल में तुम्हारी स्वप्न अवस्था पूर्ण हो सकेगी जब तुम स्वयं चरित्रवान बन करके समाज में आ जाओगे। इस समाज में मानवता का प्रसार होता चला जाएगा।

देखो, वेद कोई सम्प्राय नहीं होता। वेद को हमारे यहाँ प्रकाश कहा जाता है। जिसमें ज्ञान हो, मानवता का निर्माण हो, जो सार्वभौम विचार हो, जहाँ यह विचार प्राप्त होते हो, जो सार्वभौम विचार हो, जहाँ यह विचार प्राप्त होते हों उसकी रूढ़ि कदापि नहीं कहा जाता। रूढ़ि केवल वह होता है जब मानव स्वार्थवाद में आ करके नाना प्रकार के अपराधों में परणित हो जाता है। किसी मानव को दण्ड देना, किसी मानव के गृहों के अकृतों में आक्रमण कर देना (आदर्शों), यह सब दैत्यों का कार्य होता है यह कोई धर्म नहीं कहलाता, न राट्र कहलाता है।

मैं यज्ञ के सम्बन्ध में भी अपना प्रकाश दे रहा था जहाँ यज्ञ कासम्बन्ध आता है, यज्ञ इतनी सूक्ष्म वस्तु कहलाया गया है कि यज्ञ में मानव के स्वाहा उच्चारण करने से उसके

साथ में मानव के स्वाहा उच्चारण करने उसके साथ में आहुति जाती है, सुगन्धि जाती है उसे देवता ही तो प्रदान करते हैं। कौन से देवता प्रदान करते हैं? सूर्य की किरण उन्हें अपने में निगल जाती है, वायु निगल जाता है, अग्नि निगल जाता है, जल निगल जाता है, इसी प्रकार यह अन्तरिक्ष में परणित हो जाते हैं। एक दूसरे का तार तम्य मानो देवता कहलाया गया है। वह जो देवता वत यज्ञकागार्य है वही तो यज्ञमान को पवित्र बनाता है। हे यज्ञमान जब तू क्रोध की मात्रा को लेकरके यज्ञशाला में परणित ! होता है तो जीवन के लिए तुझे विचारना है। आज जब यह जीवन नहीं रहेगा तो क्रोध रूपी महान अग्नि में दो गई आहुति का देवता भी स्वीकार नहीं करते। देवता जो तेरे शरीर में कार्य कर रहे हैं जल, अग्नि वायु इत्यादि जो तेरेसुकृत को हनन करते चले जा रहे है और वह जो सुकृत है वही तेरा जीवन है। जब सुकृत नहीं रहेगा तो तेरी मृत्यु निकट आ जाएगी। मुत्यु किसे कहा जाता है? मृत्यु उसी को कहा जाता है जहाँ क्रोध की मात्रा के प्रभाव में आकर के जहाँ देवता भी ठुकरा दिए जाते हों। अरे, वही तो मृत्यु कहलाई गई है।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने यज्ञ के सम्बन्ध में नाना विचार दिए हैं क्योंकि इनका यज्ञों का बहुत विषय रहा है। कई प्रकार के यज्ञों के विषयों को वे जानते रहते हैं। बहुत अनुसन्धान किया है। मुझे स्मरण है कि इन्होंने यज्ञ कराते हुए जीवन मुक्त होने तक प्राणियों को अकृत किया है। यज्ञ अति सूक्ष्म विषय माना गया है। क्योंकि यज्ञ में तो देव पूजा होती है और देव पूजा कहाँ से होती है? देव पूजा कहाँ से उत्पन्न होती है। और जब मानव के हृदय और परमामा के हृदय दोनों का समन्वय हो जाता है तो यज्ञ सफल हो जाता है। और जहाँ दोनों के मध्य में क्रोध की मात्रा आ जाती है यज्ञ में असफलता आ जाती है। देवता उसके सुकृत को हनन करने लगते हैं। काम की प्रवृत्ति आ जाती है तो वह उस महानगहन अन्धकार में चला जाता है जहाँ उसे कोई प्रकाश नहीं मिलता।

आज मैं अधिक चर्चा प्रकट करना नहीं चाहता हूँ। और न किन्हीं वाक्यों का स्पष्टीकरण ही किया करता हूँ। केवल वाक् य उच्चारण करना यह है कि आज जब तक हम

विचारेंगे नहीं, अपने जीवन सुन्दर नहीं बनायेंगे तब तक हमारा जीवन और राष्ट्र कदापि भी पवित्र नहीं बनेगा। इसीलिए जब मैं आज छात्रबल कीचर्चा प्रकट करने लगता हूँ अरे, यह छात्रबल कैसे पवित्र बनेगा? क्योंकि छात्रबल ही तो एक यज्ञ कहलाया गय है। छात्रबल उसक काल में पवित्र बना करता है जब यह यज्ञ होता है। कौन सायज्ञ होता है। जब आचार्य के मुखारबिद से यज्ञ होता है। जब आचार्य यह विचारता है कि वाणी का उद्गार कहाँ से आता है? कहाँ से शब्दों की रचना होती है? कौन सी नाड़ी इस प्रकार की है? जब ब्रह्मचारी को इस प्रकार की श्क्षि दी जाएगी, बल के रक्षा करने की शिक्षा प्रदान की जाएगी। सजा के राष्ट्र का राष्ट्र नष्ट हो सकता है। क्योंकि राजा भी छात्रों में से ही उत्पन्न हुआ करते हष्ै। वहीं से उनकी प्रवृत्तियों का निर्माण होती है। जो आचार्य कामातुर हो करके ब्रह्मचारी को शिक्षा देगा, उस सरस्वती में ब्रह्मचारी की बुद्धि इसी प्रकार की बन जाती है। इसी प्रकार छात्रों में जब आचार्य शिक्षा देगा और पक्षपात उसे मस्तिष्क में होगा और तमो गुण उसके मस्तिष्क में होगा, घृणा उसके मस्तिष्क में होगी, क्रोध उसके मस्तिष्क में होगा, आलोचना उसके मस्तिष्क में होगी तो क्या उस आचार्य को ऋषि कहते हैं? यहाँ वायु मुनि ने कहा है कि ऐसे आचार्य के शिक्षालय में स्थान नहीं देना चाहिए। क्योंकि आचार्य से उस विद्यालय की मृत्यु हो जाती है। जहाँ इस प्रकार के आचार्य होते हैं, जहाँ स्वार्थववादी आचार्य होते हैं। इसीलिए आज मैं अधिक चर्चा प्रकट करना नहीं चाहता हूँ।

देखो, महाभारत काल का विनाश इसी प्रकार हुआ जब मुझे त्रेता काल स्मरण आने लगता है तो त्रेताकाल में भी इसी प्रकार से रावण का विनाश हुआ। क्योंकि जहाँ पक्षपात के द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है, जहाँ निष्पक्षता नहीं होती विज्ञान नहीं होता, विवेक नहीं होता, उस समय वह ब्रह्मचारी को पवित्र नहीं बना सकता। छात्रबल को कदापि भी ऊँचा नहीं बना सकता। इसीलिए छात्रबल को कदापि भी ऊँचा नहीं बना सकता। इसीलिए छात्रबल के लिए पवित्रवाद होना चाहिए। आज छात्र ऐसें हों कि अपने राष्ट्र के हित के लिए स्वार्थ के लिए नहीं राष्ट्र हित के लिए जीवन दान करने वाले हों। इसलिए धर्म के विषय में विचार विनिमय करना चाहिए। जब छात्र धर्म के

विषय में विचार विनिमय करता रहेगा तो यह वास्तव में निश्चित हो जाता है कि उसराजा के राष्ट्र में जो छात्र बल है वह पवित्रवाद को प्राप्त होता रहेगा।
राष्ट्र उस काल में पवित्र बनेगा जब यहाँ प्रत्येक मानव अपने अपने कर्तव्य का पालन करेगा। क्योंकि कर्तव्यवाद हो तो हमारे यहाँ धर्म माना गया है। धर्म केवल उसको नहीं कहा जाता है कि आज हम शिवालय में चले आये। इससे कदापि भी राष्ट्र, समाज और धर्म ऊँचा नहीं बनता है। धर्म और मानवता उसका कल में ऊँची बना करती है जब मानव मानव के विषय में विचार विनिमय करना प्रारम्भ कर देता है। जहाँ कर्तव्यवाद नहीं रहता केवल स्वार्थवाद आ जाता है। उस काल में धर्म और राष्ट्र दोनों ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। आज का जो समाज मुझे दृष्टिपात आ रहा है आज जो प्रत्येक मानव के हृदय में स्वार्थ भरे वाक्य से प्रश्न किया जाता है तो वहाँ केवल एक अग्निऐसी प्रदीप्त होती है कि उनका हृदय यही कह रहा है कि यह राष्ट्र कदापि भी ऊँचा नहीं बनेगा। राष्ट्र में तो मृत्यु आ गई है। ऐसा क्यों कहा जा रहा है? इसका मूल कारण क्या है? इसका मूल कारण संसार में कर्तव्यवाद का न रहना और स्वार्थवाद का आ जाना। द्रव्य को अधिक प्रधानता दे देना और हृदय में कुछ है ओर बाह्म जगत उनका कुछ और है। मनोवैज्ञानिकऋषि कहते हैं कि राजा के राष्ट्र में कर्णधारों के मस्तिष्कों में ऐसी विचारधारा है तो उस समय प्रजा सदैव और राष्ट्र अग्नि के मुखारबिंद पर विराजमान हो जाता है। यह संसार उस अग्नि के मुखारविंद पर विराजमान हो जाता है। यह संसार उस अग्नि के मुखारबिन्द पर विराजमान हो जाता है। इसीलिए आज का हमारा वाक्य क्या कह रहा है? आज हमें प्रत्येक विषयों पर विचारना है। क्योंकि जितने संसार के विषय हैं उन्हीं सब पर विचार विनिमय करके हमें आगे चलना है। अन्यिा हम संसार में मानवता को कैसे ऊँचा बना सकेंगे।
आज मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने अभी अभी बुद्धि की कितनी सुन्दर वार्त्ता प्रकट कराई। वाणी की रचना। आज वही राष्ट्र नेता ऊँचा और सुन्दर माना जाता है जो अधिक मान है। बुद्धिमान इसलिए है क्योंकि उसने शरीर में मिथ्याओं का गृह बना लिया है। हृदय का वाक्य कोई ओर है और बाह्य जगत में उसकी रचना कुछ और है। इसीलिए यह

समाज अधोगति को प्राप्त हो रहा हैं इस जगत का आज एक ही उपाय है कि शिक्षालयों में ब्रह्मचारी और छात्र पवित्र बनें। वे उस काल में बन सकते हैं जब उनके गुरु आचार्य सुन्दर होंगे। आचार्यों के द्वारा आत्म बल होगा। मनोविज्ञान उनके द्वारा होगा। संसार का विज्ञान जब उनके द्वारा होगा। नोट यहाँ से टेप रिकार्ड खराब हो जाने के कारण प्रवचन का अगला भाग टेप नहीं

१ अतिथि 004 अतिथि पुष्प 21 प्रसव काल तथा गर्भ की रक्षा

जीते रहोदेखो !, मुनिवरोंआज हम तुम्हारे समक्ष !, पूर्व की भांन्ति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान करते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, कि आज हमने पूर्व से, जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रायः वर्णन होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में उस परमपिता परमात्मा की आभा का प्रायः वर्णन हमारे वैदिक साहित्य में भी परम्परागतों से ही, प्राप्त होता रहता है परन्तु प्रत्येक मानव को विचार यह करना होता है कि हमारा मानवत्व कितना विचित्रा होना चाहिए, क्योंकि मानव की जा आभा है उसमें बेटा ! परमपिता परामात्मा का विज्ञान निहित रहता है। परमात्मा का विज्ञान इतना निहित रहने वाला होता है कि उमसें भिन्न भिन्न प्रकार के प्रश्न आते रहते हैं और भिन्‍न भिन्न प्रकार की टिप्पणियां प्रारम्भ होती रहती हैं परन्तु वह जो एक रस रहने वाला विज्ञान है उसमें परिवर्तन नहीं होता। इसीलिए आज हमें विचारना है कि हम किसी वाक्य को बेटा परिवर्तनशील भी नहीं बनाना चाहते क्योंकि हमारे जीवन की जो अनुपम आभा ! है उसी में ज्ञान और विज्ञान का स्रोत विराजमान रहता है अथवा मानव का हृदय माना है।

मुझे स्मरण आता रहता है जब बेटा मैं आयुर्वेद का अध्ययन करता रहता था। आयुर्वेद ! का एक समय अध्ययन कर रहा था मौन व्रत चल रहा था, किसी से कोई वाक्य उच्चारण नहीं किया जाता था। मेरे प्यारे महानन्द जी उस समय एक प्रश्न करने वाले थे परन्तु बालिका ने उसको अप्रत कर दिया और यह कहा कि तुम प्रश्न मत करो क्योंकि मौन व्रत में मानसिक जो बाधा है वह नहीं होनी चाहिए। मानसिक बाधा में जो परिश्रम

होता है बुद्धि का उससे ह्रास हो जाता है परन्तु प्रश्न तो करना ही था।
कुछ समय के पश्चात प्रश्न किया गया कि माता के गर्भ स्थल में दिवस 9 मास और 9 ही मानो गर्भ क्यों रहता है। यह प्रश्न बड़ा जटिल प्रश्न था, जिसका उत्तर देना हमारा एक मौलिक कर्तव्य बन जाता था। क्योंकि दिवस की अवधि होती है गो 9 मास 9 नाम के पशु की और माता के गर्भस्थल क ी इस अवधि को आयुर्वेद का एक बड़ा सूक्ष्मतम रहस्य माना जाता है। मानो देखो, कि यह ऐसा प्रश्न है जिसके ऊपर बेटा ! दर्शन को बहुत आवश्यकता रहती है। ऋषि मुनियों ने कहा कि इसमें दर्शन का क्या सिद्धान्त है। मेरी बालिका ने कहा कि प्रभु इसको तो मैं भी जानना चाहती हूँक्योंकि जब तक मुझे यह ज्ञान नहीं होगा कि गर्भस्थल में बालक किस परिस्थितियों में 2 रहता है, किस मास में क्या बनता है ऐसा जाने बिना मानो मेरा गृहस्थाश्रम में 2 देखो !प्रविष्ट होना शोभा नहीं देता। तब मुनिवरों, मुझे स्मरण आता रहता है, मैंने कहा कि सबसे प्रथम मास, द्वितीय मास, तृतीय मास और चतुर्थ, पञ्चम, षष्ट, सप्तम, अष्टम और नवम और से ही 9 दिवस आगे इसमें आयुर्वेद ही नहीं वेद भी कहता है कि 9 को ले जाते हुए शंख और पद्म तक की गणना 9 गणना का प्रारम्भ होता है और की जाती है। इसीलिए हमारे यहाँ नवाय नमः आता है। औरविवरण भी आता है। उसका अभिप्राय यह है कि बालक माता के गर्भ में मास क्यों रहता है ऋषि मुनि 9 भी रहते हैं इतने ही समय तक और देवता गण भी इतने समय तक रहते हैं और दैत्यगण भी इतने समय तक गर्भस्थल में रहते हैं विचार आता है कि कहीं कहीं मानव देखो, अप्रेत दिवस तक ही जाते हैं मानो देखो, दशम मास तक भी चले जाते हैं। देखो, यह सुन्दर नहीं होता।
अभिप्राय केवल यह कि सबसे प्रथम मुनिवरोंदेखो !, कि माता के गर्भस्थल में नाना प्रकार की ग्रन्थियां होती हैं उन ग्रन्थियों में मुनिवरोंदेखो !, रजसतम और वीर्यसतम जिनको हम गोरस कहते हैं। गोरस मुनिवरों रज को भी कहते हैं और पुरुषत्व को ! भी कहते हैं। गो नाम नाना प्रकार की वनस्पतियों के रस को माना गया है। वह रस माता के गर्भस्थल में जो ग्रन्थियां होती हैं, इन ग्रन्थियों में बेटा उन का प्रवाह !

ऐसे रमण करता है, ऐसा भयंकर प्रवाह अपनी परिधि में भ्रमण करता है जहाँ बेटा ! देखो, मिलखी नाम की वायु रमण करती हुई मानो देखो, माता के दांए भाग में एक क्षीण होता है, इसी प्रकार दूसरे भाग में होता है क्योंकि कहीं कहीं आयुर्वेद के ऋषियों ने बेटाआचार्यों ने बे 2 माता के गर्भ में दो थैलियां स्वीकार की हैं। कहीं !टा देखी ! एक ही थैली स्वीकार की है। मैं यहाँ महात्मा दधीचि और शाण्डलय मुनि के सिद्धान्त का वर्णन कर रहा हूँ और वह वर्णन यह है कि मानो देखो, थैली तो एक ही होती है परन्तु दो प्रकार की रचना होती है दो प्रकार की रचना इसीलिए होती है कि माता का जो अग्रभाग होता है मुनिवरों उसमें क्रुणा नाम की नाड़ी होती है उसका क्रूणा नाम ! की नाड़ी का सम्बन्ध वायु से होता है और वायु में प्राण वायु जो भ्रमण करती है उसको अपने में धारण करती रहती है, अपने में धारण करती रहती है, अपने में उसको स्वतः ही ग्रहण करती रहती है। माता के गर्भ में नाना प्रकार की ग्रन्थियां हैं, वे ग्रन्थियां मानो स्पष्टिकरण होती चली जाती है। द्वितीय मानो वे ग्रन्थियां अपने स्थान पर शुद्धरूप 2 से परणित हो जाती हैं परन्तु देखो, उसमें एक मानव आकार की जल की थैली का निर्माण हो जाता है जिसमें बालक ओत प्रोत हो जाता है। बेटा! देखो, जल की थैली में भी इस प्रकार की नस नाड़ियों का समूह होता है जिसका सम्बन्ध माता की नाभि से लेकर माता की लोरियों तक चल कर माता के ब्रह्मरन्ध्र तक जहाँ तक जहाँ चन्द्रकेतु नाम की नाड़ी होती है उससे सीधा सम्बन्ध होता है। चन्द्रमा से नाना प्रकार के रसों का आस्वादन, जो समुद्रों से मिलान करता हुआ आता है उसमें ओत प्रोत हो जाता है और उस में उसको परिस्थिति एक ऐसे हो जाती है जैसे मानो देखो, बालक माता के गर्भस्थल में एक आनन्द को पान कर रहा है। विचारना केवल यह है कि माता को इसका ज्ञान होना चाहिए और उसका विवेक भी होना चाहिए इसके साथ साथ केवल माता को ही नहीं पुरुष को भी विवेक होना चाहिए। इसीलिए विचारना केवल यह है कि द्वितीय मास में उस थैली का निर्माण जो रजस और वीर्यतम है मानो उसके शुक्राणु तथा प्रमाणु अग्नि से और कृतियों से सम्बन्धित होते हुए मानव का एक कृत्य एक समूह सा बन जाता है जिसको फिनाननी कहते हैं। देखो, हमारे यहाँ इसको मनुष्य का

आकार कहते हैं वह आकार बन करके मानो थैली जिसमें जल की प्राप्ति (पुतला) होती है उस थैली में ओत प्रोत हो जाता है। देखो, उससे नाड़ियों का सम्बन्ध ऐसे ओत प्रोत हो जाता है जैसे देखो, सूर्य की नाना किरणें एक दूसरे आसन से नहीं परन्तु उसकी किरणें मानो चक्रित होती रहती है। इस प्रकार माता के गर्भस्थल में वह जो अनुपम प्रकाश है जिसको आत्मा कहते हैं वह अग्रित होकर प्रकाशित रहता है।

हमारे यहाँ दो प्रकार के सिद्धान्त हैं। बेटाकोई तो यह स्वीकार करता है कि ! चतुर्थ मास के पश्चात माता के गर्भस्थल में जीव आता है। कोई यह स्वीकार करता है कि प्रारम्भ में ही आ जाता है परन्तु इसमें भञ्जू मुनि का और शाण्डलय जो का सिद्धान्त कुछ और है मुदगलजी और दधीचि जी के सिद्धान्तों में मतभेद हो जाता है परन्तु दोनों के मतभेदों का निमटारा करने के लिए दर्शन यह कहता है कि गृह के निर्माण करने के लिए गृह के स्वामी की आवश्यकता होती है। इसीलिए यदि गृह का स्वामी उसमें विराजमान हो जाता है तो गृह का निर्माण हो जाता है क्योंकि जो चेतना है उस चेतना के अग्रित हो तो मानो देखो, उसकी उज्वल क्रिया कि उर्ध्व गति हो जाना, निम्न गति हो जाना यह सब देखो, मानव चेतना के आश्रित रहने वाला एक उपदेश है, आदेश है। इसीलिए हमारे यहाँ देखो, तृतीय जो मास होता है उसमें मानो पूर्णतया आकार बनकर माता के गर्भस्थल में ज्यों का त्यों स्थित हो जाता है। इस समय हमारे यहाँ ऋषि मुनियों ने एक वाक्य कहा है कि उस समय उन्नयन नाम का संस्कार करना चाहिए। 2 उन्नयन नाम का संस्कार उसे कहते हैं जहाँ अपने अपने में स्वयं अभिमानी बन कर सुदृढ़ हो जाता है। उस समय पति पत्नि को संकल्प वादी बन जाना चाहिए। माता और पिता दोनों को संकल्प वादी बन करके देखो, माता चतुर्थ मास में क्योंकि बुद्धि का निर्माण होता है बुद्धि के तन्तु बनते हैं इसीलिए माता को गायत्राणी छन्दों का पठन अति अनिवार्य है। यदि दर्शनों का सिद्धान्त हो तो बहुत ही ऊँचा है। क्योंकि जिस प्रकार माता मन्दालसा को उसका ज्ञान था। मैं इस सम्बन्ध में कोई अधिक विचार नहीं देना चाहता। पञ्चम मास में ओज की उत्पत्ति होती है क्योंकि ओज का जो अद्वत है उसका सम्बन्ध सूर्य से होता है और सूर्य से मानो देखो, प्राण घृत की प्राप्त करता है जिसको

हम रुद्द कहते हैं। उस अग्नि को प्राप्त करने वाली केवल माता ही होती है देखो, पचम मास में बालक को ओज की प्राप्ति होती है। उस समय माता को चाहिए कि वह ओज के लिए उपासना करे। अर्थात् ओज किस प्रकार और कैसे उत्पन्न होता है उसी प्रकार का आहार व्यवहार होना चाहिए यहाँ ऋषि मुनियों ने इस विषय पर बहुत सी टिप्पणियां की हैं। कुछ टिप्पणियां ऐसी हैं कि माता का कैसा आहार होना चाहिए? कैसा व्यवहार होना चाहिए वार्त्ता करने में कैसे विचार होने चाहिए। दर्शन को कितना विचारा जाए। देखो, जो संस्कार है इससे माता का गर्भाशय महान पवित्र बनता चला जाता है।

ऐसा ऋषि कहते हैं कि छटे मास में मन की जो धारा है जिसको सोनि नाम को धारा कहते है उसका प्रकृति से प्रादुर्भाव होता है वह उस मन के साथ में और आत्मा के साथ में उसका निदान किया जाता है। मन और प्राण दोनों को सन्धि कर दी जाती है, दोनों का अविच्छेद कर दिया जाता है। उस समय माता के गर्भस्थल में वह बालक अपनी कुछ क्रीड़ 2ा तो नहीं परन्तु वह किसी किसी काल में जल में एक आनन्द को ग्रहण करता रहता है। कहीं यदि माता के गर्भ में जल की थैली में कहीं छेंद हो जावे तो माता ही जीवित रहती है और न ही बालक जीवित रहता है। इसीलिए इसकी रक्षा करना माता का बहुत कर्त्तव्यहलाया गया है। इसीलिए इस पर मानव को प्रायः बल देना चाहिए। देखो, इस बालक के पूर्व पुरुष और माता दोनों को ब्रह्मचारी तो रहना ही चाहिए, क्योंकि यदि ब्रह्मचारी नहीं होंगे तो शुक्रत की हानि होती रहेगी और जो शुक्रत है वह अनाक्रतियों को प्राप्त होता रहता है इसीलिए मैं इस सम्बन्ध में बेटा ! अधिक चर्चा प्रकट नहीं करना चाहता। मैं आयुर्वेद का कुछ सिद्धान्त और विचार ले कर चला हूँ।

इसके पश्चात् सप्तम मास आता है इसमें बालक परिपूर्ण हो जाता है इसकी सब क्रियाएं उज्ज्वल हो जाती हैं। उस समय माता को चाहिए कि प्रभु से आराधना करती हुई गायत्राणी छन्दों का जप करती हुई चन्द्रमा के दर्शन करने चाहिए। क्योंकि चन्द्रमा सोमन है। इसीलिए सप्तम मास में सोम की उत्पत्ति हुआ करती है। सोम हो अपना जीवन देता है उस समय चन्द्रमा की उपासना करनी चाहिए। हमारे यहाँ ऋषि मुनियों

का तो ऐसा विधान है अथवा आयुर्वेद यह कह रहा है कि माता को चन्द्रमा की कान्ति नग्न होकर ग्रहण करनी चाहिए, क्योंकि हमारे शरीर में जो द्वार है उन प्रत्येक द्वार से चन्द्रमा की कान्ति को ग्रहण करना चाहिए। यह सर्वत्रा कर्मकाण्ड गर्भाशय का कर्मकाण्ड कहलाया गया है। इसी प्रकार अप्रुत उस काल में यदि माता के गर्भस्थल से वह बालक दूरी भी हो जाता है तो बालक जीवित रह जाता है क्योंकि उसको सब गुण उपलब्ध हो जाते हैं।

अष्टम मास जब आता है तो अष्टम मास से ऐसा स्वीकार किया गया है कि उस मसय चन्द्रमा का जो सोम्य है वह शान्त हो जाता है। उस समय सूर्य का अपना प्रकाश होता है, सूर्य की जो व्यास रेधनि, पातञ्जलि, क्रेनकेतु आवरण नाना प्रकार की जो क्रान्ति होती है, माता की नसनाड़ियों में उसका प्रवाह होता है। माता के ब्रह्मरन्ध्र में सूर्यकेतु नाम की नाड़ी होती है उस नाड़ी में से तीन धाराएं चलती हैं, व्यास, पातञ्जलि और सूर्य। उनसे तीन तीन धाराएं बनती हैं, जिसे हमारे यहाँ रेधनि वैश्णाव, प्रीतिका, आभ्यन्ता नद्मानि, सौभग्नि, आम केतु, परन्तु उन का प्रायः उन नाड़ियों से विशेष सम्बन्ध होता है और उन नाड़ियों का सम्बन्ध माता के हृदय से होता है। इसीलिए देखो, माता के गर्भ से अष्टं मास में हृदय का, पाना, माता का हृदय और बालक के हृदय का, दोनों का निदान किया जाता है। दो के निदान में यदि इस समय माता के हृदय से बालक दूरी हो जाए तो माता के बालक की मृत्यु हो जायगी, क्यों हो जाती है उस का मूल कारण यह है कि माता के हृदय और उसके हृदय का विच्छेद अभी पूर्णातया नहीं हुआ क्योंकि हृदय के विछेद न होने के कारण हृदय की गति सूक्ष्म रहती है, सूक्ष्म रहने के कारण होते ही माता के गर्भ से उस बालक के हृदय की गति शान्त हो जाती है नवम मास जब आता है बेटा नवै मास में वह गर्भाशय पूर्ण हो जाता है। कैसा पूर्ण होता है जैसे ! पूर्णिमा का चन्द्रमा सम्पूर्ण कलाओं से सम्पन्न होता है इसी प्रकार माता का गर्भाशय उस समय पुनीत पवित्र हो जाता है। दिवस को महान आयु होती है। 9 मास और 9 माता के गर्भ के बेटा !9 मास दिवस इसलिए निश्चित किए हैं कि उस समय देखो 9, हमारे यहाँ द्वारों प 9 द्वार माने हैं और 9र हो देवता होता हैं 9, ही ऋषि होते हैं। 9

द्वार है। उन का जो मार्ग 9 द्वार होते हैं वह ही आत्मा के जाने के 9 बालक के जो मार्ग सुन्दर स्वस्थ बन जाते 9 के 9 दिवस में स्पष्ट हो जाता है और वह 9 है वह हैं उन में एक रेधनी नाम की वायु होती है और प्रोतिका नाम की प्ृाणा शक्ति होती है जिसे विद्युत कहते हैं जो द्यौ लोक से आती है वह मानव की जो इन्द्रियाँ हैं, यह जो द्वार कहलाते हैं इन द्वारों को स्वच्छ बनाती हुई माता के गर्भ में उस समय 9 बालक का जन्म होता है ऐसा हमारे यहाँ आयुवेद ने माना है !बेटा, परन्तु मैं आयुर्वेद के सम्बन्ध में कहाँ तक चर्चा करूं, आयुर्वेद तो एक महान वेद है, आयु का वेद है। आयु देने वाला है परन्तु माता को कितना विज्ञान चाहिए, उसको विचारने के लिए कितनी महानता चाहिए क्योंकि माता को अपने जीवन में मुनिवरोंदेखो !, बालक को जन्म देने के लिए तप की तो आवश्यकता रहती ही है। क्योंकि तप के बिना कदापि महान बालक उत्पन्न नहीं होता। यों तो बेटा संसार में कीड़ों को जन्म माता प्रायः ! देती रहती हैं। परन्तु जहाँ कनाद और गौतम, भगवान कृष्णा और राम और जमद्गि इत्यादियों का जहाँ जन्म होता है, उन माताओं का हृदय तो तपाप हुआ होता है ब्रह्मचर्य से तपा हुआ होता है परन्तु देखो, ब्रह्मचारी भी मानो अपने हृदय को स्वच्छ बना सकता है। हृदय की महान बनाता है। इसीलिए देखो, यहाँ मानव ऐसा नहीं है परन्तु यहाँ संसार में बहुत कुछ विचार विनियम करने की आवश्यकता है। बाल्यकाल से लेकर जब माता तपस्वनी बन जाती है ब्रह्मचरिणी बन जाती है, ओज की रक्षा करती है तो पूर्ण युवती हो जाने पर उस माता को किसी प्रकार का रुग्ण भी नहीं होता। इस प्रकार का आयुर्वेद में जो विधान आता है। मैंने आयुर्वेद की कुछ टिप्पणियां की हैं। आयुर्वेद के ऊपर बेटामैंने अपना लेख भी वर्णन क !िया है।

मेरे महानन्द जी ने कहा कि प्रभु यह तो मेरे आँगन में आ गया है परन्तु क्या जब सप्त मास में बालक की उत्पत्ति होती है तो क्या उस समय द्वारों का निर्माण नहीं होता 9? वह दिवस कहाँ चले जाते हैं 9 मास और 9? उस समय मैंने कहा कि हे पुत्रा यह श्रेष्ठ बालक को जन्म देने का मैंने निर्माण किया उसी के विषय में कुछ अपनी चर्चाएं की हैं जो अप्रेतों में मैंने इनकी चर्चाओं को नहीं किया है। रहा यह वाक्य कि प्रकृति

का जो विधान है, मेरे प्यारेप्रभु का जो विधान है !, जो वैज्ञानिकता है, मैंने उसकी संक्षिप्त चर्चाएं की हैं। परन्तु आयुर्वेद में मुनिवरों ऐसा हमारे यहाँ माना है कि रुग्ण ! के लिए नाना प्रकार से रोगी हो जाना मानव के लिए सुन्दर नहीं है परन्तु मानव को अपने शरीर की रक्षा करने के लिए नाना प्रकार के निदान की आवश्यकता होती है। उसमें नाना प्रकार की वायु को जानने की आवश्यकत ा होती है। वहाँ जो वायु है वह नाना प्रकार की अन्तरिक्ष में रमण करती रहती है, द्यौ लोक में रमण करती है। बेटा ! वायु के विषय में बहुत कुछ उच्चारण किया जा सकता है परन्तु विचार विनिमय केवल इतना है कि मानव को यह विचारना है कि माता के गर्भस्थल में इतने दिवस तक इस ी प्रकार इसमें श्रेणियां होती हैं। माता के गर्भस्थल में श्रेणियां होती हैं, मानो दैव्य भी इसी से मानव भी इसी से, देवता भी, ऋषी मुनि भी, साधारण कीड़े की भान्ति मनुष्य भी माता के गर्भस्थल से उत्पन्न होते हैं। जो माता अज्ञान में रमण करती रहती है, जिन्हें ज्ञान नहीं होता, जिन्हें प्रकृति का ज्ञान नहीं होता उनके यहाँ अशुद्धियों में माता प्रायः रमण करती रहती है।

बेटा हमारे यहाँ जब मुनियों के जन्म होते थे तो माताएं प्रायः आयुर्वेद का अध्ययन ! करतीं यह माता के लिए अनिवार्य था जिससे माता का जीवन सर्व श्रेष्ठ बनता चला जाए। परन्तु रहा यह वाक्य ऐसा जो बालक होता है, ऐसा बालक देखो, मुनिवरों ! मन्सा पापी नहीं होता, ऐसा बालक दुर्व्यवहारी नहीं होता। ऐसा बालक देखो, माता के गर्भ को और अपने जीवन को पवित्र बनाने वाला होता है। कनाद और व्यास की भान्ति ही वह अपने जीवन को पवित्र बनाने वाला होता है। इसलिए बेटा जो मानव संसार ! में मन्सा पापी होती हैं, जिन्हें विचार नहीं होता उन के मात संस्कार अशुद्ध होते हैं। संसार में तीन प्रकार के संस्कार मानव ले करके आता है। सब से प्रथम संस्कार मानव के पूर्व जन्म के होते हैं दूसरे संस्कार माता के पैतृक संस्कार होते हैं और तीसरे संस्कार मानव समाज के होते हैं, वातावरण के होते हैं। इसीलिए तीन प्रकार के संस्कार मानव के होते हैं। इसमें आयुर्वेद कहता है कि मानव के यह तीनों संस्कार बड़े सौभाग्य शाली प्राणी को प्राप्त होते हैं। पूर्व जन्म का संस्कार भी पवित्र हो, माता पिता का संग भी

पवित्र ही अपना मित्रा मण्डल भी पवि ा हो तो वह मानव तो बड़े सौभाग्य शाली. होते हैं परन्तु इनमें से यदि मानव के पूर्व जन्म के संस्कार श्रेष्ट है, माता के पैतृक संस्कार सुन्दर नहीं हैं तो वह संस्कार कुछ जब जाते हैं और कुछ समय के पश्चात उनका प्रदूभाव होता है। परन्तु कुछ ऐसे होते हैं जिनका सामाजिक पद्धतियों में, सामाजिक जो विचार होता है समाज जो होता है जहाँ मित्रा मण्डल अशुद्ध होता है वह दुरात्मा ही होता है तो माता के पैतृक संस्कार, समाज का अशुद्ध जो वातावरण है उसमें बहुत हही ऐसे विरले होते हैं जो समाज में जाकर वह अपनी पद्धति से दूर चले जाते हैं। ऐसे प्राणी सूक्ष्म होते हैं। इसलिए माता के पैतृक संस्कार पवित्र होने चाहिए क्योंकि संसार में दुराग्रह और दुराचार करना यह मानव का कर्त्तव्य नहीं है इसमें मानव की जीवन की हानियां होती हैं जिससे वायुमण्डल प्रकृतिवाद अशुद्ध हो जाता है।

आज हमें यह विचारना है कि कैसे प्रत्येक वाक्य पर अपनी बुद्धि से विचार विनिमय करना है। ऋषि ऐसा कहते हैं कि मानव को अपनी जीवन की धाराओं की लेखनी बद्ध करना चाहिए परन्तु जिस समय ढ्षि अपनी लेखनी बद्ध करते हैं लेखनी बद्ध करने से यह विचार लेते हैं कि शुद्ध विचारों की लेखनी बद्ध करना है वे मानव बड़े सोभाग्यशाली होते हैं ऐसे मानव बिरले ही होते हैं। अन्यथा मानव अपने जीवन की महान से महान भूल को लेखनी बद्ध कर देते हैं। मुनिवरों! देखो, मैं अधिक चर्चा प्रकट नहीं करने ! आया। वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय यह है कि हमें विचारना है। हम इन वाक्यों पर और टिप्पणी किसी काल में करेंगे। आज का समय इतना आज्ञा नहीं दे रहा। आज का विचार केवल यह है कि अपना गृह आसन तथा वातावरण पवित्र तब बनेगा जबकिहमारे द्वारा मन्सा पाप नहीं होगा, हमारे पास अशुद्ध वाक्य नहीं रहेगा। अशुद्ध वाक्य उन प्राणियों के हृदय में होता है जो रसना के और लिंग के पुजारी होते हैं, सुन्दरी के पुजारी और अविद्या के पुजारी होते हैं। उनके यहाँ का वातावरण सदैव अशुद्ध रहता ही है। इसीलिए यह दोनों पूजनीय नहीं होने चाहिए। पूजन और ही होने चाहिए। व्यापकता का पूजन होना चाहिए जिससे इस संसार में एक महानता का प्रसार होता रहे, यह समाज और वातावरण पवित्र बनते रहें। इसीलिए हमारे यहाँ बेटा यज्ञ को !

श्रेष्ठ माना है, क्योंकि यज्ञ का वातावरण भी माता के गर्भाशय से ही यज्ञ की उत्पत्ति होती है। इसीलिए आज हमें विचारना है, हमें इन वाक्यों पर बहुत विचार विनियम करना है। आओ मेरे प्यारे ऋषिवर मैं आज यह वाक्य प्रकट करने चला गया। मैं यह ! दिवस तक ही क्यों उत्पन्न होते 9 मास और 9 वाक्य उच्चारण कर रहा था कि हम हैं। इसकाअभिप्राय यह कि प्रत्येक प्रवृत्तियों का निर्माण प्रत्येक मास में होता है इसीलिए द्वार होते हैं अष्टचक्र होते हैं इनका निर्माण इतने ही समय में होता 9 इन वार्त्ताओं की अधिक चर्चा नहीं देना चाहता हूँ। वाक्य उच्चारण !रहता है। अब मैं बेटा करने का अभिप्राय यह है कि माता को आयुर्वेद का ज्ञान होना चाहिए और पवित्र वाद होना चाहिए मानव के द्वारा ऐसी पवित्राता होनी चाहिए जिस पवित्राता से हमारे जीवन में महान धाराओं का जन्म होता है जिससे हमारे जीवन का एक महान मौलिक रहस्य, एक मात्रा जीवन का एक मौलिक रासनिकता का एक रहस्य कहलाया गया है। यह है बेटा आज का वाक्। !

मैं क्या कहा करता हूँ कि बेटा संसार में यदि हमें कुटुम्ब बनाना है तो माताओं को ! जगत का कुटुम्ब बनाना है और ऐसे बालक को जन्म देना चाहिए कि जहाँ जाए अपनी और अपनी माता की कुशलता को सदैव जानकारी में लाने वाला हो। वह जगत म ाता बन जाती है। वह व्यक्ति की माता है जहाँ बालक जाता है, मानो बुद्धिमान जाता है वहीं माता की कुशलता बेटा मुझे स्मरण आता रहता है जब मैं आयुर्वेद का अध्ययन ! प्रकार के यज्ञों का कर्मकाण्ड 64 करने के पश्चात दर्शनों का अध्ययन करने के पश्चात का अध्ययन करने के पश ्चात जब मैंने सर्वस्व राष्ट्र में भ्रमण किया परन्तु जहाँ जाता वहाँ माता और मेरी दोनों की कुशलता को स्वीकार किया जाता, तो मेरी माता जगत माता बन गई। केवल एक पिता ही ऐसा पुरुष रह गया कि जो उसका पति था अन्यथा सर्वज्ञ की माता ही माता थी, इसीलिए सयोग्य माता की यही कुशलता (निपुणता) होती है। विचारक पिता की यही कुशलता होती है कि उनका नामोकरण संसार में आज का वाक्। अब मैं इन वाक्यों को !कितना विशाल बन जाता है। यह है बेटा

विराम दे रहा हूँ।

वाक्य उच्चारण करने का अभिप्राय क्या कि हमें विचारना है कि यदि हम वातावरण और प्रकृति के आधार पर अपने जीवन का निर्माण करने वाले बनेंगे तो यह समाज पवित्र बन जाएगा। यह विज्ञान पवित्र बन जाएगा। इसमें क्या विशेषता है? वेद हमें आयु देने वाला है, पवित्राता का प्रसारण करने वाला है। मुनिवरोंदेखो !, मुझे समय मिलेगा तो बेटामैं चर्चाएं करूंग !ा जब आयुर्वेद का कोई वाक्य आयेगा कि किस मास में 2 से अन्न 2 मास में कौन 2 माता को कौन कौन सा आहार करना चाहिए और किस का पान करना चाहिए? तो इसका मैं संक्षिप्त सा परिचय देता रहता हूँ वह परिचय यह है कि प्रारम्भ मास में माता को प्रायः अप्रेत मधुर वस्तुओं का पान करना चाहिए मधुर जितने द्रव्य होते हैं, उनका आहार करना चाहिए और मधुरता के साथ में कुछ कसैले पदार्थ उसमें मिश्रित होने चाहिए और द्वितीय मास में रसदायक पदार्थ होने चाहिए जैसे वनस्पतियों का रस है जैसे मानो शेल खण्डा है, संखाहोली है सोमभानि है ब्रह्मकेतुनी है इन चारों औषधियों का रस ले लेना चाहिए और इनका दस सांयकाल को इनको जल में अप्रेत करके चन्द्रमा की क्रान्ति में अस्वत कर देना चाहिए और प्रातः काल इसका पान करना चाहिए और तृतीय मास में कुछ उष्ण औषधियां होनी चाहिए, जैसे संखाहोली होती है, सामभूमि होती है, रामभानि होती है इन औषधियों को अग्नि में तपाकर इनको पान करना चाहिए। इसी प्रकार चतुर्थ मास में जिन औषधियों से बुद्धि की वृद्धि होती है जैसे हमारे यहाँ सहदेई, होती है, शंखानि होती है, चाक्रानि होती है गली होती है इनका रस बना कर माता को पान करना चाहिए। इसी प्रकार पञ्चम मास है इसमें चन्द्रमा की सूर्य की किरणों में तपाया हुआ जल होना चाहिए, कैसे पदार्थ होने चाहिए, गोमूत्रा लेकर के उसको अग्नि में तपाकर के उसमें कुछ द्रव्य पदार्थ होने चाहिए, कैसे हों? मानो देखो, केशधानी होती है, सहानी होती है, चंपानी होती है, तेलकेतु के पुष्प होते है उन्हें अग्नि में तपाकर के पान करना चाहिए। ऐसी जब माताएं होती है, वे अपने गर्भ से ऋषि को जन्म देती है इसी प्रकार छटे मास में जैसे खेलहानिनी होती है और चंपानी होती है, जैसे क्रान अन्तु, साननेतु इनका रस इनको अग्नि में तपाकर

के इनकी स्यायी बनाकर के इनको मिष्ठान में साग बनाकर गो घृत सहित इसको गोदुग्ध के साथ पान करना चाहिए। इसी प्रकार सप्त्म मास में जैसे हृदय ग्राही औषधि होती है हृदय ग्राही कौन सी औषधि होती है, जिससे हृदय का सुन्दर निर्माण होता है। वे हृदय ग्राही औषधियां जैसे गोकलु होते हैं (गोखरु), गोग्रिनी होती है, पापड़िक औषधि होती है इन तीनों औषधियों को लेकर (पिन पाप), गो दुग्ध होता है, उनको छाया में सुखाकर छाया में शुष्क करने के पश्चात सूर्य के साथ में इनको खरल करके इनको पान करके इससे सप्तम मास में जो पूर्ण होता है, उससे पूर्ण होता चला जाता है। इसी प्रकार अष्टम मास में माता को स्वाद केतु का जल वर्षा का जल होना चाहिए उसको अग्नि में तपा कर के उसमें नाना द्रव्य होते हैं, जैसे मनक्रन होते हैं, मानो क्रीण केतु होती है, जो द्रव्य होते हैं मानो मेवाएं होते हैं इनको पान करना चाहिए, इससे हृदय पवित्र होता है और हृदय विशाल होता है। बेटा !9 मास में तो देखो, अन्न की बड़ी अस्त होनी चाहिए जैसे चावल है, मानो जैसे तन्दुल हैं परन्तु तन्दुल को तपा करके तन्दुलों को अप्रेत बनाकर के उसमें नाना प्रकार की क्रीणी होती है, अनेक नेतु होती हैं उसमें गो घृत होता है उस पात को पान करना चाहिए बेटा दिवस 9 अब वह ! औषधियों का ही पान करना चाहिए। जितने !दिवसों में तो बेटा 9 बचते हैं। उन औषधियों का रस प्रत्येक दिवस में पान करना चाहिए। इससे 2 नौ मास में जिन उस पात का पान करना चाहिए।

यह कार्य किसने किया? यह महर्षि वशिष्ट मुनि की जो माता सौमभूमि थी, मुनिवरों ! यह सब उसी ने किया था, उन्हीं का निर्माण किया हुआ एक वाक्य है जो मैंने आज बेटा तुम्हें वर्णन किया। महर्षि वशिष्ट मुनि महाराज का निर्माण इन औषधियों द्वारा ! ही हुआ था। इन्हीं विचारों से पनपा गया। परन्तु इस प्रकार यह मैंने इस विज्ञान की चर्चा की। मैंने अधिक चर्चा प्रकट नहीं करनी है क्योंकि यह विज्ञान तो इतना विशाल है वार्त्ता में से वार्त्ता आती रहती है परन्तु देखो, इन औषधियों के गुण मैं किसी काल में प्रकट करूंगा। क्योंकि समय आज्ञा नहीं दे रहा है। आज का वाक् अब समाप्त होने जा रहा है। अब वेदों की पाठ होगा। मुनिवरों इसमें बहुत सी टिप्पणियां और रह !

गई हैं, किसी काल में प्रकट करूंगा अब आज